राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 184, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली गुरुवार 18 जनवरी 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दिल्ली सरकार छह शहीद जवानों के परिवार को देगी एक-एक करोड़ की सम्मान राशि .... पेज 03

सरयू की पवित्र मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी 'राम ज्योति' .... पेज 05

वेस्टइंडीज पहले दिन में 188 रन पर ढ़ेर, ऑस्ट्रेलिया दो विकेट पर 59 रन .... पेज 07

## कोरोना : 24 घंटे में मिले 269 नए मामले; तीन की मौत

नई दिल्ली। देश में कोरोना के मामले कम नहीं हो रहे हैं। बीते 24 घंटे में कोरोना के मामलों में फिर से इजाफा हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में 269 नए मामले सामने आए हैं। इसके अलावा तीन लोगों की मौत हुई है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में मंगलवार को 180 नए केस मिले थे और महाराष्ट्र में तीन लोगों की मौत हुई थी, जबकि देश में आज 269 नए केस सामने आए हैं। इसके अलावा केरल में दो और महाराष्ट्र में एक मरीज की जान गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, देश में एक्टिव केसों की संख्या में कमी आई है। देश में एक्टिव केस 2,556 है। बता दें कि बीते साल 31 दिसंबर को देश में 841 नए केस मिले थे। जो मई 2021 के बाद सबसे अधिक थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि कुल सक्रिय मामलों में से लगभग 92 प्रतिशत लोग होम आइसोलेशन में ही ठीक हो रहे हैं। वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि जेएन.1 सब-वेरिएंट न तो नए मामलों में तेजी से वृद्धि कर रहा है और न ही अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर में वृद्धि हुई है।

## 'राम' नाम वाले 354 रेलवे स्टेशनों पर होंगे दीये रोशन

नयी दिल्ली। भारतीय रेलवे ने 21 और 22 जनवरी को देश के ऐसे 354 स्टेशनों को दीयों से रोशन करने की योजना बनाई है, जिनके नाम में राम या सीता जुड़ा है। रेलवे बोर्ड के सूत्रों के मुताबिक देश में कुल 8911 रेलवे स्टेशनों में से 354 स्टेशन ऐसे हैं जिनके नाम में राम जुड़ा हुआ है और उनमें से 55 स्टेशन ऐसे हैं जिनके नाम के प्रारंभ में राम नाम जुड़ा है। इनमें उत्तर प्रदेश के रामपुर से लेकर तमिलनाडु के रामेश्वरम तक शामिल हैं। इसी तरह से 12 स्टेशनों के नाम में सीता जुड़ा है जैसे उत्तर प्रदेश का सीतापुर, बिहार का सीतामढ़ी आदि।

# मणिपुर के मोरेह में सुरक्षाबलों पर हमला, 3 लोगो की मौत

### उपद्रवियों ने पुलिस चौकी पर बम फेंके, राज्य सरकार ने केंद्र से हेलिकॉप्टर मांगे



इम्फाल। मणिपुर के मोरेह इलाके में बुधवार (17 जनवरी) की सुबह उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों की गाड़ी पर हमला कर दिया। इसमें दो जवानों की मौत हो गई। इसके अलावा एक कुकी समुदाय की महिला की जान चली गई। हमलावर कुकी समुदाय के ही जा रहे हैं। हमले में 3 जवान गंभीर रूप से घायल हुए हैं। फिलहाल उनका इलाज जारी है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार सुबह मोरेह में सुरक्षाबलों और उग्रवादियों के बीच तीन अलग-अलग जगहों पर मुठभेड़ हुई। उपद्रवियों ने मोरेह एसबीआई के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की। उग्रवादियों ने अस्थायी कमांडो पोस्ट पर गोले भी दागे, जिससे आसपास खड़े कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। फिलहाल तेंगनौपाल जिले में कर्फ्यू लगा है।

मोरह में लगातार जारी हिंसा को देखते हुए राज्य सरकार ने केंद्र से मदद मांगी है। कमिश्नर होम टी रंजीत सिंह ने मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के एडिशनल सेक्रेट्री को लेटर लिखा है। उन्होंने कहा कि यहां हालात बिगड़ते जा रहे हैं। किसी भी वक्त मेडिकल इमरजेंसी बढ़ सकती है। इसलिए हेलिकॉप्टर दिए जाएं।

#### एसडीपीओ की हत्या में हुई गिरफ्तारियों का विरोध

पुलिस के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में मोरेह के एसडीपीओ रहे आनंद सिंह चौधरी की हत्या कर दी गई थी। 15 जनवरी को इस मामले में दो संदिग्ध फिलिप खोंगसाई और हेमोखोलाल मटे को गिरफ्तार किया गया। इनकी गिरफ्तारी का स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं।

#### कई संगठन भी विरोध में आए

दोनों आरोपियों को ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जहां से उन्हें 9 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया है। इनके पास से एक पिस्तौल, एक चीनी हथगोला, दस जिंदा कारतूस और दस डेटोनेटर जब्त किए गए थे। स्थानीय लोगों ने इन दोनों की रिहाई की मांग करते हुए मोरेह पुलिस स्टेशन के सामने विरोध प्रदर्शन भी किया था।

कुकी इनपी तेंगनौपाल , चुराचांदपुर जिला स्थित इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम और कांगपोकपी जिला स्थित कमेटी ऑन ट्राइबल यूनिटी ने दोनों की गिरफ्तारी का विरोध किया है। सभी का कहना है कि इन दोनों का एसडीपीओ आनंद सिंह की हत्या से कोई संबंध नहीं है।

#### मणिपुर हथियार लूट मामले में सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की

केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने 4 मई 2023 में मणिपुर पुलिसकर्मियों से हथियार और गोला-बारूद लूटने के मामले में बुधवार (17 जनवरी) को 5 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

सीबीआई के मुताबिक, गुवाहाटी के कामरूप (मेट्रो) चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट के सामने चार्जशीट पेश की गई। उन्होंने आगे कहा कि सीबीआई ने जून 2023 में यह मामला मणिपुर पुलिस (इंफाल पूर्व में हिंगांग पुलिस स्टेशन) से अपने हाथ में लिया था।

#### मणिपुर में अब तक 200 से ज्यादा मौतें, 1100 घायल

राज्य में 3 मई से कुकी और मैतेई के बीच जारी जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। 1100 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। राज्य में अब तक 65 हजार से अधिक लोग अपना घर छोड़ चुके हैं। 6 हजार मामले दर्ज हुए हैं और 144 लोगों की गिरफ्तारी हुई है।

# दिल्ली में 170 फ्लाइट्स कोहरे से प्रभावित

### दिन में जम्मू-शिमला से ज्यादा ठंडा पटना; पंजाब-हरियाणा में शीतलहर, 5 राज्यों में बारिश



नई दिल्ली। देश के 17 राज्यों में बुधवार क सुबह कोहरे के साथ हुई। दिल्ली में पारा 4 दर्ज किया गया। यहां पर हवाई और रेल यातायात प्रभावित है। दिल्ली एयरपोर्ट पर 170 फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। इनमें दोनों डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स शामिल हैं। दिल्ली पहुंचने वाली 20 ट्रेन भी देरी से चल रही हैं।

मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली एनसीआर, हरियाणा, पंजाब में 18 जनवरी तक घने कोहरा और शीतलहर की स्थिति बनी रहेगी। रेड अलर्ट जारी किया गया है।

यूपी-बिहार में भी 18 जनवरी तक यूपी-बिहार में शीतलहर और कोहरे के लिए अलर्ट है। एमपी और उत्तराखंड में 17 जनवरी को कोहरा रहने का अनुमान है। सिक्किम, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश सहित नॉर्थ-ईस्ट के राज्यों में कोहरे के साथ-साथ आज बारिश की संभावना है।

बढ़ती ठंड के बीच लखनऊ में 8वीं तक निजी और सरकारी स्कूल 18 जनवरी तक बंद रखने आदेश जारी किए गए हैं। 9वीं से लेकर 12वीं तक के स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक संचालित रहेंगे।

बिहार के पटना में दिन जम्मू और शिमला से भी ठंडा रहा है। पटना में दिन का अधिकतम तापमान जहां 13.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, वहीं जम्मू में दिन का तापमान 16.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# इंडिगो पर 1.20 करोड़, एमआईएएल पर 60 लाख रुपए का जुर्माना लगा

### ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी का एक्शन, पैंसेंजर्स ने एयरपोर्ट टरमैक पर डिनर किया था



नई दिल्ली। इंडिगो की गोवा से दिल्ली जा रही फ्लाइट 6ई 2195 के पैसेंजर्स ने रविवार (14 जनवरी) को मुंबई एयरपोर्ट के टरमैक पर बैठकर डिनर किया था। इस मामले में ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी ने इंडिगो पर 1.20 करोड़ रुपए जुर्माना लगाया है। वहीं मुंबई एयरपोर्ट ऑपरेटर मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड पर 60 लाख रुपए जुर्माना लगाया है। घटना को लेकर एविएशन रग्यूलेटर डीजीसीए ने भी एमआईएएल पर 30 लाख रुपए जुर्माना लगाया है।

रविवार को इंडिगो की गोवा से दिल्ली जा रही 6ई 2195 फ्लाइट पहले तो 12 घंटे की देरी से उड़ी। फिर दिल्ली जाने के बजाय फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। बताया गया कि सुबह 10: 45 बजे की फ्लाइट रात को 10: 06 बजे गोवा एयरपोर्ट से उड़ी।

घने कोहरे के चलते विमान एक घंटे बाद रात करीब 11: 10 बजे मुंबई एयरपोर्ट पर उतरा। इंडिगो एयरलाइंस के मुताबिक, पैसेंजर्स को मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने को कहा गया, इससे उनका गुस्सा और बढ़ गया। पैसेंजर्स ने टर्मिनल बिल्डिंग की ओर जाने से इनकार कर दिया और विमान से उतरकर एयरक्राफ्ट पार्किंग (टरमैक) में ही बैठ गए।

इसके बाद पैसेंजर्स वहीं पर खाना खाने लगे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो वायरल हो गया। वीडियो में पैसेंजर्स एयरक्राफ्ट पार्किंग में टरमैक पर बैठकर खाना खाते हुए नजर आए। 15 सेकेंड के इस वीडियो में पैसेंजर्स के पीछे रनवे पर अन्य फ्लाइट्स को उड़ान भरते भी देखा गया।

#### यात्रियों की सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों ने एयरलाइंस के मैनेजमेंट और पैसेंजर्स की सुरक्षा को लेकर सवाल उठाए ।विवाद बढ़ता देख इंडिगो एयरलाइंस ने माफी मांग ली। हालांकि सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मुंबई एयरपोर्ट अथॉरिटी और इंडिगो को मामले में नोटिस जारी किया था।

#### टरमैक क्या होता है

एयरपोर्ट पर जिस जगह एयरक्राफ्ट की पार्किंग होती है, उसमें सामान की लोडिंग और अनलोडिंग होती है। उसे टरमैक कहा जाता है। इस जगह पर पैसेंजर्स की मौजूदगी सुरक्षा में चूक का मामला माना जाता है।

# राजस्थान में एक बार फिर आरक्षण आंदोलन

### धौलपुर-भरतपुर के जाटों ने डाला महापड़ाव



भरतपुर। राजस्थान में एक बार फिर आरक्षण को लेकर आंदोलन शुरू हो गया है। भरतपुर-धौलपुर के जाटों को केंद्र में आरक्षण की मांग को लेकर जाट समाज ने बुधवार से भरतपुर के जयचौली रेलवे स्टेशन के पास महापड़ाव डाल दिया है। सरकार को 22 जनवरी तक का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर मांग पूरी नहीं हुई तो पटरियां उखाड़ने, ट्रेनें रोकने और हाईवे जाम करने की चेतावनी दी है।

भरतपुर-धौलपुर जाट आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक नेम सिंह फौजदार ने कहा- 7 जनवरी को डीग के जनूथर में हुंकार सभा में केंद्र सरकार को 10 दिन का समय दिया गया था। सरकार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। आज से दिल्ली-मुंबई रेलवे ट्रैक के पास जयचौली में महापड़ाव डाला गया है। दूसरा महापड़ाव बेडम गांव (भरतपुर) और तीसरा रारह (भरतपुर) में होगा।

# तमिलनाडु : जल्लीकट्टू में दो दर्शकों की मौत, 100 से अधिक घायल



शिवगंगा (तमिलनाडु)। तमिलनाडु में पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में आयोजित किये जाने वाले जल्लिकट्टू और मंजूविरट्टू (बैल दौड़) कार्यक्रमों में सांडों की चपेट में आ जाने से एक बारह वर्षीय लड़के सहित दो दर्शकों की मौत हो गयी जबकि दर्शकों तथा सांडों को काबू करने वालों सहित डेढ़ सौ से अधिक लोग घायल हो गए।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शिवगंगा के मंजुविरट्टू अखाड़े में आए सांडों में से एक ने लड़के की जान ले ली जिसकी पहचान के.वलायपट्टी गांव के रहने वाले भास्करन (12) उर्फ राहुल के रूप में हुई है।

एक अन्य व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 35 वर्ष है जिसकी पहचान अभी तक कायम नहीं की जा सकी है, उसकी मृत्यु उस समय हो गयी जब वह वह कार्यक्रम देख रहा था और एक क्रूर बैल ने उसे मार डाला। मामूली रूप से घायल लोगों का इलाज विशेष चिकित्सा टीमों द्वारा किया गया, जबकि गंभीर रूप से घायलों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि पोंगल उत्सव के हिस्से के रूप में हर साल सिरावायल में मंजुविरट्टू का आयोजन किया जा रहा था। इस आयोजन के लिए 80 सांडों को काबू करने वालों और 275 सांडों को पंजीकृत किया गया था लेकिन कई अपंजीकृत सांडों को भी मैदान में उतारा गया था। इस कार्यक्रम को देखने के लिए गांव में 50,000 से अधिक दर्शक एकत्र हुए।

# महुआ को फौरन बंगला खाली करने का नोटिस मिला

### कैश फॉर क्वेरी केस में 8 दिसंबर को सांसदी गई थी; पहले दो नोटिस और मिले



एजेंसी

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा को सरकारी बंगला फौरन खाली करने का नोटिस मिला है। डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स ने मंगलवार (16 जनवरी) को उन्हें ये नोटिस भेजा। कैश फॉर क्वेरी केस में 8 दिसंबर 2023 को महुआ की लोकसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। इसके बाद उन्हें दो बार बंगला खाली करने के लिए कहा जा चुका है। यूनियन हाउसिंग एंड अफेयर्स मिनिस्ट्री के एक सूत्र ने बताया कि महुआ को तुरंत बंगला खाली करने के लिए कहा गया है। जल्द ही डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स के अधिकारी उनके बंगले पर जाएंगे और ये सुनिश्चित करेंगे कि बंगला जल्द से जल्द खाली हो जाए।

महुआ को सबसे पहले इस साल 7 जनवरी तक बंगला खाली करने को कहा गया था। 8 जनवरी को डायरेक्टोरेट ऑफ एस्टेट्स ने एक नोटिस जारी करके उनसे पूछा कि उन्होंने अब तक बंगला खाली क्यों नहीं किया है। इसके बाद उन्हें 12 जनवरी को दूसरा नोटिस भेजा गया।

**रिपोर्ट**

### गांवों में 42.7 प्रतिशत बच्चों को अंग्रेजी सेंटेंस पढ़ना नहीं आता; एएसईआर रिपोर्ट में खुलासा

# एक चौथाई बच्चे सेकंड क्लास का सिलेबस नहीं पढ़ पाते



नई दिल्ली। देश में 14 से 18 साल एज ग्रुप के 86.8 फीसदी बच्चे स्कूल या कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन इनमें से एक चौथाई युवा (25 फीसदी) अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में सेकंड क्लास यानी कक्षा 2 का सिलेबस नहीं पढ़ सकते। वहीं, गांवों में 42.7 फीसदी बच्चों को अंग्रेजी सेंटेंस पढ़ना नहीं आता।

इस बात का खुलासा बुधवार (17 जनवरी) को जारी एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ऋश्वक्र) में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, 2017 में 14-18 साल के 76.6 फीसदी बच्चे सेकंड क्लास का सिलेबस नहीं पढ़ सकते थे। हालांकि, 2023 में इसमें सुधार हुआ है और यह संख्या थोड़ी कम होकर 73.6 प्रतिशत हो गई।

एएसईआर की रिपोर्ट के मुताबिक, यह दावा गलत साबित हो गया है कि कोरोना महामारी के दौरान आर्थिक संकट के चलते बड़ी संख्या में बच्चों ने पढ़ाई छोड़ी है।

#### रिपोर्ट में क्या कहा गया

18 साल या उससे ज्यादा उम्र के 32.6 फीसदी लोग किसी स्कूल या कॉलेज में पढ़ाई नहीं कर रहे हैं।

14 साल से कम उम्र के 3.9 फीसदी युवा पढ़ाई नहीं कर रहे। वहीं, 16 साल के 10.9 प्रतिशत फीसदी युवा कहीं पढ़ाई नहीं कर रहे।

2010 में 6 से 14 साल एज ग्रुप के 96.6 फीसदी बच्चे स्कूलों में पढ़ाई कर रहे थे।

2014 में 96.7 फीसदी, 2018 में 97.2 फीसदी, 2022 में 98.4 फीसदी बच्चे शिक्षा ले रहे थे।

#### 26 राज्यों में किया गया सर्वे

रिपोर्ट बनाने के लिए 26 राज्यों के 28 जिलों में सर्वे किया गया। 1,664 गांवों को भी सर्वे में शामिल किया गया। 14 से 18 साल एज ग्रुप के कुल 34,745 स्टूडेंट्स का डेटा लिया गया। डेटा के आधार पर बनाई गई रिपोर्ट ग्रामीण भारत में बच्चों की स्कूली शिक्षा और सीखने की स्थिति का एक स्नैपशॉट प्रदान करता है। सर्वे में शामिल युवाओं को पांच तरह के कार्य दिए गए - बेसिक रीडिंग, गणित और अंग्रेजी एबिलिटी, रोजमर्रा की गणनाओं में बेसिक स्किल्स का यूज करना।

# भाजपा-आरएसएस की राजनीति ने मणिपुर को जला दिया : राहुल



एजेंसी

मोकोकचुंग, नागालैंड । कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि मणिपुर में हिंसा जारी है और आज भी एक युवक को इस हिंसा का शिकार होना पड़ा है लेकिन यह शर्म की बात है कि कई महीनो से जारी हिंसा के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अब तक मणिपुर का रुख नहीं किया है।

गांधी ने भारत छोड़ो न्याय यात्रा के दौरान यहां एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर की आबादी भले ही देश के अन्य राज्यों की तुलना में कम हो, लेकिन देश के किसी भी क्षेत्र की महत्ता को उसकी आबादी से नहीं आंका जा सकता है। देश का हर क्षेत्र और हर नागरिक महत्वपूर्ण है और सरकार को कम आबादी वाले क्षेत्र तथा वहां के नागरिकों को उतना ही महत्व देना चाहिए, जितना अन्य क्षेत्रों तथा वहां के लोगों को दिया जाता है।

मणिपुर में जारी हिंसा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी राजनीति ने मणिपुर को पूरी तरह से विभाजित कर दिया है और मणिपुर पूरी तरह हथियारबंद सा राज्य हो गया है। भाजपा और आरएसएस की राजनीति ने मणिपुर को जला दिया है। हालात यह हो गए हैं कि वे अब राज्य में आ भी नहीं सकते।

उन्होंने कहा कि भाजपा-आरएसएस ने मणिपुर को बर्बाद कर दिया है। उनका कहना था कि नागालैंड को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में समझौता किया था लेकिन उसको अब तक लागू नहीं किया गया है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर के राज्यों को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया है।

## शार्ट न्यूज

### हरियाणा के व्यक्ति को मिली 14 साल की कैद

अगरतला। त्रिपुरा के खोवाई जिले के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय ने हरियाणा के एक व्यक्ति को नारकोटिक ड्रग एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) कानून के तहत दोषी ठहराते हुये 14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। दोषी हरपाल सिंह को अप्रैल 2022 में पुलिस चेकिंग के दौरान असम-अगरतला राष्ट्रीय राजमार्ग पर नवीन नामक ट्रक चालक के साथ राज्य से सूखी भांग ले जाते समय गिरफ्तार किया गया था। दोनों आरोपी हरियाणा के रहने वाले थे। नवीन का हाल ही में हरियाणा के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनकी गाड़ी से करीब 456 किलो गांजा बरामद किया गया था और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। सरकारी अभियोजक बिकास देब ने मंगलवार को कहा, अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश राजीब भट्टाचार्य ने ड्राइवर नवीन को छोड़कर मामले की सुनवाई शुरू की क्योंकि जैसे ही उसे गिरफ्तार किया गया वह बीमार हो गया और पुलिस ने उसे स्थानीय अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया था जहाँ हाल ही में उसका निधन हो गया।

### ईडी ने कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल को भेजा पत्र

रांची। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल के पत्र का जवाब भेजा है। कैबिनेट सचिव ने पत्र के माध्यम से ईडी से जानकारी मांगी थी कि राज्य के सरकारी अधिकरियों को भेजे गये समन के पीछे के पूरे मामले को स्पष्ट करें। बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार ईडी ने वंदना डाडेल को भेजे पत्र में कहा है कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राज्य के किसी भी अधिकारी से जानकारी मांगने और समन जारी करने का कारण पूछने का राज्य सरकार को कोई अधिकार नहीं है। ईडी भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जांच करता है। इसे जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी की जरूरत नहीं है। इससे पूर्व 11 जनवरी को झारखंड की कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने ईडी को पत्र लिख कर जानकारी मांगी थी कि वह राज्य के सरकारी अधिकारियों को भेजे गये समन के पीछे के पूरे मामले को स्पष्ट करे। यह बताये कि संबंधित अफसर के विरुद्ध क्या आरोप हैं, एजेंसी को जांच में उनके विरुद्ध कहां-क्या साक्ष्य मिले हैं तथा किस मामले में उनसे पूछताछ की जानी है।

### सुनील सोरेन 24 जनवरी को दुमका-पटना एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर करेंगे रवाना

दुमका। सांसद सुनील सोरेन झारखंड के दुमका रेलवे स्टेशन से 24 जनवरी से दुमका - पटना एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे । दुमका से पटना भाया भागलपुर इस ट्रेन का लोगों को लंबे समय से इंतज़ार था । इस तरह से दुमका रेल मार्ग से पहले से झारखंड और पश्चिम बंगाल की राजधानी रांची और कोलकाता से जुड़ा था अब बिहार की राजधानी पटना से भी सीधे जुड़ाव हो जाएगा । श्री सोरेन ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि उप राजधानी वासियों को यह सौगात देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया । उन्होंने कहा कि दुमका के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी ही वहीं, इस क्षेत्र के विकास में भी इस ट्रेन की महती भूमिका होगी । यह ट्रेन दुमका से दोपहर 2.05 में खुलकर भागलपुर होते हुए रात के 9.45 बज़े पहुंचेगी । वहीं, पटना से यह सुबह 6.40 में खुलेगी और दोपहर 1.30 में पहुंचेगी। उद्घाटन समारोह में रेल मंत्री भी वर्चुअल रूप से जुड़ेगें।

### दरभंगा : रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ दरभंगा के झमेली बाबा करेंगे अन्न ग्रहण

दरभंगा। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साथ दरभंगा के झमेली बाबा 31 वर्षों के बाद अन्न ग्रहण करेंगे। झमेली बाबा सात दिसंबर 1992 से अब तक सिर्फ फल का आहार कर रहे हैं। भोजन में ना तो अन्न लेते हैं और ना ही नमक व मिठाई। भूख लगने पर केला, सेव, संतरा, अंगुर, मूली, गाजर आदि खाते हैं। यही कारण है कि अब लोग उन्हें फलाहारी बाबा के रूप में जानने लगे हैं। बाबरी मस्जिद के विध्वंस में शामिल झमेली बाबा सात दिसंबर 1992 को सरयुग नदी के तट पर स्नान के बाद अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर निर्माण के मनोकामना पूर्ण होने के लिए अन्न त्यागने का संकल्प लिया था। उनका यह मनोकामना 31 वर्षों के बाद 22 जनवरी को पूरा होने वाला है। इसे देख झमेली बाबा के अंदर खुशियों का ठिकाना नहीं है। बाबा ने बताया कि रामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साथ अपने कुटिया में सेंधा नमक खाकर अपने व्रत को तोड़ेंगे। इसके अगले दिन सुल्तानगंज से जल लेकर देवघर (बाबाधाम) के लिए प्रस्थान करेंगे। जहां माघी पूर्णिमा के अवसर पर 25 जनवरी को जलाभिषेक कर अन्न ग्रहण करेंगे।

### कर्ज से देश का हाल बदहाल, केंद्र के पूंजीपति मित्र हो रहे मालामाल : राजीव रंजन

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव राजीव रंजन ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर देश को कर्ज में डुबो देने का आरोप लगाते हुए आज कहा कि कर्ज से देश का हाल बदहाल है लेकिन सरकार के पूंजीपति मित्र मालामाल हो रहे हैं। रंजन ने बुधवार को कहा कि कर्ज लेकर घी पीने की केंद्र सरकार की आदत ने देश की अर्थव्यवस्था को गहरे संकट में धकेल दिया है। हालात ऐसे हो गये हैं कि आज देश का कर्ज सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बराबर हो गया है। यहां तक कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) भी इस विषय पर सरकार को बार-बार आगाह कर रही है लेकिन वह हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जदयू महासचिव ने कहा कि देश के माथे पर लदी कर्ज की गठरी इतनी भारी हो गयी है कि श्री नरेंद्र मोदी देश के इतिहास में सबसे अधिक कर्ज लेने वाले प्रधानमंत्री बन चुके हैं। आजादी के बाद से देश के 14 प्रधानमंत्रियों ने कुल मिलाकर मात्र 55 लाख करोड़ रुपए का कर्ज लिया था लेकिन मोदी सरकार ने सिर्फ पिछले 10 सालों में इसे लगभग चार गुणा बढ़ाते हुए 205 लाख करोड़ कर्ज से अधिक कर दिया है। यानी आज देश में पैदा होने वाले बच्चे पर भी एक करोड़ रुपए से अधिक कर्जा है।


### चार फरवरी को होगी पन्द्रहवीं एयू जयपुर मैराथन

जयपुर । राजस्थान की राजधानी जयपुर में आगामी चार फरवरी को एयू जयपुर मैराथन का आयोजन किया जायेगा जिसका बुधवार को यहां इवेंट कैलेंडर लॉन्च किया गया। दौड़ बदलाव की, जिद जीत की ध्येय के साथ इवेंट कैलेंडर लॉन्च किया गया। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से चार फरवरी को एयू जयपुर मैराथन का आयोजन होगा। मैराथन के आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि मैराथन में 18 देशों के करीब एक लाख धावकों के भाग लेने की उम्मीद है। मैराथन में 25 हजार से अधिक स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। भारी संख्या में महिलाएं भी इस दौड़ का हिस्सा बनेंगी। शहर को स्वच्छ और सुंदर बने रहने का संदेश देती एयू जयपुर मैराथन के इवेंट के पार्टनर आवास फाइनेंर्स और मेडिकल पार्टनर नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल हैं। इवेंट कैलेंडर लॉन्च के अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयू स्मॉल फाइनेंस बैक के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सौरभ तांबी और आवास फाइनेंस लि. के चीफ पर्सन ऑफिसर अंशुल भार्गव ने जयपुरवासियों को स्वस्थ रहने और अधिक से अधिक संख्या में एयू जयपुर मैराथन से जुड़ने की अपील की।

### मुस्लिमों के घरों में 22 जनवरी को प्रज्वलित करने के लिये बांटे दीये

कोटा। राजस्थान के कोटा में साम्प्रदायिक सौहार्द एवं एकता का संदेश देते हुए मुस्लिम राष्ट्रीय मंच से जुड़े नौजवानों ने मुस्लिम घरों में दीये बांधकर उन्हें 22 जनवरी को प्रज्वलित करने का अनुरोध किया, जिस दिन अयोध्या में जन्मभूमि पर श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा होनी है। मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संभागीय संयोजक इरशाद अली ने कहा है कि सनातन धर्म में विश्वास करने वाले लोगों के साथ इस मौके पर खुशियां बांटने के लिये मुस्लिम धर्मावलम्बी भी अपने स्तर पर तैयारी कर रहे हैं। अली ने कहा है कि भले ही हिंदू और मुस्लिमों की पूजा पद्धति अलग-अलग हो लेकिन भारत का प्रत्येक व्यक्ति भारतीय संस्कृति के आदर्श प्रभु श्री राम का अनुयायी है और उनके जीवन से सीख लेता है और निश्चित रूप से यह यकीन करता है कि श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश में बिना भेदभाव के सबका कल्याण होगा।

# उ.प्र. रेरा द्वारा लखनऊ तथा एनसीआर पीठों के नामों में बदलाव




**लखनऊ/गौतमबुद्धनगर।** उ.प्र. रेरा द्वारा शिकायतों की सुनवाई के सम्बन्ध में दिनांक 02.12.2023 को नयी एस.ओ.पी. जारी की गयी है जिसमें शिकायतों की फाइलिंग की व्यवस्था के सरलीकरण तथा सुनवाई से पूर्व मूल्यांकन की प्रक्रिया निर्धारित करने के साथ-साथ अपनी पीठों की संख्या तथा नामों में भी परिवर्तन किया गया है। हम आपको बताते चलें कि अभी तक रेरा के लखनऊ मुख्यालय में दो पीठें तथा एन.सी.आर. में तीन पीठें थीं। इसके अतिरिक्त लखनऊ तथा एन.सी.आर. में एडज्यूडिकेटिंग आफिसर के भी न्यायालय हैं।

उ.प्र. रेरा की नयी एस.ओ.पी. के अनुसार दिनांक 16.01.2024 से लखनऊ मुख्यालय में दो तथा एन.सी.आर. कार्यालय गौतमबुद्धनगर में चार पीठें कार्य करेंगी और नियमित रूप से शिकायतों की सुनवाई करेंगी।

**पीठों के परिवर्तित नाम इस प्रकार हैं**

लखनऊ मुख्यालय

| क्र. स. | पीठों के वर्तमान नाम | परिवर्तित नाम | पीठासीन अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | पीठ- 1 (ए) | पीठ- 1 | अध्यक्ष श्री संजय आर. भूसरेड्डी |
| 2 | पीठ- 1 | पीठ- 2 | सदस्य श्रीमति डिम्पल वर्मा |

एन.सी.आर. कार्यालय गौतमबुद्ध नगर

| क्र. स. | पीठों के वर्तमान नाम | परिवर्तित नाम | पीठासीन अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1 | पीठ- 1 (ए) | पीठ- 1 | अध्यक्ष श्री संजय आर. भूसरेड्डी |
| 2 | पीठ- 1 | पीठ- 2 | सदस्य श्री टी. वेंकटेश |
| 3 | पीठ- 2 | पीठ- 3 | सदस्य श्री दीपक स्वरूप सक्सेना |
| 4 | पीठ- 3 | पीठ- 4 | न्यायनिर्णायक अधिकारी श्री हरीश त्रिपाठी |

यहाँ ज्ञातव्य है कि एन.सी.आर. कार्यालय, ग्रेटर नोएडा की पीठों में जनपद गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, हापुड़ तथा शामली से सम्बन्धित तथा लखनऊ मुख्यालय की पीठों में प्रदेश के अन्य समस्त जनपदों से आने वाली शिकायतों की सुनवाई होगी। रोस्टर के अनुसार अध्यक्ष श्री संजय भूसरेड्डी लखनऊ और गौतमबुद्ध नगर कार्यालयों में शिकायतों की सुनवाई करेंगे।

उ.प्र. रेरा द्वारा पीठों की संख्या एवं नामों के परिवर्तन के सम्बन्ध में उ.प्र. रेरा के अध्यक्ष श्री संजय भूसरेड्डी द्वारा यह कहा गया कि रेरा द्वारा समय-समय पर पीठों की संख्या का निर्धारण विचाराधीन शिकायतों की संख्या तथा कार्यरत सदस्यों की संख्या को ध्यान में रख कर किया जाता है। उद्देश्य यह है कि शिकायतों का शीघ्र निस्तारण हो और उपभोक्ताओं को न्याय सुलभ हो सके।

उ.प्र. रेरा द्वारा पीठों के गठन तथा मामलों के निर्धारण हेतु अपनायी गयी लचीली व्यवस्था का परिणाम है कि देश के समस्त रेरा द्वारा निर्णीत शिकायतों में अकेले उ.प्र. रेरा द्वारा निस्तारित शिकायतों की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत है।

## पहली बार 24 हजार से ज्यादा युवा मतदान करेंगे

ग्रेटर नोएडा। इस वर्ष होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले मतदाता बनने में महिला और युवा सबसे आगे हैं। 18 से 19 वर्ष के बीच 24,233 युवा पहली बार मतदाता बने हैं। वहीं, 62495 नए मतदाताओं ने फॉर्म-6 भरकर सूची में नाम शामिल कराया है। महिला मतदाताओं के प्रतिशत में भी वृद्धि हुई है। कुल मतदाताओं में महिलाओं की संख्या 45 प्रतिशत है। एक हजार पुरुषों के अनुपात में महिलाओं की संख्या 802 से बढ़कर 815 पहुंच गई है।जिला प्रशासन के मुताबिक 27 अक्तूबर से अब तक चले संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में 1.80 लाख मतदाताओं ने सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने तथा शिफ्टिंग के लिए फॉर्म 6, 7 और आठ भरे हैं। नोएडा विधानसभा में 98557, दादरी में 57583 और जेवर में 23420 फॉर्म प्राप्त हुए।62,495 मतदाताओं ने फॉर्म 6 (नए मातदाता) भरकर सूची में नाम शामिल कराया है। इनमें 55,946 आवेदन स्वीकृत कर लिए गए हैं, जबकि 3805 अभी अस्वीकृत हैं। नोएडा में 21036, दादरी में 28963 और जेवर में 12496 मतादाताओं ने फॉर्म 6 जमा कराया है। 75247 मतदाताओं ने फॉर्म 7 (नाम शामिल कराना और हटाना) भरा।

# मांगे नहीं मानी तो चिल्ला बार्डर पर होगा धरना

## प्राधिकरण की तालाबंदी का ऐलान

नोएडा। नोएडा में किसानों ने दो फ्रंट खोल दिए है। अलग-अलग संगठनों के किसानों ने पूरे शहर में हल्ला बोल दिया है। भारतीय किसान परिषद ने डीएम आवास का घेराव किया और वार्ता कर 15 सूत्रीय ज्ञापन दिया।

वहीं, भारतीय किसान यूनियन (मंच) के प्रदर्शन में सांसद डॉक्टर महेश शर्मा पहुंचे।

उन्होंने किसानों से 24 से 48 घंटे का समय मांगा है। किसानों ने साफ कहा कि यदि आज की बैठक में निर्णय नहीं होता तो चिल्ला बार्डर पर वो अनिश्चित कालीन धरना देंगे।

इसको लेकर आज एक बैठक पुलिस कमिश्नरेट ऑफिस में दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक होगी। इस बैठक में नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एसीईओ, सी एल ए, पुलिस कमिश्नर व सांसद डॉ महेश शर्मा किसानों के प्रतिनिधिमंडल मौजूद रहेंगे।

### दोनों ही संगठनों की मुख्य मांगों के बारे में जानते है

सभी किसानों को 10 प्रतिशत विकसित भूमि का अधिकार प्राधिकरण द्वारा दिया जाए।



किसानों की आबादी का पूर्ण निस्तारण कर रेवेन्यू रिकार्ड से प्राधिकरण का नाम हटाकर काश्तकार का नाम चढ़ाया जाए।

आबादी विनियमावली 2011 के अनुसार 450 वर्गमीटर की सीमा को 1000 वर्गमीटर किया जाए।

ग्राम में पेरीफेरी के अंदर अधिग्रहीत आबादी में रहने वाली पुश्तैनी किसानों के विनिमय हेतु कब्जा दस्तावेज के आधार पर किया जाए।

5 प्रतिशत विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कॉमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति दी जाए।

नोएडा प्राधिकरण के 81 गांव में विकास भू लेख विभाग में न रोककर सुचारु रूप से कार्य पारित किया जाए। गांव में निर्माणाधीन मकानों पर भवन नियमावली लागू नहीं की जाए।

# उत्तराखंड : सिंचाई व पीडब्ल्यूडी के विभिन्न प्रस्तावों को मिली मंजूरी

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के प्रस्तावों के अनुमोदनार्थ, राज्य कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुयी। जिसमें, सिंचाई एवं लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के विभिन्न प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। डा संधू ने सचिव, आपदा, डा रंजीत कुमार सिन्हा को निर्देश दिए कि भविष्य में आपदा मोचन निधि अथवा राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के सभी प्रस्ताव, फोटो और वीडियो के साथ, गति शक्ति पोर्टल पर भी अपलोड किए जाएं। सचिव को उन्होंने सभी विभागों के लिए इसका सर्कुलर जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पोर्टल के माध्यम से प्रस्ताव न आने पर आपदा निधि से तत्संदर्भ में धनराशि नहीं दी जाएगी। उन्होंने आईटीडीए से मिलकर पोर्टल में आवश्यक प्रावधान और मानकों को जोड़े जाने के निर्देश दिए, ताकि



मानकों से बाहर के प्रस्ताव स्वत: ही अपलोड न हों।

मुख्य सचिव ने कहा कि कार्य धरातल पर जनपदों से होता है। इसलिए जनपदों को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनपदों में स्क्रूटिनी मैकेनिज्म को मजबूत किया जाए। उन्होंने विभागों को कार्यों की गुणवत्ता से बिना समझौता किए मितव्ययता अपनाए जाने हेतु सभी विभागाध्यक्षों को सर्कुलर जारी करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर सचिव एच. सी. सेमवाल, अपर सचिव डॉ. अहमद इकबाल एवं विनीत कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 24 से 26 जनवरी तक नोएडा में मनेगा 'यूपी दिवस'

## उप्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत होगी थीम, 500 करोड़ की परियोजनाओं का किया जाएगा लोकार्पण और शिलान्यास

नोएडा। 25 जनवरी को नोएडा में यूपी दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारी शुरू की गई है। तीन दिन तक कार्यक्रम होंगे।

इस बार की थीम उप्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत रखी गई है। ये सभी कार्यक्रम नोएडा के शिल्प हॉट में आयोजित किए जाएंगे। इस बार यहां परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अलावा स्कूलों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम और शिल्प कारों के स्टॉल, लोक कार्यक्रम जिसमें लोक गीत, फोक डांस और प्रदेश की विरासत को दिखाया जाएगा। आकर्षण का केंद्र नोएडा की 1976 से लेकर अब तक की सफर यात्रा की गैलरी भी इसमें शामिल होगी।

### 500 करोड़ की परियोजनाओं का होगा लोकार्पण और शिलान्यास

यूपी दिवस 24, 25 और 26 जनवरी को मनाया जाएगा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से करीब 500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और




शिलान्यास किया जाएगा। इसमें सिविल विभाग की 178 करोड़ की परियोजनाएं और होर्टिकल्चर विभाग की 185 करोड़ की परियोजना और करीब इतनी की परियोजनाएं इलेक्ट्रिकल और मेंटेनेंस विभाग की है। इनके शिलापट्ट तैयार किए जा रहे है।

### लोकार्पित होने वाली कुछ परियोजनाएं

नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस के 2.36 किमी चैनेज पर अंडरपास का लोकार्पण 84.61 करोड़

सेक्टर-21 में मुख्य नाले का सुदृढ़ीकरण व ढकने का काम 5.29 करोड़

सेक्टर-82 में केंद्रीय विहार पॉकेट-7 एंव पॉकेट-12 के सामने आर सीसी नाले को कवर करने का कार्य 4.79 करोड़

एफएनजी मार्ग पर चैनेज 2500 से 4200 मीटर तक सुदृढ़ीकरण का कार्य 4.25 करोड़

सेक्टर-27 में मुख्य नाले का सुदृढ़ीकरण का कार्य 3.44 करोड़

### पांच प्रमुख परियोजनाएं जिनका होना है शिलान्यास

सेक्टर-146 व 147 के बीच 45 मीटर चौड़ी सड़क से हिंडन नदी पर निर्माणाधीन पुल होते हुए ग्रेटरनोएडा नॉलेज पार्क-3 को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण करीब 31.15 करोड़

मार्ग संख्या-6 पर सेक्टर-61 अंडरपास से एनएच-24 तक सड़क सुदृढ़ीकरण का काम 5.84 करोड़

सेक्टर-82 बस टर्मिनल से सेक्टर-82 पुलिस चौकी तक आरसीसी नाले का सुदृढ़ीकरण का काम 4.05करोड़

सेक्टर-34 से भूखंड संख्या ए-94 के साथ सड़क चौड़ी करण 2.48 करोड़

शशि चौक से महामाया फ्लाई ओवर के समीप सेक्टर-44 यू टर्न तक एमपी-3 का काम 2.31 करोड़

### यूपी दिवस में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

यूपी दिवस को लेकर नोएडा के शिल्प हॉट में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इसमें स्कूली बच्चों की ओर से लोक गीत पर सांस्कृतिक नृत्य और खेल का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न राज्यों के व्यंजन और शिल्प कला में माहिर शिल्पियों को भी यहां स्थान दिया जाएगा।

# ओडिशा एसटीएफ ने मुले बैंक खाता रैकेट घोटाले में एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा अपराध शाखा के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मुले बैंक खाता रैकेट घोटाला मामले में एक और अंतरराज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि यह रैकेट मुख्य रूप से ओडिशा, झारखंड और पश्चिम बंगाल के ट्राइ-जंक्शन क्षेत्र में विशेष रूप से बालासोर, मयूरभंज, पूर्वी मिदनापुर, पश्चिम मिदनापुर, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला जिलों में संचालित चलाया जा रहा था। इस रैकेट का नेतृत्व पश्चिम मिदनापुर का एसके जमीरुद्दीन कर रहा था, जिसने बैंक खाते खोलने के लिए प्रति माह 15 हजार पर लगभग 10-15 लोगों को नियुक्त किया था। इन लोगों ने मुख्य रूप से गरीब ग्रामीणों,



आदिवासियों को लक्षित करते हुए, इन जिलों के विभिन्न आंतरिक क्षेत्रों का दौरा किया और उन्हें बैंक खाते खोलने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों को अपने दस्तावेज़ देने और बैंक खाता खोलने के लिए आम तौर पर प्रति खाता दो हजार रुपये लिए गये।

बैंक खातों से जुड़े मोबाइल नंबर गिरोह के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। उन्होंने अपने बैंक खाते बेचने के लिए गुप्त व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक पेज, टेलीग्राम चैनल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया।

उन्होंने मुले बैंक खातों को 15 हजार रुपये से 20 हजार रुपये प्रति खाते की दर से बेचा। अब तक उन्होंने विभिन्न प्लेटफार्मों पर लगभग पांच हजार मुले बैंक खाते बेचे हैं। घोटालेबाज बार-बार बैंक खाते बदलते रहते हैं। आम तौर पर वे एक लाख रुपये के लेनदेन तक पहुंचने पर बैंक खातों को छोड़ देते हैं। कभी-कभी पुलिस, कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा संबंधित बैंकों से अनुरोध करने से बहुत पहले ही खाते फ्रीज कर दिए जाते थे।

मेदिनापुर के सौरभ मैती को गत सोमवार को गिरफ्तार किया गया था उसे चार दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर लाया गया और एसडीजेएम, भुवनेश्वर की अदालत में पेश किया जाएगा।

## ठंड के कारण स्कूलों में 20 जनवरी तक अवकाश घोषित

भिवानी। हरियाणा के भिवानी में अत्यधिक सर्दी के कारण सभी सरकारी और निजी स्कूलों में पांचवीं कक्षा तक 20 जनवरी तक अवकाश रहेगा। मौलिक शिक्षा विभाग और जिला उपायुक्त निर्देशों पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर ने अवकाश के संबंध में आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशों की अवहेलना करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से अत्यधिक ठंड का प्रकोप है। इसके चलते मौलिक शिक्षा विभाग द्वारा पांचवीं कक्षा के तक बच्चों का 20 जनवरी तक अवकाश रखने के आदेश जारी किये हैं।

# इसरो ने मछुआरों की दूसरी पीढ़ी का डिस्ट्रेस अलर्ट ट्रांसमीटर किया विकसित

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने समुद्र में मछुआरों के लिए मछली पकड़ने वाली नौकाओं से आपातकालीन संदेश भेजने के लिए एक स्वदेशी तकनीकी समाधान दूसरी पीढ़ी का डिस्ट्रेस अलर्ट ट्रांसमीटर (डीएटी) विकसित किया है।

इसरो ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि इसमें संदेश एक संचार उपग्रह के माध्यम से भेजे जाते हैं और एक केंद्रीय नियंत्रण स्टेशन (आईएनएमसीसी- भारतीय मिशन नियंत्रण केंद्र) पर प्राप्त होते हैं जहां मछली पकड़ने वाली नाव की पहचान और स्थान के लिए चेतावनी संकेतों को डिकोड किया जाता है। निकाली गई जानकारी भारतीय तट रक्षक (आईसीजी) के तहत समुद्री बचाव समन्वय केंद्रों (एमआरसीसी) को भेज दी जाती है। इस जानकारी का

इसरो isro

उपयोग करके एमआरसीसी संकट में फंसे मछुआरों को बचाने के लिए खोज एवम बचाव अभियान चलाने के लिए समन्वय करता है। डीएटी 2010 से चालू है और अब तक 20 हजार से अधिक डीएटी का उपयोग किया जा रहा है। खराब मौसम, चक्रवात सुनामी या कोई अन्य आपात स्थिति के दौरान समुद्र में मछुआरों को पहले से ही चेतावनी संदेश भेजने का काम करेगी। डीएटी-एसजी के उपयोग से मछुआरों को मछली पकड़ने में अच्छी उपज मिलती है। समय और ईंधन की बचत होती है।

# धामी को मिलने वाले उपहारों की होगी नीलामी

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पदचिह्नों पर चलने के प्रयास में लगे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनकी तरह एक अभिनव पहल शुरू करने का निश्चय किया है। उन्हें (धामी) विभिन्न कार्यक्रमों में मिलने वाले उपहारों की अब सार्वजनिक नीलामी होगी। जिससे प्राप्त धनराशि राज्य के जनहितकारी कार्यों में व्यय की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने अपने सचिव और गढ़वाल मंडल के आयुक्त विनय शंकर पांडेय को बुधवार निर्देश दिए हैं कि कार्यक्रमों में उन्हें, जो विभिन्न उपहार मिलते हैं, उनका मूल्यांकन कर, नीलामी की जाए और इससे मिलने वाली रकम को जनहित के कार्यों में इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई सामान्य व्यक्ति भी नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकता है।उल्लेखनीय है कि श्री धामी ने दो दिन पहले ही, लोगों से अपील की थी कि किसी समारोह में अतिथियों को बुके की जगह बुक देने की परंपरा शुरू करनी चाहिए। इससे भावी पीढ़ी में ज्ञान का भंडार बढ़ेगा व दिमाग का भी पोषण होगा। पौधा भेंट करना भी बुके का विकल्प हो सकता है। अब, इसी क्रम में उन्होंने एक और नवीन एवं अभिनव पहल की है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कई राज्यों में भारी भीड़ उमड़ी

रांची। विकसित भारत संकल्प यात्रा ने केवल दो महीनों में, भारत को वशीभूत कर दिया है और इसमें 15 करोड़ से अधिक उत्साही प्रतिभागी शामिल हुए हैं। लोगों की यह विशाल भागीदारी एक उन्नतिशील और समावेशी भारत की दिशा में संगठित मार्ग बनाने के लिए यात्रा की तीव्रता के बारे में बहुत कुछ बताती है। विकसित भारत संकल्प यात्रा एक ऐतिहासिक पहल है जिसका उद्देश्य पूरे देश में सरकारी योजनाओं की 100 प्रतिशत परिपूर्णता सुनिश्चित करना है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों में अभियान शुरू होने के बाद लोगों की भागीदारी संख्या में तेजी से वृद्धि हुई।

# उत्तराखंड के आंगनबाड़ी केन्द्रों की सूरत बदलने को मिले 21.43 करोड़

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड के राजकीय विद्यालयों में एकीकृत बाल विकास योजना (आईसीडीएस) के अन्तर्गत, संचालित 2165 आंगनबाडी केन्द्रों में भौतिक संसाधन जुटाये जायेंगे। इसके लिये केंद्र सरकार ने समग्र शिक्षा के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 21 करोड़ 43 लाख की धनराशि जारी की है।

इन आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों के लिये चाइल्ड फ्रेंडली फर्नीचर, बाला फीचर्स एवं आउटडोर प्ले मैटिरियल खरीदा जायेगा। इसके लिये प्रत्येक आंगनबाडी केन्द्र को एक-एक लाख की धनराशि दी गई है।

उत्तराखंड सरकार ने प्री-प्राइमरी स्तर पर बच्चों की बुनियाद को मजबूत करने के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठायें हैं। सरकार ने नई शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के तहत, आंगनबाडी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए, केंद्र को कार्ययोजना भेजी थी।

जिसके क्रम में केन्द्र सरकार ने राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में आईसीडीएस द्वारा संचालित 2165 आंगनबाडी केन्द्रों में चाइल्ड फ्रेंडली फर्नीचर्स, बाला फीचर्स और आउटडोर प्ले मैटिरियल की खरीद के लिये 21 करोड़ 43 लाख की धनराशि जारी की है। जिससे इन आंगनबाडी केन्द्रों की शक्ल व सूरत संवारी जायेगी। ताकि यहां आने वाले नौनिहाल खेल-खेल में अपना शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ा सके। जिसके तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में संचालित सभी 2165 आंगनबाडी केन्द्रों को तीनों मदों में करीब एक-एक लाख की धनराशि आवंटित कर दी गई है।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली सरकार छह शहीद जवानों के परिवार को देगी एक-एक करोड़ की सम्मान राशि

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाने वाले छह शहीद जवानों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देगी। राजस्व मंत्री आतिशी ने बुधवार को बताया कि दिल्ली सरकार सेना, पुलिस, पैरामिलिट्री, दिल्ली सिविल डिफेंस और होम गार्ड के जवानों की बहादुरी का सम्मान करती है। हमारी सरकार वर्दी पहनने वाले हर एक उस जवान की कद्र करती है जो अपनी जान पर खेल कर देश और समाज की रक्षा करते हैं। सुश्री आतिशी ने कहा कि सरकार में आते ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश की रक्षा करते हुए अपनी जान गंवाने वाले शहीदों के परिवार को एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देना शुरू किया। इस सम्मान राशि से शहीदों के परिवारों के नुकसान की भरपाई तो नहीं की जा सकती, लेकिन उनके परिवार को एक सम्मानजनक जीवन जीने में थोड़ी मदद ज़रूर मिलेगी। इन छह शहीद जवानों में दिल्ली पुलिस में तैनात एएसआई ओम प्रकाश और एएसआई राघेश्याम, भारतीय सेना में तैनात मेजर रघुनाथ और कैप्टन जयंत जोशी, दिल्ली सिविल डिफेंस कर्मी पुनीत गुप्ता और फायर ऑपरेटर प्रवीर कुमार के परिवार हैं, जिन्हें यह सम्मान राशि प्रदान किया जायेगा।

### अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठिता को लेकर मंदिर सजने लगे



नई दिल्ली। श्रीराम भगवान के सेवक महाबली हनुमान जी के मंदिर में भगवान श्रीराम मंदिर अयोध्या जी में प्राण प्रतिष्ठिता समारोह के दौरान गांव नांगलोई सईदान पश्चिम विहार में वार्ड 48गुरूहरकिशन की पार्षद श्रीमति मोनिका गोयल ओर दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थानसिंह यादव ने मंदिर में सफाई करने की सेवा की। इस पर पार्षद मोनिका गोयल ने कहा की मेरे वार्ड में जितने भी मंदिर है सभी में मैं रोज सफाई सेवा कर रही हूँ। इस अवसर पर थानसिंह यादव ने बताया की अयोध्या जी में भव्य मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठिता के उपलक्ष्य में हनुमान जी के इस मंदिर को 20जनवरी को फूलों व लाईटों से सजाया जाएगा। मंदिर संचालक स्वर्गीय श्री रिछपाल सिंह यादव चैरिटेबल ट्रस्ट की संचालिका श्रीमती रामरति यादव ने बताया की 22जनवरी को प्राण प्रतिष्ठिता के बाद भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

### मोदीनगर में ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

मोदीनगर। मोदीनगर में लोक निर्माण विभाग द्वारा एक माह पहले बनाई गई निवाड़ी अघैड़ा मार्ग की सड़क जर्जर हालात में पहुंच गई। घटिया निर्माण सामग्री का आरोप लगाकर कस्बा निवाड़ी के लोगों ने प्रदर्शन कर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का आरोप है कि दोबारा सड़क निर्माण ना होने पर जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बता दें कि कस्बा निवाड़ी अघैड़ा मार्ग का निर्माण एक माह पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। कस्बा निवाड़ी के लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तमाल किया गया है। जब सड़क निर्माण हो रहा था तो इसकी शिकायत की गई थी। सड़क बनने के बाद एक माह बाद ही वह जर्जर हालात में पहुंच गई। तीन किलोमीटर लम्बी सड़क पूरी तरह से जर्जर हालत में पहुंच गई है। भाकियू नेता सतेन्द्र त्यागी ने चेतावनी दी है यदि जल्द सड़क को जल्द ठीक नहीं किया गया तो वह जिलाधिकारी के कार्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता का कहना है कि यदि ऐसा है तो सड़क का निर्माण कार्य दोबारा कराया जाएगा। निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार को नोटिस भेजा जाएगा। इस मौके पर सतेन्द्र त्यागी, अंकित त्यागी, अरुण त्यागी, मुकेश कुमार, प्रदीप प्रजापति, मुनिराज त्यागी, मदनलाल फौजी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### दिवाली से पहले चला चाक, प्राण प्रतिष्ठा के लिए तैयार हो रहे दीये



पटौदी। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामलला की 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के लिए गांवों में मिट्टी के दीये तैयार करने को चाक जनवरी माह में ही तेजी से घूमने लगा है। सर्दी के इस मौसम में न तो गर्मी के लिए घड़े तैयार किए जा रहे हैं और न ही हांडी। घूमते चाक पर कारीगरों के हाथ तेजी से दीये बनाने में लगे हैं। माना जा रहा है कि साइबर सिटी में 22 जनवरी को 31 लाख दीये जलाए जाएंगे। ऐसे में दीयों को बनाने से लेकर इनकी बिक्री तक के लिए दुकानें तैयार हो गई हैं। पटौदी खंड के गांव मिल्कपुर निवासी बलजीत प्रजापति ने बताया कि यह उनकी चौथी पीढ़ी है जोकि मिट्टी के दीये और बर्तन बनाती है। 22 जनवरी को अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से पांच दीये जलाने का आह्वान किया है। इसी कारण हमने अपना चाक चला दिया है। फिलहाल सिर्फ दीये बनाने का काम किया जा रहा है। बलजीत ने बताया कि दिवाली पर वह करीब एक लाख दीपक बनाता है। इस बार दिवाली से ज्यादा दीयों की मांग है। जैसे-जैसे लोगों द्वारा मांग बढ़ रही है उसी हिसाब से में दीपक बना रहा हूं। उन्होंने बताया कि उनके पास अभी तक एक-दो जगहों से दीयों का आर्डर मिला है।

# प्राण प्रतिष्ठा के बाद सपरिवार अयोध्या जाएंगे केजरीवाल



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद माता-पिता, धर्मपत्नी और बच्चों के साथ रामलला का दर्शन करने अयोध्या जाउंगा।

केजरीवाल ने बुधवार को तीर्थयात्रियों की 87वीं ट्रेन द्वारकाधीश के लिए रवाना होने से पहले बुजुर्गों से मुलाक़ात की। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद हम प्रयास करेंगे कि अयोध्या के लिए ज्यादा से ज्यादा ट्रेनें भेज सकें। लोगों में अयोध्या जाकर रामलला का दर्शन करने को लेकर बहुत उत्साह है। यह 87वीं ट्रेन द्वारकाधीश जा रही है। इससे पहले 86 ट्रेनों से करीब 82 हजार लोग विभिन्न तीर्थस्थलों की यात्रा कर चुके हैं।

उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की तरफ से एक पत्र आया था। उसके बाद हमने उनको फोन किया तो उन्होंने बताया कि उनकी टीम व्यक्तिगत तौर पर निमंत्रण देने के लिए आएगी, लेकिन अभी तक उनकी टीम नहीं आई है। पत्र में उन्होंने लिखा है कि अयोध्या में बहुत ज्यादा वीआईपी और वीवीआईपी आएंगे इसलिए सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए इस समय एक ही व्यक्ति के आने की अनुमति है। प्राण प्रतिष्ठा का व्यक्तिगत निमंत्रण नहीं मिलने से मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मेरे माता-पिता की रामलला का दर्शन करने की बहुत इच्छा है। मैं अयोध्या सपरिवार जाना चाहता हूं। अभी एक व्यक्ति को ही अयोध्या जाने की इजाजत है। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद मैं अपने माता-पिता, धर्मपत्नी और बच्चों के साथ रामलला का दर्शन करने अयोध्या जाउंगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग हर हफ्ते दिल्ली से किसी न किसी तीर्थस्थल पर लगभग एक हजार तीर्थयात्रियों को लेकर ट्रेन जाती है। रामेश्वरम्, पुरी, शिरडी, द्वारकाधीश समेत 12-13 तीर्थ स्थलों के लिए ट्रेन रवाना की जाती है। द्वारकाधीश की यह यात्रा सात दिन की होगी।

इस अवसर पर मौजूद राजस्व मंत्री आतिशी ने कहा कि सभी बुजुर्ग उम्र के आखरी पड़ाव में तीर्थयात्रा करना चाहते हैं, लेकिन कई बार आर्थिक स्थिति इसके आड़े आ जाती है लेकिन दिल्ली में ऐसा नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के हर बुजुर्ग को अपना माता-पिता माना है और बेटे की भूमिका निभाते हुए सभी बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवा रहे हैं।

### आत्महत्या करने जा रहे बुजुर्ग को यातायात पुलिस ने बचाया

मोदीनगर। मोदीनगर में यातायात पुलिस की सूझबूझ के चलते देर रात एक बुजुर्ग की जान बच गई। वह हापुड़ रोड रेलवे फाटक पर आत्महत्या करने जा रहे थे। इस बीच वहां तैनात पुलिसकर्मियों की नजर बुजुर्ग पर पड़ी। उन्होंने उन्हें ट्रैक से हटाया और परिजनों को काल कर मौके पर बुलाया। उन्हें समझा-बुझाकर स्वजन को सुपुर्द कर दिया। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि हापुड़ रोड पर रेलवे फाटक के निकट देर शाम पुलिसकर्मी ड्यूटी पर थे। इस बीच 76 वर्षीय बुजुर्ग रेलवे फाटक पर खड़े हो गए। पुलिसकर्मियों ने सक्रियता दिखाते हुए बुजुर्ग को ट्रैक से हटाया। पूछा तो बुजुर्ग ने बताया कि उनके घर में पारिवारिक कलह चल रही है। रोजाना विवाद होता है। जिससे वे परेशान आ चुके हैं। इसलिए गुस्सा होकर दोपहर में घर से निकल गए। तिबड़ा रोड रजवाहे से होते हुए वे यहां तक पहुंचे। ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश में थे।

# गाजियाबाद में कार डीलर की हत्या का मामला, 2 गिरफ्तार

एजेंसी

गाजियाबाद। गाजियाबाद में मंगलवार की सुबह 2: 30 बजे कार डीलर महबूब की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य हत्यारोपी अभी भी कत्ल का हथियार लेकर फरार है। पुलिस की जांच में सामने आया है कि कार बेचने के मुनाफे के बंटवारे को लेकर इन चारों के बीच विवाद था। जिसको लेकर इस घटना को अंजाम दिया गया।

गाजियाबाद के थाना नंदग्राम के राजनगर एक्सटेंशन इलाके में मंगलवार की सुबह 2: 30 बजे महबूब नाम के कार डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। गाजियाबाद में एसीपी क्राइम अजीत कुमार ने बताया कि हत्या के बाद मृतक के भाई ने तीन नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें से दो आरोपी अंकित त्यागी और सुमित शर्मा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं मुख्य आरोपी विजय उर्फ सेंटी उस हथियार को लेकर अभी फरार है जिससे हत्या की गई थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि ये चारों लोग पुरानी कारों को खरीदने बेचने का काम करते थे।

एक कार के सौदे में प्रॉफिट के बंटवारे को लेकर इनके बीच विवाद था। इसी को लेकर महबूब जो जिला हापुड़ का निवासी है उसको मंगलवार की रात 1: 00 बजे सुमित शर्मा ने फोन करके राजनगर एक्सटेंशन बुलाया।

उसके बाद उसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस हत्या के मामले में नामजद दो आरोपी सुमित शर्मा और अंकित त्यागी को गिरफ्तार कर लिया है।

वहीं तीसरा आरोपी विजय उर्फ सेंटी अभी फरार है। पुलिस के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी के बाद ही अलाकत्ल बरामद किया जाएगा। जिससे पता चलेगा कि हथियार लाइसेंसी था या अवैध था।

### गाजियाबाद में 3 जगह भीषण आग

गाजियाबाद। गाजियाबाद में मंगलवार रात 3 स्थानों पर आग लग गई। कपड़ा फैक्ट्री, शराब के ठेके और रेस्टोरेंट की किचन में आग लगने से लाखों रुपए का सामान जल गया। शराब ठेके में सो रहे एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं रेस्टोरेंट के तीन कर्मचारी भी आग बुझाने के प्रयास में झुलस गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। हालांकि फायर फाइटर्स ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया, मंगलवार रात 2.10 बजे चार्ली-3 कंट्रोल रूम से लोनी फायर स्टेशन को एक सूचना मिली कि ट्रोनिका सिटी इंडस्ट्रियल एरिया स्थित कपड़ा फैक्ट्री में आग लग गई है। इस सूचना पर तीन फायर टेंडर रवाना किए गए। सेक्टर-एक के प्लॉट संख्या एफ-19 में तीन मंजिला बिल्डिंग में सना गारमेंट्स फैक्ट्री संचालित हो रही थी। इसके मालिक अयान ने बताया, आग ग्राउंड फ्लोर पर लगी हुई है और फैल चुकी है। फायर टीम ने तुरंत होज पाइप फैलाया और नजदीकि फैक्ट्रियों में उपलब्ध जल स्त्रोतों से पानी भरकर आगको बुझाना शुरू किया। तीन फायर टेंडरों ने आग को पूरी तरह बुझा लिया और फैलने से रोक लिया। साहिबाबाद क्षेत्र में राजीव कॉलोनी मोहननगर में सुबह 4 बजकर 50 मिनट पर शराब ठेके में आग की सूचना मिली। फायर टीम जब यहां पहुंची तो काला धुआं बहुत तेज था। ठेका बंद था। फायर यूनिट ने दुकान का शटर और जाली तोड़ी तो देखा कि ठेके के अंदर एक आदमी अचेत अवस्था में पड़ा था। इसको तत्काल बाहर निकाला गया।

### युवक को ताइवान में ड्रग्स का पार्सल भेजने का डर दिखाकर तीन लाख ठगे

कौशांबी। रचना वैशाली सेक्टर-तीन में रहने वाले संजीव मेहता को उनकी तरफ से ताइवान में ड्रग्स का पार्सल भेजने पर पुलिस कार्रवाई का डर दिखाकर तीन लाख रुपये की ठगी कर ली गई। कौशांबी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने शिकायत दी कि 7 दिसंबर को फोन पर अंजान नंबर से कॉल आई थी। युवक ने उनसे कहा कि आपके नाम से एक पार्सल भेजा गया है, जो मुंबई से ताइवान जा रहा है। इस पार्सल में ड्रग्स है। मुंबई पुलिस ने पार्सल को पकड़कर आपकी तलाश शुरू कर दी है।

## राम मंदिर उद्धघाटन समय अपने अनपढ़ भाई-बहनों को पढ़ाना आरंभ कीजिए : ठाकुर दलीप सिंह



नई दिल्ली। नामधारी मुखी ठाकुर दलीप सिंह जी ने सभी भारतवासियों को अपने संदेश में कहा कि राम मंदिर उद्धघाटन के शुभ अवसर पर सभी भारतीयों से विनम्र विनती है कि आधे घंटे का समय प्रतिदिन निकाल कर अपने अनपढ़ भाई, बहनों, बच्चों को पढ़ाना आरंभ कीजिए।

यदि सभी साक्षर व्यक्ति इस महान पुन्य कार्य के लिए कुछ समय दें, तो पूरा भारत दो वर्षों के भीतर ही साक्षरता प्राप्त कर सकता है और 5 वर्ष में अनपढ़ता समाप्त हो कर भारत की गरीबी अपने आप ही दूर हो जाएगी। नामधारी मुखी ठाकुर जी ने इस शुभ कार्य के लिए फिल्मी सितारों, मंत्रियों, राजनेताओं, बड़े अधिकारियों, आई.ए.एस, आई.पी.एस, प्रसिद्ध व प्रमुख हस्तियों से विशेष रूप से विनती करते हुए कहा कि वह नेतृत्व करके समाज भलाई का कार्य स्वयं आरंभ करें।

जब वह स्वयं यह सेवा करेंगे, तो अन्य लोग उन जैसे महानायकों का अनुसरण करने के लिए अपने आप ही प्रेरित होंगे तथा विद्या दान की सेवा करेंगे।

अंत में पुन: विनती करते हुए नामधारी मुखी ने कहा कि कृपया हमारी विनती स्वीकार कीजिए और 'राम मंदिर उद्धघाटन' समय अपने अनपढ़ भाई, बहनों, बच्चों को साक्षर बना कर, प्रभु श्री रामचंद्र जी के भारत को उन्नत करके 'विश्व गुरु' बनाईए।

## दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ ने दिल्ली में निकाली श्री राम मंदिर उत्सव यात्रा

- घर-घर तक प्रतिष्ठा के संदेश को पहुँचाना ही इस अभियान का लक्ष्य : वीरेन्द्र सचदेवा
- पाँच सौ साल के इंतज़ार के बाद हम सनातनियों के जीवन यह शुभ दिन आया है इसलिए यह बड़ा दिन है : मीनाक्षी लेखी
- दिल्ली व देश भर के लोगों के अंदर एक अलग उत्साह है क्योंकि भगवान श्री राम मानवता के लिए आदर्श हैं : डॉ हर्षवर्धन
- सनातनियों का इंतजार खत्म हुआ है : करनैल सिंह



नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा मंदिर प्रकोष्ठ द्वारा आज श्री राम मंदिर उत्सव यात्रा निकाली गई जिसे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने झंडे दिखाकर प्रदेश कार्यालय से रवाना किया जो कनॉट प्लेस, दिल्ली गेट, जामा मस्जिद, लाल किला, बस अड्डा, तीस हजारी, झंडेवालान, मंदिर मार्ग हो कर वापस प्रदेश कार्यालय 14 पंत मार्ग वापस आई। इस रैली में हजारों साधु संत, मंदिर पुजारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमति मीनाक्षी लेखी, सांसद डा. हर्षवर्धन, मंदिर प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्री करनैल सिंह और प्रदेश भाजपा पदाधिकारी श्री योगेन्द्र चंदोलिया, श्री सतीश गर्ग, श्रीमति लता गुप्ता, श्री प्रवीण शंकर कपूर, श्री हरीश खुराना, श्री इम्प्रीत सिंह, विक्रम मित्तल, श्री बृजेश राय आदि भी सम्मिलित हुए।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष श्री वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि साल 2024 भारत के लिए स्वर्णिम काल है और इसे आप रामराज की शुरुआत मान सकते हैं। यह ऐतिहासिक कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है जिसके लिए हमने प्रतिक्षा भी किया है और इसकी प्रतीज्ञा भी भाजपा ने की थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस पावन कार्य के लिए यह देश अनंतकाल तक उनके यश को संजोकर रखेगा।

सचदेवा ने कहा कि यह सिर्फ बाइक रैली नहीं बल्कि यह सभी राम भक्तों का उत्साह है जो राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन का इंतजार कर रहे हैं। राम लला सबके हैं और सभी को इस पवित्र कार्यक्रम का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 14 वर्षों के बाद भगवान श्री राम बनवास समाप्त कर जब अयोध्या आए थे तो पूरी अयोध्या नगरी सजाई गई थी और इस बार तो पाँच सौ वर्षों के बाद राम लला अयोध्या में आ रहें हैं। इसलिए यह उत्सव भी दिवाली की तरह होगी।

केन्द्रीय राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी ने कहा कि कहा कि पाँच सौ साल के इंतज़ार के बाद हम सनातनियों के जीवन यह शुभ दिन आया है। इस दिन के लिए हमारे पूर्वजों ने न जाने कितना अत्याचार और कितनी यातनाएं सही है।

इसलिए रामलला के प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन को इस तरह से मनाना कि चिरकाल तक इसकी भव्यता इतिहास की शोभा बढ़ाते रहे।

सांसद डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि यह बाइक रैली राम भक्तों द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव को मनाने का एक तरीका है। सभी लोग अपने घरों व पास के मंदिरों को फूलों से सजायें, राम नाम का दीपक जलायें, रंगोली बनाये और इसे उत्सव के तौर पर मनाये। उन्होंने कहा कि दिल्ली व देश भर के लोगों के अंदर एक अलग उत्साह है क्योंकि भगवान श्री राम सभी मानवता के लिए आदर्श हैं।

दिल्ली प्रदेश मंदिर प्रकोष्ठ के संयोजक श्री करनैल सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के पावन उत्सव कार्यक्रम का संदेश दिल्ली के घर घर तक पहुँचे और अधिक से अधिक लोग इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बने इस लक्ष्य को लेकर आज हमने हज़ारों की संख्या में बाईक रैली निकाला है। उन्होने कहा की पाँच सौ साल के बाद हम सनातनियों का इंतजार खत्म हुआ है। करनैल सिंह ने कहा कि प्रदेश कार्यालय से शुरू होकर बाइक रैली दिल्ली गेट, लाल क़िला, कश्मीरी गेट, पहाड़गंज, गोल चक्कर मंदिर मार्ग होते हुए कार्यालय पर ही पूरी होगी।

# अवैध निर्माण पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

### 8000 वर्गमीटर जमीन को कराया खाली, 5 करोड़ बताई गई कीमत



नोएडा। अवैध कब्जे को लेकर नोएडा प्राधिकरण सख्त है। सर्किल-10 क्षेत्र में गांव नलगढ़ा में प्राधिकरण की अधिसूचित व अधिग्रहीत जमीन पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। यहां प्लाट की चारदीवारी कर कलोनाइज़र द्वारा कब्जा किया जा रहा था। पहले भी इसी प्लाट के आसपास पर अवैध निर्माण करने का प्रयास किया गया था। यहां पहुंचे नोएडा प्राधिकरण के जेसीबी ने बाउंडरी वाल को गिराया। फेंसिंग कर जमीन को कब्जे में लिया। प्राधिकरण ने बताया कि ये जमीन नलगढ़ा गांव की है। मास्टर प्लान 2031 के अनुसार इस जमीन को नियोजित करते हुए सेक्टर-145 में शामिल किया गया। इस जमीन का एरिया करीब 8000 वर्गमीटर है। इसकी अनुमानित लागत करीब 5 करोड़ रुपए है। जमीन को अवैध तरीके से अपनी जमीन बताकर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। जानकारी मिलते ही सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक की अगुआई में प्राधिकरण पुलिस और जेसीबी का दस्ता मौके पर पहुंचा और अवैध निर्माण को हटाया। साथ ही अतिक्रमणकर्ताओं को चेतावनी दी गई कि यदि दोबारा से वे अवैध निर्माण या प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करते है तो उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही करते हुए प्राथमिक दर्ज कराई जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों से हल्की नोकझोंक हुई। जिसके बाद मौजूद पुलिस ने लोगों को समझाया।

# सिस्टर सिटी एग्रीमेंट से खुलेगी ग्रेनो में निवेश की राह

### अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के साथ जल्द एमओयू करने की तैयारी, मीटिंग में फैसला



गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के साथ जल्द ही सिस्टर सिटी एग्रीमेंट (शहरों की ट्विनिंग) होने जा रहा है। इससे ग्रेटर नोएडा में आर्थिक व्यापारी, शैक्षणिक और इनवायर्नमेंट आदि क्षेत्रों में निवेश की राह खुलेगी। अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी, वर्जीनिया के इकोनॉमिक डेवलपमेंट विभाग के कार्यकारी निदेशक बडी राइजर अपनी टीम के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के दफ्तर पहुंचे और प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार व एसीईओ मेधा रूपम के साथ बैठक की और एग्रीमेंट को अंतिम रूप देने पर चर्चा की। दोनों संस्थानों की तरफ से ड्राफ्ट एग्रीमेंट में एक-दो सुझाव दिए गए हैं, जिन पर अमल करते हुए शासन से जल्द अप्रूवल लेकर एमओयू किये जाने की तैयारी है।

दरअसल, ग्रेटर नोएडा और अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी के साथ सिस्टर सिटी के रूप में एग्रीमेंट करने के लिए प्राधिकरण काफी समय से प्रयासरत है। अब इस प्रयास पर जल्द अमल होने की उम्मीद है। मंगलवार को अमेरिका के लोउडन काउंटी सिटी वर्जीनिया के इकोनॉमिक डेवलपमेंट विभाग के कार्यकारी निदेशक बडी राइजर तीन अन्य प्रतिनिधियों के साथ ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण दफ्तर बैठक हुई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और लोउडन काउंटी सिटी के प्रतिनिधियों ने सभी अधिकारियों की मौजूदगी में प्रस्तुतिकरण दिया गया।

### गाजियाबाद से किडनैप कर दिल्ली ले जाकर पीटा

गाजियाबाद। गाजियाबाद के एक युवक को पुरानी रंजिश में किडनैप करके दिल्ली ले जाया गया। वहां उसे बंधक बनाकर बर्बरता से पीटा गया और मुंह पर पेशाब करने का भी प्रयास हुआ। युवक ने जैसे-तैसे वहां से भागकर जान बचाई। पुलिस ने इस मामले में पूर्व पार्षद सहित 10-12 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामला गाजियाबाद के खोड़ा थाना इलाके का है। महालक्ष्मी गार्डन निवासी हरेंद्र ने बताया, मेरे भाई पृथ्वी सिंह ने पूर्व पार्षद अमित कसाना पर पिछले साल एक मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से अमित कसाना रंजिश मानता है। 16 जनवरी की रात करीब साढ़े 12 बजे उसके घर के बाहर आटे से भरी एक गाड़ी खराब हो गई। उस गाड़ी को धक्का देने के लिए वो घर से बाहर आया। गाड़ी स्टार्ट होने के बाद वो वापस घर लौट रहा था। आरोप है कि तभी अमित कसाना और कुछ लड़कों ने उसे पीछे से आकर दबोच लिया।

# नोएडा मॉडल को अपनाएगा कर्नाटक का टुमकुर नगर

### टीम ने सीएंडडी वेस्ट, बायोमिथेनाजेशन प्लांट, आईएसटीएमएस, आईसीसीसी के बारे में ली जानकारी



नोएडा। प्रदेश में पहली रैंक हासिल करने के बाद बुधवार को नोएडा प्राधिकरण स्वच्छता मॉडल को समझने के लिए कर्नाटक के टुमकुर नगर निगम के अधिकारी नोएडा पहुंचे। टीम ने नोएडा प्राधिकरण की टीम के साथ शहर की योजनाओं का दौरा किया।

नोएडा मॉडल को अपने यहां लागू करने की सहमति दी। इसके लिए कर्नाटक की टीम को यहां सीएंडडी वेस्ट निपटारा, पिंक टॉयलेट कॉन्सेप्ट, बायोमिथेनाईजेशन प्लांट , आईएसटीएमएस और आईसीसीसी की बारीकियों को समझा।

कर्नाटक से आई टीम में नगर निगम के एआरओ शेखर बाबू, आरओ नरसिंह मूर्ति , हेल्थ इंस्पेक्टर हेमवती , जयंती , डिवीजन कलर्क राहुल के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

प्राधिकरण के डीजीएम एसपी सिंह की अगुआई में टीम को नोएडा के सभी प्लांट और मैकेनिकल स्वीपिंग की जानकारी से अवगत कराया गया। सबसे पहले टीम ने कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का दौरा किया।

उनको बताया गया कि यहां कंस्ट्रक्शन मटेरियल से डस्ट, स्टोन डस्ट, स्टोन फाइन डस्ट, स्टोर कोर डस्ट, ग्रेवल आदि तैयार किया जाता है। जिससे दोबारा से रिसाइकिल कर इससे इंटरलॉकिंग टाइल्स, कर्व स्टोन, व सीमेंट कंकरीट बनाई जाती है। इसके बाद टीम को बताया गया कि नोएडा में वर्तमान में 103 सार्वजनिक शौचालय, 78 सामुदायिक शौचालय, 16 पिंक शौचालय, 110 यूरिनल ब्लॉक है। जिनको पीपीपी मॉडल पर संचालित कराया जा रहा है। वहीं 3 बायोमिथेजाइशेन प्लांट 7 कंपोस्ट प्लांट आरडब्ल्यूए और एओए के जरिए संचालित किए जा रहे है। इससे वेट वेस्ट को गैस बनाने एंव खाद बनाने में प्रयोग किया जा रहा है। इसके बाद उनको 340 किमी की लंबाई में मुख्य मार्ग में मैकेनिकल स्विपिंग के बारे में अवगत कराया गया।

इसके बाद टीम को आईएसटीएमएस से अवगत कराया गया। उनको बताया गया कि आपातकालीन स्थिति में कोई भी व्यक्ति किस तरह से ईसीबीएस यानी इमरजेंसी कॉल बोक्स सिस्टम के प्रयोग कर सकता है।

उनको वीडियो वॉल दिखाई गई जिसमें नोएडा के सभी चौ राहों के लाइव मॉनिटरिंग के बारे में जानकारी दी गई। अंत में आईसीसीसी के अंतर्गत डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम से अवगत कराया गया। टीम ने कंचनजंगा मॉडल मार्केट का दौरा भी किया। जिसके बाद उन्होंने तय किया वे भी अपने यहां नोएडा मॉडल को अपनाएंगे।

## संपादकीय

# भारत में पच्चीस करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर

भारत, एक विविधतापूर्ण और बड़े जनसंख्या वाला देश है, जहां गरीबी एक बड़ी समस्या है। हालांकि, यह भी एक देश है जहां कई लोग गरीबी रेखा से बाहर निकल रहे हैं।

देश की आजादी के बाद घोषित तौर पर सभी सरकारों का मुख्य जोर गरीबी दूर करने पर ही रहा और इस समस्या को दूर करने के अनेक दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और रही।

इसमें कोई दो राय नहीं कि पिछले कुछ सालों में देश में विकासात्मक गतिविधियों को लेकर सक्रियता दिखती है और उसी मुताबिक जमीनी स्तर पर बदलाव भी आ रहे होंगे। इस लिहाज से देखें तो नीति आयोग की ताजा रिपोर्ट को एक उम्मीद की तरह देखा जा सकता है, जिसमें देश में बीते नौ वर्षों में 24.82 करोड़ लोगों के बहुआयामी गरीबी के दायरे से बाहर आने का दावा किया गया है।

जिस दौर में दुनिया भर में तमाम विकासशील देशों से लेकर विकसित देश भी कई मोर्चों पर व्यापक आर्थिक उथल-पुथल और मंदी से दो-चार हैं, उसमें भारत में करीब पच्चीस करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से बाहर आने की खबर आती है तो यह अच्छी बात है। सवाल है कि अगर इतने लोगों की जिंदगी में उल्लेखनीय बदलाव आए हैं और अलग-अलग पैमानों पर उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आया है तो सार्वजनिक स्तर पर यह दिखता क्यों नहीं है। गौरतलब है कि बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन-स्तर में सुधार की कसौटी पर मापा जाता है और ये बारह सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित संकेतकों के जरिए दर्शाए जाते हैं।

नीति आयोग के परिचर्चा पत्र में एक आकलन के मुताबिक, देश में बहुआयामी गरीबी 2013-14 में 29.17 फीसद थी, वह 2022-23 में 11.28 फीसद रह गई। इस रपट में एक खास पहलू यह है कि उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश ऐसे राज्य रहे, जिनमें गरीबी में सबसे ज्यादा कमी दर्ज की गई। इसे एक उपलब्धि के तौर पर देखा जा सकता है।

देश की आजादी के बाद घोषित तौर पर सभी सरकारों का मुख्य जोर गरीबी दूर करने पर ही रहा और इस समस्या को दूर करने के अनेक दावे किए गए, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और रही।

**उदार आर्थिक योजनाएं :** सरकार ने विभिन्न उदार आर्थिक योजनाओं की शुरुआत की है, जिससे लोगों को अधिक आर्थिक संबंध बनाने में मदद मिल रही है।

**रोजगार के साधना :** कई लोगों ने नए और सुस्त रोजगार के अवसर पहचाने हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

**शिक्षा का महत्व :** शिक्षा में सुधार के कारण कई लोग अच्छे करियर और आर्थिक स्थिति में सुधार कर रहे हैं।

**उद्यमिता :** कुछ लोगों ने अपनी उद्यमिता के माध्यम से सफलता प्राप्त की है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।

**समृद्धि में वृद्धि :** गरीबी से बाहर निकलने से समृद्धि में वृद्धि होगी और यह समाज के लिए भी फायदेमंद होगा।

**शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार :** लोगों को अधिक आर्थिक संबंध बनाने के कारण उन्हें अधिक शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी।

गरीबी से बाहर निकलना संघर्षपूर्ण हो सकता है, लेकिन यह सम्भव है। सरकार, समाज, और व्यक्तिगत स्तर पर हो रहे प्रयासों के माध्यम से हम एक ऐसे समाज की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं जहां गरीबी रेखा से बाहर निकलना संभव है और लोगों को अधिक समृद्धि और समृद्धि का अनुभव हो सकता है।

# ठंड से लोगों की परेशानियां अभी और बढ़ने की संभावना

सर्दी के मौसम की अवधि औसत से कम दिन की हो रही है, मगर थोड़ी अवधि में तापमान अचानक नीचे गिरने से मानव शरीर के लिए सहन कर पाना मुश्किल हो रहा है।

इन दिनों पूरा उत्तर भारत शीतलहर की चपेट में है। दिल्ली में औसत से नीचे तापमान रहा, तो पंजाब और राजस्थान में कई जगहों पर पारा शून्य से नीचे पहुंच गया। घने कोहरे की वजह से रेल और हवाई यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। मौसम विभाग का आकलन है कि अभी कुछ दिन और शीतलहर का प्रकोप बना रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से लोगों की परेशानियां अभी और बढ़ने की संभावना है।

हालांकि ऋतुचक्र के हिसाब से सर्दी का मौसम हर वर्ष आता है, मगर इसके मिजाज में आए बदलाव की वजह से परेशानियां अधिक बढ़ रही हैं। सर्दी के मौसम की अवधि औसत से कम दिन की हो रही है, मगर थोड़ी अवधि में तापमान अचानक नीचे गिरने से मानव शरीर के लिए सहन कर पाना मुश्किल हो रहा है। इस बार अलनीनो प्रभाव के कारण बहुत सारी जगहों पर सूखी ठंड पड़ रही है।

यानी हवा में अपेक्षित नमी नहीं है। इसका फसलों और बागवानी पर प्रतिकूल असर पड़ने की संभावना है। सूखी और तेज सर्दी मानव स्वास्थ्य पर बुरा असर डालती है। दिल्ली समेत सभी महानगरों में इन दिनों वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ा हुआ दर्ज हो रहा है, जिसके चलते सर्दी, खांसी, जुकाम जैसी परेशानियां बढ़ रही हैं।

सम के मिजाज में बदलाव की बड़ी वजह जलवायु परिवर्तन है। अभी सर्दी का प्रकोप लोगों के लिए मुश्किलें पैदा कर रहा है और फिर थोड़े दिन बाद ही गर्मी बढ़नी शुरू होगी, तो उसे झेलना मुश्किल हो जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से न केवल गर्मी की अवधि बढ़ी है, बल्कि इसकी तीव्रता भी सहनशक्ति के पार जा रही है। यही वजह है कि हर वर्ष गर्मी में तेज लू चलने के कारण लोगों की मौत के आंकड़े बढ़ रहे हैं।

पिछली गर्मी में उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में लू की चपेट में आकर सौ से अधिक लोगों के मरने के आंकड़े दर्ज हुए। यही हाल बरसात का भी है। बरसात की अवधि घट गई है और बरसने वाली बूंदों का आकार बढ़ गया है। इससे कम समय में हुई बारिश में भी जगह-जगह बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। मगर कई इलाके बरसात का इंतजार करते रह जाते हैं।

उन्हें सूखे की मार झेलनी पड़ती है। इस वजह से अन्न और फल-सब्जियों के उत्पादन पर बुरा असर पड़ने लगा है, जो खाद्य सुरक्षा की दृष्टि से चिंताजनक स्थिति माना जा रहा है।

इस वर्ष सर्दी का बदला मिजाज इसलिए भी चिंता का विषय है कि एक तरफ तो उन इलाकों में भी पारा शून्य से नीचे उतर जाने से परेशानी बढ़ गई है, जहां पहले इतनी ठंड नहीं पड़ा करती थी, वहीं पहाड़ों पर औसत से कम बर्फबारी दर्ज हो रही है। इसके पीछे बारिश कम होना बड़ा कारण बताया जा रहा है। पहाड़ों पर कम बर्फ गिरने से पारंपरिक जल स्रोतों, झीलों, तालाबों आदि में कम जल संचय हो पाएगा।

इससे पेयजल का संकट गहरा सकता है। दूसरी तरफ, मैदानी भागों में तेज सूखी सर्दी फसलों को नुकसान पहुंचाएगी। खाद्यान्न उत्पादन घट सकता है। यह एक और चेतावनी है कि जलवायु संकट से उबरने के लिए आजमाए जा रहे उपायों पर तेजी और संजीदगी से काम करने की जरूरत है। इसमें केवल व्यवस्था के स्तर पर नहीं, नागरिकों के स्तर पर भी सहयोग की अपेक्षा की जाती है। मगर अफसोस कि इस दिशा में अभी तक उत्साहजनक संकेत नजर नहीं आ रहे।

# गठबंधनों की माया से मुक्त होकर अकेली चलेगी मायावती



-ललित गर्ग-

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके न केवल विपक्षी इंडिया गठबंधन को चौंकाया है बल्कि नये राजनीतिक समीकरण खड़े कर दिये हैं। इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को इस घोषणा से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं भाजपा का चुनावी नफा-नुकसान इससे अवश्य प्रभावित होगा। यही कारण है तीनों दलों के रणनीतिकार अपने-अपने नजरिए से सियासी आंकलन करने में जुट गये हैं। मायावती अगर विपक्षी गठबंधन में शामिल होतीं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को फ़ायदा हो सकता था, लेकिन अब यह फायदा भाजपा को मिल सकता है। हाल के दिनों में भाजपा की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाए जा रहे थे कि वे इंडिया गठबंधन के लिये कोई उजाला नहीं बनेगी। इस ताजे ऐलान की मुख्य वजह पहले ही दिखाई देने का एक बड़ा कारण मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना भी रहा है। आज जब सभी विपक्षी दल भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मिलकर एकजुट हुए हैं, उसमें बसपा जैसी बड़ी पार्टी का ना होना भी महत्वपूर्ण हो जाता है। निश्चित ही बसपा का हाथी इंडिया गठबंधन के सपनों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया है।

लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में शासन का अनुभव रखने वाली मायावती ने राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए स्वतंत्र चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मायावती के अकेले चुनाव लड़ने से बसपा को लोकसभा में सीटों का कितना फायदा होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन अपने वोट बैंक के लिहाज से मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने ऐलान कर खिसकता हुआ जनाधार बढ़ाने का एक अचूक तीर चलाया है। उन्होंने अपने वोटरों को एक संदेश भी दिया है कि उनके वोट बैंक में कोई दूसरा हिस्सेदारी नहीं ले सकता है। जबकि समाजवादी पार्टी इस तरह का लाभ लेने के लिये तमाम तरह के दांवपेंच चलाती रही है। बसपा ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं।

मायावती एवं अखिलेश यादव के बीच कुछ समय से खटास बढ़ने एवं अविश्वास की स्थितियां गहराती हुई दिख रही थी, यही कारण है मायावती ने सपा के मुखिया को रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट का लाभ उनको न होकर गठबंधन दल को हुआ। बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में बसपा की मजबूत पकड़ का लाभ इंडिया गठबंधन को मिल सकता है। लेकिन मायावती ने अपने वोट बैंक को सुरक्षित, संरक्षित एवं वृद्धिंगत करने के लिये ही यह दूरगामी फैसला लिया है, जिसका लाभ बसपा को मिलेगा। मायावती का यह राजनीति फैसला जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझने और आचरण करने का भी सही कदम है और सफलता ऐसे ही सही कदमों के साथ चलती है।



मायावती का यह दांव राजनीतिक तौर पर निश्चित ही दूसरों की बजाय खुद के लिये बेहद फायदेमंद हो सकता है। क्योंकि बसपा का वोट बैंक उसी का है, उसमें कोई सेंधमार नहीं कर सकता। इसीलिये बसपा के लोकसभा का चुनाव अकेले लड़ने से कई फायदे मिलते नजर आ रहे हैं। पहला फायदा तो यही है कि पार्टी अपने पूर्व अनुभवों के लिहाज से मानकर चल रही है कि उसका वोट प्रतिशत कम नहीं होगा। दूसरा और महत्वपूर्ण फायदा बसपा को यह है कि उनके वोट का फायदा या हिस्सेदारी कोई अन्य दल नहीं ले सकता है। इन स्थितियों में अगर वोट प्रतिशत कम नहीं होता है, तो निश्चित तौर पर उनकी सीटें भी कहीं कम नहीं होने वालीं। भाजपा की प्रचंड लहर में भी भले ही उनकी सीटें कम हों, लेकिन वोट प्रतिशत में कोई सेंधमारी नहीं हो सकी। इसलिए बरकरार वोट प्रतिशत के साथ अकेले सियासी मैदान में उतरना पार्टी के लिए फायदे का सौदा होगा। इन सभी गणनाओं के आधार पर अकेले चुनाव का रास्ता उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने एवं भविष्य के लिये बसपा को मजबूती देने वाला राजमार्ग बन सकता है। इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि मायावती ने अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद के लिए इस चुनाव में पहली बार खुले तौर पर बगैर किसी दबाव के रणनीति बनाने और उसे अमली जामा पहनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा सियासी खेल खेला है। यह बात बिल्कुल सच है कि गठबंधन में रहकर आकाश आनंद के लिए अपनी रणनीतियों को आगे बढ़ाने की उतनी खुली आजादी नहीं मिल पाती।

मायावती की ताजा घोषणाएं राजनीतिक क्षेत्र में जहां हलचल पैदा करने का बड़ा कारण बनी है, तो वहीं विपक्षी दल इन घोषणाओं से बौखलाये भी हैं। यही कारण है कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि मायावती भाजपा सरकार की केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से घबरायी हुई है। वे ईडी व अन्य वित्तीय एजेंसियों की संभावित कार्रवाई की आशंका के दबाव में आकर ही यह फैसला किया हैं। इन आरोपों में सचाई हो सकती है, लेकिन राजनीति से जुड़े तमाम नेता एवं दल दूध के धूले नहीं है, उन पर ऐसी ईडी का साया मंडरा सकता है, फिर वे भी ऐसे ही राजग को लाभ पहुंचाने वाले निर्णय क्यों नहीं लेते? भले ही विपक्षी दल बसपा के राजग को परोक्ष रूप से लाभ पहुंचाने की रणनीति को इसी दृष्टि से देखते हो, या इसी वजह है कि बसपा सुप्रीमो ने उन तीखे-तल्ख नारों से परहेज किया है जो अकसर वह सवर्णों को लेकर उछालती रही है। विपक्षी भले कितने ही आरोप लगाती रहे, लेकिन मायावती को इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनाये रखने में वह पूरी तरह नाकाम रहा है।

एक समय ऐसा था जब मायावती एवं बसपा का राजनीतिक जादू सिर चढ़कर बोलता था। लेकिन यही अहंकार एवं जन-विरोधी राजनीति ने मायावती को जल्दी ही उसकी जमीन दिखा दी। दलित-मुस्लिम गठजोड़ की वैचारिकी पर आधारित यह राजनीतिक दल कालांतर में मुस्लिमों का भरोसा भी कायम न रख सका। एक समय पार्टी का जादू इस कदर था कि 1987 के हरिद्वार लोकसभा उपचुनाव में दिग्गज दलित नेता रामविलास पासवान तक की जमानत जब्त हो गई थी। ये बसपा-सपा गठबंधन की ताकत थी कि 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराये जाने के बाद चली राम लहर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती का जनाधार अब इतना नहीं रह गया कि पार्टी किंग मेकर की भूमिका निभा सके। उसके परंपरागत जनाधार पर नरेन्द्र मोदी के करिश्माई एवं जादुई व्यक्तित्व ने सेंध लगा दी है। बहरहाल, बसपा का अकेले चुनाव लड़ना भाजपा को रास आएगा क्योंकि इससे विपक्षी गठबंधन का जनाधार खिसकेगा। जिससे भाजपा की जीत की राह आसान हो सकती है।

# देश हित में उत्तरदायित्व प्राथम्य

वर्तमान के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है।

वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है।

आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अत: संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अत: उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है।

व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है।

अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्त रूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है।

हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है।

## दिल में राम प्रभु प्रेम छाया है

हर दिल में प्रभु प्रेम छाया है
लो अब तो राम राज्य आया है

देख ताकत अयोध्या के भारत की
पूरा विश्व भी कितना घबराया है

घर-घर आंगन-आंगन यह ऐलान है,
देखो हर घर में प्रभु राम का गान छाया है।

इतना तो दुनिया को इसका भान है,
पूरे विश्व के तारक प्रभु श्री राम है।

हर हृदय में प्रभु प्रेम छाया है,
सब प्रभु राम की महान माया है।

देश के हर बच्चे को ताकतवर बनना है।
किसी को भगत सिंह, किसी को आजाद बनना है।

देखो अयोध्या में आए श्री राम है,
हर दिल में बसे प्रभु श्री राम हैं।

आओ वंदन करें श्री चरणों में प्रभु के
प्रभु श्री राम भव्य स्वरूप में आए हैं।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# विकसित भारत संकल्प यात्रा ने भ्रष्टाचारियों की उम्मीद पर कील ठोकी



शासकीय योजनाओं से वंचित पात्र हितधारकों के लिए स्वर्णिम अवसर-भ्रष्टाचार के ताबूत में कील

विकसित भारत संकल्प यात्रा से शासकीय योजनाओं के लाभार्थियों में जनजागरण जागृत करना, 2047 के विकसित भारत संकल्प में मील का पत्थर साबित होगा - एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में भ्रष्टाचार एक बहुत बड़ी समस्या बनकर उभरा है, जिसे समाप्त करने वैश्विक स्तरपर अंतरराष्ट्रीय मंचों, संस्थाओं, संगठनों द्वारा अनेक स्तरपर कार्य और प्रयास किया जा रहे हैं, परंतु यह समस्या कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। भारत में भी भ्रष्टाचार रूपी दीमक, या यूं कहें के काला नाग अच्छे-अच्छों को डस चुका है। बड़ी-बड़ी योजनाओं की राशि डकार दी जाती है इसके सबूत में बड़े कारणों में से एक महत्वपूर्ण कारण है कि शासकीय योजनाओं की जानकारी उनके पात्र हित धारकों को नहीं होती, और शासकीय कर्मचारी इसका लाभ हितधारको को दिलाने के लिए भोले भाले नागरिकों पर चारा फेंकते हैं कि, इतने हरे दे दो तो मैं इसके दसगुना अधक का फायदा करवा दूंगा, हालांकि वह इस हेतु हित के लिए पहले से ही पात्र है, परंतु दुर्भाग्य है कि उसे अपने हित की इस योजना के बारे में जानकारी नहीं थी। इसका सटीक उदाहरण मैंने एक कॉलेज में देखा जहां, यही झांसा एक छात्र को दिया गया था,अक्सर अनेकों लोगों को ईडब्ल्यूएस स्कीम के बारे में जानकारी नहीं होती। वह गरीब, टैलेंटेड सर्व गुण संपन्न छात्र था,परंतु किसी आरक्षण के दायरे में नहींआता था जबकि वह बहुत अति गरीब था।सामान्य केटेगरी का था, परंतु उसे ईडब्ल्यूएस स्कीम के बारे में उसे जानकारी नहीं थी, उसे बाबू ने झांसा दिया के इतने हरे गुलाबी दे दो, मैं इंजीनियरिंग में चार वर्षों तक तुम्हारी फीस बिल्कुल ना के बराबर करवा दूंगा। हालांकि यह स्कीम पहले से ही पात्र लोगों को देना शुरू है और उसके लिए वह छात्र मान गया और और जेब ढीली करनी पड़ी। भ्रष्टाचार का खेल ही ऐसा है की योजनाओं स्कीमों की जानकारी उन पात्र हित धारकों को नहीं होती और या तो फंड जाली बांट दिया जाता है जाली हित दिखा उसके माध्यम से या फिर वापस चला जाता है। परंतु अभी कुछ समय से शुरू की गई विकसित भारत संकल्प यात्रा जो कि आज 16 जनवरी 2024 को हमारे गृह प्रदेश महाराष्ट्र में है और सभी शासकीय योजना की जानकारी आज जनता को दे रहे हैं, ऐसी ऐसी योजनाएं बता रहे हैं कि जिनकी जानकारी अनेकों पात्र रहते धारको भी नहीं थी, परंतु भ्रष्टाचार के माध्यम से ले रहे थे। उनको मालूम नहीं था कि वह इसके असली हित धारक पात्र हैं। इसलिए आज मेरा ध्यान इस विकसित भारत संकल्प यात्रा में भ्रष्टाचारी शासकीय कर्मचारियों के लिए इस योजना से सुदर्शन चक्र रूपी अस्त्र से किस तरह भ्रष्टाचार की उम्मीदों परकील ठोकी। यह यात्रा एक तरह से शासकीय योजनाओं को हितधारकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, शासकीय योजनाओं से वंचित पात्र हितधारकों के लिए स्वर्णिम अवसर, भ्रष्टाचारियों की ताबूत में कील।

साथियों बात अगर हम विकसित भारत संकल्प यात्रा की करें तो, 15 नवम्बर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक माननीय पीएम की संकल्पना है कि देश मे विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है, जिसमें गांव-गांव यह यात्रा पहुंचकर लाभार्थियों को लाभान्वित कर रही है और अब तक योजनाओं से मिले लाभ के बारे में भी लाभार्थी मंच के माध्यम से अपनी जीवन में आए परिवर्तन के बारे में विस्तार पूर्वक बता रहे हैं और उन्हें सेलिब्रेट कर रहे हैं और आने वाले जो पात्र व्यक्ति हैं उन्हें भी लाभान्वित करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को गांव के अन्तिम छोर तक निवास करे रहे जन सामान्य को शत प्रतिशत आच्छादित करना विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य हैं। शासन द्वारा देश व प्रदेश के प्रत्येक वर्ग, गरीब, असहाय,योजनाओं से वंचित लाभार्थियो के पीड़ा को समझते हुये बिना किसी भेदभाव के योजना से शत प्रतिशत लोगो को आच्छादित करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जनपद के प्रत्येक गांव में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मीडिया में एक अधिकारी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को जोड़ना है और उन्हें लाभ पहुंचाना है। जिन ग्रामीणो को प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, पेंशन, स्वच्छ शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, पेयजल, हैण्डपम्पो की स्थापना/मरम्मत, सम्पर्क मार्ग, कन्या सुमंगला योजना उज्ज्वला योजना सहित सभी योजनाओं से आच्छादित किया गया है उन लोगो से मिलकर योजनाओं के कैसे प्राप्त कर सकते है उसकी जानकारी भी ग्रामीणवासियों को दी जा रही है। विकसित भारत यात्रा विभिन्न जन भागीदारी कार्यक्रमों पर केंद्रित है जैसे योजनाओं के लाभार्थियों द्वारा अनुभव साझा करना, प्रगतिशील किसानों के साथ बातचीत, आयुष्मान कार्ड, जल जीवन मिशन, जन धन योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, ओडीएफ प्लस स्थिति जैसी योजनाओं की शत प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने वाली ग्राम पंचायतों की उपलब्धियों का उत्सव, मौके पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, ड्रोन प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिविर और मेरा युवा भारत स्वयंसेवी नामांकन। विकसित भारत अभियान, अब तक की सबसे बड़ी आउटरीच पहलों में से एक है, जिसका लक्ष्य अंतत: 25 जनवरी 2024 तक देश के हर जिले को छूते हुए 2.55 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों और 3,600 से अधिक शहरी स्थानीय निकायों को कवर करना है। पूरे अभियान की योजना और कार्यान्वयन राज्य सरकारों, जिला अधिकारियों, शहरी स्थानीय निकायों और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी के साथ संपूर्ण सरकार दृष्टिकोण के साथ किया जा रहा है। यह ध्यान दिया जा सकता है कि आईईसी वैन को हिंदी और राज्य भाषाओं में ऑडियो विजुअल, ब्रोशर, पैम्फलेट, बुकलेट और फ्लैगशिप स्टैंडीज़ के माध्यम से राष्ट्रीय, राज्य और जिले स्तर की प्रमुख योजनाओं, हाइलाइट्स और उनकी उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए ब्रांडिंग और अनुकूलित किया गया है। यात्रा का प्रभाव गहरा और जीवन बदलने वाला है।1.7 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए गए हैं और यात्रा के दौरान स्वास्थ्य शिविरों में 2.2 करोड़ से अधिक नागरिकों की जांच की गई है। वित्तीय स्वतंत्रता की ओर कदम बढ़ाते हुए 7.5 लाख से अधिक लाभार्थियों ने पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठाया है। यात्रा के दौरान 33 लाख से अधिक नए पीएम किसान लाभार्थियों का नामांकन किया गया है। 87 हज़ार से अधिक ड्रोन प्रदर्शन आयोजित किए गए हैं जो किसानों को तकनीकी सहायता प्रदान कर रहे हैं।विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ एक मार्च से कहीं अधिक है, यह कार्य करने का एक शक्तिशाली आह्वान है जिसकी प्रतिध्वनि देश भर में गूंज रही है। बदलाव लाने के लिए आज किए गए प्रयास, एक समृद्ध भविष्य का वादा करते हैं। इस आंदोलन का उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाना और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के करीब लाने का साहसिक संकल्प लेना है।

## शार्ट न्यूज

### रामनगरी में महिलाओं ने निकाली 'जल कलश यात्रा'



**अयोध्या।** प्रभु श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले बुधवार को महिलाओं ने जल कलश यात्रा निकाली। इसमें लगभग 500 से अधिक महिलाएं शामिल रहीं। बुधवार को प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का दूसरा दिन रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर समूचा समाज इस आयोजन से जुड़ गया है। श्रीराम नगरी में अयोध्या महानगर की महिलाओं ने सुबह सरयू तट से यात्रा का शुभारंभ किया। श्रीराम की पताका फहराते सिर पर कलश में भरा मां सरयू का जल लेकर महिलाएं राम धुन पर झूमते व राम की जयकार करते निकलीं। यात्रा महापौर गिरीश पति त्रिपाठी के संयोजकत्व में निकाली गई। इसका नेतृत्व महापौर की धर्मपत्नी रामलक्ष्मी त्रिपाठी ने किया। यात्रा में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की धर्मपत्नी नम्रता पाठक, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह समेत 500 से अधिक महिलाएं शामिल रहीं।

### 20 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल

प्रयागराज। कड़ाके की ठंड और कोहरे व शीतलहर के चलते प्रयागराज में डीएम के आदेश पर बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने क्लास 1 से 8 तक समस्त बोर्ड के स्कूल 18 जनवरी से 20 जनवरी तक बंद करने के आदेश दिया है। पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर चल रही है। जनपद प्रयागराज में लगातार कंपकंपाने वाली ठण्ड और भीषण शीतलहर से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। अधिकतम पारा 10 डिग्री, जबकि न्यूनतम पारा 6 डिग्री पहुंच गया है। भीषण गलन और शीतलहर से आम जनमानस त्राहिमाम बोल गया है। कड़ाके की ठंड के चलते लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने कक्षा एक से लेकर के आठवीं तक के सभी बोर्ड के सभी विद्यालयों को 18 जनवरी से 20 जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया है। उधर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष कामतानाथ ने भी प्रयागराज के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि भीषण ठंड के कारण विद्यालयों में शिक्षण कार्य आज तक स्थगित है। विद्यालय केवल शिक्षकों के लिए खोला गया है। विद्यालय खुलने का समय प्रातः 9 बजे के बजाय 10-30 बजे से किया जाय।

### आगरा में जिंदा जली बुजुर्ग महिला

**आगरा।** आगरा के थाना एत्मादौला के नगला बिहारी में घर में सो रही वृद्धा की जिंदा जलकर मौत हो गई। वृद्धा ने ठंड के बचने के लिए चारपाई के पास अलाव जला लिया था। सोते समय अचानक कंबल में आग लग गई। घर में कोई नहीं था। जब परिजन पहुंचे तो वृद्धा की मौत हो चुकी थी। नगला विहारी में 70 साल की वृद्धा लौंग श्री अपने तीन बेटों के साथ रहती हैं। उनके पड़ोस में मंगलवार को एक गमी हो गई थी। ऐसे में सभी लोग गमी में गए थे। घर पर लौंग श्री अकेली थीं। ठंड से बचने के लिए उन्होंने तसले में अलावा जलाकर अपनी चारपाई के पास रख लिया और सो गई। तसले में सुलगी आग ने चारपाई से नीचे लटके कंबल ने आग पकड़ ली। आग की लपटों में वृद्धा चारपाई पर सोते-सोते ही जल गई। कमरा बंद होने के कारण उनकी चीख भी बाहर नहीं जा पाई। शाम साढ़े पांच बजे करीब जब उनकी बहू घर में आई तो उसे कमरे से धुआं निकलते दिखा। दरवाजा खोला तो चारपाई में आग सुलग रही थी। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंचे। क्षेत्रीय पार्षद विजय वर्मा भी पहुंच गए। आग बुझाने के लिए पानी डाला। वृद्धा चार पाई से चिपक गई थीं। बड़ी मुश्किल से उन्हें चारपाई से अलग किया गया। मगर, बुरी तरह जलने के कारण उनकी मौत हो गई।

### महराजगंज में नशीले इंजेक्शन की खेप पकड़ी गई

महराजगंज। महराजगंज में भारत-नेपाल बार्डर पर सोनौली और ठूठीबारी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम मुखबिर के सूचना पर अलग अलग जगहों से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन की खेप बरामद की है। पुलिस ने तीन नेपाली तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र से बाइक सवार दो संदिग्ध नेपाली युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से नशीली इंजेक्शन बरामद किया है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी नीरज राय नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने क्षेत्र के निचलौल ठूठीबारी मार्ग पर स्थित चंदन नदी पुल के समीप घेराबंदी कर बाइक सवार दो संदिग्ध नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से 50 एम्पुल सेराजैक व 50 एम्पुल बूप्रेनार्फीन नशीली इंजेक्शन और एक नेपाली बाइक भी बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम सुरेंद्र प्रसाद भारती, निवासी रामग्राम 9 करमैनी, जिला नवलपरासी एवं विष्णु महतो, निवासी आनंद मार्ग 3, थाना भरतपुर ,चितवन राष्ट्र नेपाल बताया है। दूसरा मामले में नेपाल सीमा से सटे गांव हरदीडाली- नौतनवां मार्ग पर सोनौली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने एक युवक के पास से 285 पीस नशीला इंजेक्शन बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### दो अंतरराज्यीय गांजा तस्कर गिरफ्तार

वाराणसी। वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। समाज को नशे का लती बना रहे दो इंटरस्टेट गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। ये शातिर मोबाइल चोर भी हैं और पूर्व में जेल चुके हैं। पकड़े गए गांजे की कुल कीमत 3.5 लाख रुपए है। पुलिस की पूछताछ में दोनों ने बताया कि ये लोग बिहार से गांजा लेकर आते है तथा विभिन्न शहरों में बेचते हैं। साथ ही भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ मोबाइल की चोरी करते हैं तथा उसे आते जाते लोगों या ट्रेनों में बेच देते हैं। इसी से अपने शौक को पूरा करते हैं। पकड़े गए अभियुक्त बादल कुमार महतो व विकास महतो झारखंड के साहिबगंज के रहने वाले हैं। इनके खिलाफ वाराणसी व शाहजहांपुर में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। भेलूपुर एसीपी अतुल अंजान त्रिपाठी ने बताया कि तीन-चार दिन पहले बीएचयू की एक छात्रा द्वारा मोबाइल चोरी होने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर थाने की क्राइम टीम और स्थानीय पुलिस को घटना खुलासे के लिए निर्देशित किया गया था। पुलिस टीम ने मैन्युअल सर्विलांस, इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस एवं सीसीटीवी की मदद से घटना में शामिल दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

### आईटी कंपनी के अधिकारी के घर चोरी

शामली। शामली में शहर के दयानंद नगर की गली नंबर-5 में अज्ञात चोरों ने नोएडा आईटी कंपनी में काम करने वाले ऑफिसर के घर को निशाना बनाया है। चोरों ने ताले तोड़कर 7 लाख रुपए की कैश, लाखों रुपए की कीमत के सोने-चांदी के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी पड़ोसियों द्वारा मकान का ताला टूट देख शादी समारोह में शामिल होने मेरठ गए परिजनों को दी गई। भरी आबादी के बीच हुई चोरी की घटना को लेकर सनसनी फ़ैल गई। एसओजी, फॉरेंसिक टीम ने उच्च अधिकारियों के साथ घटना स्थल का मौका मुआयना कर पीड़ित परिजनों से जानकारी ली।फॉरेंसिक टीम ने मौके से फिंगर प्रिंट्स इक्कठा किए। मंगलवार को दीपक पूरे परिवार के साथ मेरठ स्तिथ रिश्तेदारी में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए हुए थे। बुधवार की दोपहर पड़ोसी रॉबिन ने दीपक को जानकारी दी की मकान के ताले टूटे पड़े हैं। घर का सारा सामान भी अस्त व्यस्त है। दीपक तत्काल अपने अन्य रिश्तेदारों के साथ शामली पहुंचे और देखा की घर के सभी कमरों, अलमारी, संदूको के ताले टूटे मिले। सारा सामान अस्त व्यस्त है। दीपक सेन के अनुसार चोरों द्वारा घर से लगभग 7 लाख रुपए की कैश, जिनमें से दो लाख रुपए कोरी गड्डी के रूप में हैं।

# सरयू की पवित्र मिट्टी से बने दीपों से रोशन होगी 'राम ज्योति'

## योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव में दिया बड़ा बाजार, अब तो साल में दो बार दीपावली मनाएंगे रामनगरी के कुम्हार

अयोध्या। जिस पावन धरा की मिट्टी में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र ने जन्म लिया, उस अयोध्या की मिट्टी के दर्शन करने निरंतर श्रद्धालु आ रहे हैं और 22 जनवरी के बाद असंख्य श्रद्धालु यहां आएंगे भी। जिस माटी (रामनगरी) पर 500 वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। 22 जनवरी को अब उसी धरा की पावन मिट्टी से एक बार फिर राम ज्योति न केवल अयोध्या, बल्कि देश-दुनिया में प्रज्ज्वलित होगी। फिलवक्त श्रीरामलला व हनुमानगढ़ी का दर्शन करने आए श्रद्धालु यहां के कुम्हारों से दीप खरीदकर ले जा रहे हैं, जिसे 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा के उपरांत शाम को अपने घरों पर राम ज्योति जलाकर दीपावली मनाएंगे। योगी आदित्यनाथ की सोची गई कल्पना साकार हुई तो चीन की झालरों से दूर यहां के कुम्हारों को दीपोत्सव पर बड़ा बाजार मिला।

अब कुम्हारों को आर्थिक रूप से और स्वावलंबी बनाते हुए योगी सरकार इन्हें साल में दो बार दीपावली मनाने का अवसर मुहैया करा रही है। योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप पर्यटन विभाग भी स्थानीय कुम्हारों के बनाए गए मिट्टी के 10 लाख दीपों से 22 जनवरी को रामनगरी को सजाने की तैयारी में जुट गया है।



### कुम्हारों के पसीने ले रहे आकार, घर-घर में राम ज्योति बिखरने को बेताब

22 जनवरी में महज पांच दिन शेष हैं। जैसिनपुर के कुम्हारों के पसीने अब दीपक के रूप में आकार ले रहे हैं। उन्हें बेकरारी है कि घर-घर में उनके बनाए दीपों से राम ज्योति प्रज्ज्वलित होगी।

इसके लिए विपरीत मौसम में भी वे रात-दिन काम कर अधिक से अधिक दीप बना रहे हैं। कुम्हार अशोक प्रजापति बताते हैं कि देहात के दर्शननगर, किशुनदासपुर, बैसिंग, कुसमाहा से मिट्टी मंगाई जा रही है, क्योंकि मौसम प्रतिकूल और समय कम है, लिहाजा फिलहाल छोटा दीपक बना रहे हैं।

अपने घरों के लिए दीप जलाने के लिए अयोध्या के लोग सीधे यहां भी आकर खरीदारी कर रहे हैं। फिलहाल चार से पांच ट्राली मिट्टी मंगाई है और उसी से अपने यहां दीपक बना रहे हैं। ऐसे और लोग भी काम में जुटे हैं।

योगी आदित्यनाथ ने जब 2017 में सत्ता संभाली, तभी से वे निरंतर दीपोत्सव का आयोजन करा रहे हैं। साल दर साल यह आयोजन दिव्य से दिव्यतम होता जा रहा है।

सीएम योगी भी कहते हैं कि अब अयोध्या की गलियों में गोली नहीं चलती, बल्कि दीपोत्सव होता है। 2017 में 1.71 लाख दीपों से शुरू हुआ दीपोत्सव महज सात वर्षों में 22.23 लाख दीपों तक पहुंच गया।

यह रिकॉर्ड बनाने के साथ ही प्रदेश व देश की समृद्धि को भी बढ़ाता जा रहा है। कुम्हार राजेश प्रजापति कहते हैं कि योगी बाबा के कारण एक काम तो हुआ कि हम लोगों को भी बड़ा काम मिलने लगा और दाल-रोटी की ठीक व्यवस्था होने लगी। पहले दीपोत्सव में लंबा काम मिलता था, लेकिन अब राम मंदिर उत्सव से हर साल ऐसा होगा, यह विश्वास है।

### राम आएंगे तो दीप जलाएंगे, श्रद्धालु रामगरी की पावन मिट्टी से बने दीप खरीदने को उत्सुक

22 जनवरी सनातन धर्मावलंबियों के लिए काफी प्रेरणादायी है, क्योंकि इसी दिन श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे, लिहाजा इस दिन हर भारतवासी अपने घरों में राम ज्योति प्रज्ज्वलित करेगा।

रामनगरी का दर्शन करने आए श्रद्धालु यहां की मिट्टी के दीपक खरीद रहे हैं। यह टूटे न, इसके लिए बेहद ढंग से पैक भी करवा रहे हैं।

बिजनौर से आए वेदप्रकाश और नंदगांव के धीरज चौधरी ने कहा कि दीपावली को श्रीराम के अयोध्या आगमन पर ही मनाई जाती है। अब तो श्रीराम अपने दिव्य-भव्य मंदिर में आ रहे हैं, इसलिए यह दीपावली सबसे बड़ी होगी। इसके लिए अयोध्या से 21 दीपक लेकर घर जा रहे हैं। वहां और दीपक खरीदकर पूरा घर सजाएंगे।

### 100 रुपये में 100 दीपक, कुम्हारों के हाथ को काम भी दे रही योगी सरकार

योगी सरकार कुम्हारों के हाथ को काम दे रही और बिक्री से काम को पूरा दाम भी मिल रहा।

खजुआ कुंड, आशिकबाग से रमेश प्रजापति व राकेश प्रजापति ने बताया कि तेजी से मिट्टी के दीप बना रहे हैं। यहां भी लोग खरीदने पहुंच रहे हैं। 100 रुपये में 100 दीपक दिए जा रहे हैं। मौसम प्रतिकूल होने का असर तो है, लेकिन घर के अधिक से अधिक सदस्य लगकर इसे तैयार कर रहे हैं।

# एएमयू में पढ़ाई कर रहा आतंकी गिरफ्तार

## आईएसआईएस मॉड्यूल पर कर रहा था काम; देश में आतंकी वारदात करने की ली थी शपथ

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्रों का आतंकी कनेक्शन लगातार सामने आ रहा है। यूपी एटीएस ने बुधवार को यूनिवर्सिटी के एक और छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोपी छात्र आईएसआईएस मॉड्यूल पर काम कर रहा था। बैयत (शपथ) लेकर देश में आतंकी गतिविधि फैलाने में लगा हुआ था।

बताया जा रहा है कि एएमयू ने फैजान बख्तेयार पुत्र बख्तेयार युसूफ को गिरफ्तार किया। फैजान पर 25 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था। एएमयू को फैजान को लंबे समय से तलाश थी। फैजान को एएमयू कैंपस के आसपास के इलाके से पकड़ा गया



है। उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी आतंकी फैजान अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से मास्टर इन सोशल वर्क की पढ़ाई कर रहा था। वह एएमयू के बीएम हॉल हॉस्टल के रूम नंबर 9 में रह रहा था। काफी समय से टीम उसकी तलाश कर रही थी, जिसके बाद टीम को बुधवार को सफलता मिली है।

### अब तक 8 आतंकी पकड़े गए

एटीएस के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियां लगातार आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं और अब तक 8 आतंकियों को पकड़ा जा चुका है। जिसके बाद इनका नेटवर्क लगभग ध्वस्त हो चुका था। इसके बाद से ही फैजान अंडर ग्राउंड हो गया था। यूपी एटीएस ने भौतिक और ग्राउंड सर्विलांस की टीम की मदद से आरोपी की तलाश की और उसकी लोकेशन मिलने के बाद उसे पकड़ लिया। आरोपी से टीम की पूछताछ जारी है।

### झांसी: सिलेंडर फटने से दो गंभीर रूप से घायल

झांसी ।उत्तर प्रदेश में झांसी के लहचूरा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक घर में खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लगने और बाद में सिलेंडर के फटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार लहचूरा थानाक्षेत्र के नयागाव में सुरेंद्र कुशवाहा की पत्नी घर में छोटे सिलेंडर से खाना बना रही थी और इसी दौरान सिलेंडर में आग लग गयी। महिला के शोर मचाने पर पड़ासी राजू और खूबचंद आग बुझाने पहुंचने ।दोनों ने काफी संघर्ष के बाद आग लगे सिलेंडर को घर के बाहर फेंका लेकिन इसी बीच सिलेंडर में जबरदस्त विस्फोट हो गया ।इस धमाके की चपेट में आकर राजू और खूबचंद गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को इलाज के लिए मऊरानीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां से हालत गंभीर होने के कारण उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

# गोरखपुर में दम घुटने से 2 बच्चों की मौत

## अंगीठी जलाकर मां के साथ सोए थे, महिला की हालत भी नाजुक

एजेंसी

**गोरखपुर।** गगहा थाना क्षेत्र के चकमाली उर्फ विठुआ गांव में मंगलवार की रात अंगीठी के धुएं से हुई घुटन से 2 बच्चों की मौत हो गई। साथ में सो रही उसकी मां की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। बड़हलगंज के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा है। दरअसल, गगहा क्षेत्र के विठुआ गांव के रहने वाले दिलीप निषाद रोजी-रोटी की तलाश में दुबई गए हैं।

उनकी पत्नी राधिका अपने 5 साल के बेटे अंश और 3 साल की बेटी अंतिका के साथ घर पर रहती है।

मंगलवार को राधिका अपने दोनों बच्चों के साथ अलाव ताप रही थी। ठंड ज्यादा होने के चलते वह अलाव वाला तसला कमरे में रखकर बच्चों के साथ सो गई। रात में आक्सीजन लेवल कम होने से दोनों बच्चों का दम घुटने लगा और उनकी मौत हो गई। वहीं मां राधिका भी बेहोश होकर बिस्तर पर पड़ी रही। सुबह किसी ग्रामीण ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया तब जाकर घटना की जानकारी हुई।

### बड़हलगंज में जिंदगी की जंग लड़ रही राधिका

महिला को बड़हलगंज के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर गगहा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है। एसएचओ दीपक सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घर वालों से बात कर मामले की तफ्तीश की जा रही है।

### झांसी में रेलवे कर्मचारी ने किया सुसाइड

झांसी। झांसी में रेलवे के एक कर्मचारी ने सुसाइड कर लिया। उसका अपनी पत्नी से पिछले 9 साल से विवाद चल रहा था। इस कारण से वह डिप्रेशन में रहता था। पिछले कुछ समय से वह ड्यूटी नहीं जा रहा था, इसलिए सस्पेंड भी चल रहा था। उसने बहन के घर पर दरवाजे के ऊपर रोशनदान में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ईसाइ टोला निवासी नरेंद्र मोहन झा रेलवे में जॉब करते थे। उनके निधन के बाद बेटे रूपकिशोर (34) को नौकरी मिल गई थी। वह वर्कशॉप में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर तैनात था। उसके जीजा रमाकांत ने बताया कि रूपकिशोर की 2013 में शादी हुई थी। लेकिन पत्नी 4-5 बार ससुराल आई। इसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया। तब से पत्नी अपने मायके में रह रही है। उसने रूपकिशोर के खिलाफ कोर्ट में केस कर दिया था। कुछ समय से रूपकिशोर अपनी बहन प्रीति के घर में रह रहा था। डिप्रेशन की वजह से वह ड्यूटी नहीं जा रहा था, इसलिए सस्पेंड चल रहा था। अब उसे एक फरवरी से नौकरी पर जाना था। जीजा ने आगे बताया कि मंगलवार को वह अपने गांव मड़ोरा गए थे। जबकि प्रीति ऑफिस गई थी। प्रीति के बच्चे स्कूल गए थे और रूपकिशोर घर पर अकेले थे। दोपहर में बच्चे स्कूल से लौटे तो पतंग उड़ाने छत पर चले गए। जब रूपकिशोर के मोबाइल पर कॉल आया तो काफी देर तक घंटी बजती रही। तब बच्चे नीचे आए तो दरवाजे के ऊपर रोशनदान में दुपट्टे के फंदे पर रूपकिशोर का शव लटक रहा था।

# 'इरफान मामले' में 18 गवाहों के बयान

## बचाव पक्ष ने कोर्ट में कहा-थाना 1 किमी. दूर फिर भी शिकायत अगले दिन की; 8 बने सरकारी गवाह

**कानपुर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी कांड में अभियोजन पक्ष की बहस पूरी हो गई है। कोर्ट में 18 गवाहों के बयान पेश किए गए। सहायक शासकीय अधिवक्ता ने सभी गवाहों के बयान कोर्ट को पढ़कर सुनाए और विधि विज्ञान प्रयोगशाला (स्नस्रु) की रिपोर्ट में ज्वलनशील पदार्थ पाए जाने की बात कही।

वहीं बचाव पक्ष ने मामले में बहस शुरू की। कहा कि घटना के 24 घंटे बीतने के बाद क्यों पीड़िता ने थाने में शिकायत की। ये विधायक और उनके भाई को फंसाने के उद्देश्य से पूरी प्लानिंग के साथ किया गया है।



### पीड़ित के घर के 4 लोगों के बयान दर्ज

डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगाने के आरोपी सपा विधायक इरफान सोलंकी व उनके भाई रिजवान सोलंकी के मामले में एमपी/एमएलए सेशन कोर्ट में सुनवाई की गई।

### बचाव पक्ष बोला-पीड़ित वहां रहती भी नहीं

गवाहों व सबूतों के आधार पर सहायक शासकीय अधिवक्ता ने कहा कि विधायक व उनके साथियों ने ही नजीर फातिमा के घर पर आग लगाई थी। सुनवाई में बचाव पक्ष के अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने बताया कि नजीर फातिमा न ही मकान में रहती थीं और न ही उनका कब्जा है। आरोप लगाते हुए कहा कि जो नजीर फातिमा की ओर से एफआईआर दर्ज कराई गई है, वो सलाह मशविरा करके सपा विधायक को फंसाने के उद्देश्य से लिखाई गई है। घटनास्थल से 1 किमी. दूर थाना होने के बावजूद 24 घंटे बाद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

सहायक शासकीय अधिवक्ता भास्कर मिश्रा ने मामले में नजीर फातिमा के घर के चार, जनता के छह व सरकारी आठ गवाहों के बयान कोर्ट को पढ़ कर सुनाए।

इसके साथ ही कन्नौज के विधि विज्ञान प्रयोगशाला से आई रिपोर्ट के बारे में बताते हुए कहा कि प्रयोगशाला ने जांच में ज्वलनशील पदार्थ की पुष्टि की है। इसके साथ ही घटनास्थल के पास मिले जले हुए कपड़े, बांस व लकड़ी के टुकड़े की जानकारी दी।

# बुजुर्ग बाप को पीट-पीटकर मार डाला

## छोटे भाइयों को दे दिया पक्का मकान और जेवरात, मुझे कुछ नहीं मिला

फतेहपुर। फतेहपुर में घर के बाहर बरामदे में सो रहे 70 साल के बुजुर्ग किसान की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया है। मृतक के बड़े बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने अपने पिता की हत्या की बात कबूल कर ली है।

बेटे ने पुलिस के सामने कबूल करते हुए कहा, मेरे बाप ने छोटे भाइयों को सबकुछ दे दिया। मुझे कुछ नहीं मिला। इसलिए मार डाला।

पूरा मामला जिले के बकेवर थाना क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव के रहने वाले 70 वर्षीय किसान कल्लू पाल रात में अपने खेत में बने घर के बरामदे में सो रहा था।

सुबह जब परिवार के लोग पहुंचे तो किसान का खून से लथपथ शव चारपाई पर पड़ा था। जिनके सिर पर डंडे से हमला किया गया था। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या की सूचना पर अपर



पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा घटना स्थल पर पहुंचे और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच के साथ खून से सना डंडा को अपने साथ ले गई। परिजनों को सुबह जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक ने घटना स्थल का निरीक्षण कर खुलासे के लिए 4 टीमों को लगाया है। पुलिस जमीन बंटवारे को लेकर हत्या की वजह मान रही है।

यूपी के फतेहपुर में विगत 10 दिन पहले घर के बाहर सो रहे 70 वर्षीय बुजुर्ग की पीट पीटकर निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए मृतक के बड़े पुत्र को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने हत्या करने के लिए इस्तेमाल डंडे को बरामद किया है।पुलिस के अनुसार मृतक द्वारा दो छोटे बेटे को पक्का मकान और आरोपी बड़े बेटे को कच्चा मकान देने के साथ पत्नी के जेवर छोटे भाई की पत्नी को देने के विवाद में हत्या करने की बात कही है।

पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि जिले के बकेवर थाना क्षेत्र के पहाड़ीपुर गांव के रहने वाले 70 वर्षीय कल्लू जोकि नहरामऊ में मिले प्रधानमंत्री आवास में रहकर दुकान चलाता थे।

### पीलीभीत में विवाहिता की संदिग्ध मौत...फंदे से लटकी मिली बॉडी

पीलीभीत। पीलीभीत में संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद में के पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज हत्या करने का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की बात कह रही है। लखीमपुर जिले के मैलानी थाना क्षेत्र के मछोहा गांव की रहने वाली सविता यादव का विवाह 5 साल पहले नीवा दांडी गांव के रहने वाले कप्तान सिंह के साथ हुआ था। मायके पक्ष के लोगों की माने तो महिला के तीन बच्चे हैं। महिला अपने ससुराल में जीवन यापन कर रही थी। मंगलवार देर शाम कप्तान सिंह के चाचा रामनरेश ने फोन कर मायके पक्ष के लोगों को जानकारी दी कि सविता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मायके पक्ष के लोग सूचना मिलने पर जब गांव में पहुंचे तो देखा विवाहिता का शव घर में पड़ा हुआ था और ससुराल पक्ष के लोग फरार थे।

# झांसी में कब्रिस्तान के कुएं में मिली लाश

झांसी। झांसी में बुधवार को कब्रिस्तान के अंदर बने कुएं में एक आढ़ती का शव मिलने से सनसनी फैल गई। आढ़ती आज सुबह ही घर से दुकान के लिए निकला था, लेकिन वह दुकान पर न जाकर कुएं में कूद गया। सुसाइड के पीछे के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

### कुएं से निकाला तो हो चुकी थी मौत

मृतक का नाम अनवार राइन (58) पुत्र छोटे खां था। वह शिवाजी नगर डडियापुरा का रहने वाला था। मृतक के बेटे अशफाक ने बताया कि पिता अनवार राइड सब्जी मंडी में आढ़ती की दुकान चलाते थे। रोजाना की तरह वह आज सुबह करीब 8 बजे घर से दुकान के लिए निकले थे।

दुकान पर न जाकर वह बस स्टैंड के पास कब्रिस्तान के अंदर बने कुएं में कूद गए।

इस पर मंडी चौकी को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच गई और अनवार राइन को बाहर निकाला गया। लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### मोबाइल में फोटो देखकर परिजन पहुंचे चौकी

बेटे ने बताया कि जब पिता कुएं में कूदे तो जानकारी नहीं थी। उनको बाहर निकालकर लोगों ने सोशल मीडिया पर फोटो डाली। तब एक दोस्त ने उनको पहचान लिया और मुझे फोन कर सूचना दी।

इस पर हम लोग मंडी चौकी पहुंचे। तब पूरे मामले का पता चला। पिता का न तो किसी से रंजिश है और न ही घर पर कोई झगड़ा हुआ। उनके सुसाइड करने के कारणों का पता नहीं है।

## शार्ट न्यूज

### ईपैक ड्यूरेबल का आईपीओ 19 जनवरी को खुलेगा

अहमदाबाद। ईपैक ड्यूरेबल लिमिटेड का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 जनवरी को खुलेगा। कंपनी की ओर से बुधवार को यहां जारी बयान में कहा है कि कंपनी के शेयर की फेस वैल्यू 10 रुपये है। कंपनी ने 218 से 230 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड रखा है। बोली न्यूनतम 65 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 65 इक्विटी शेयरों के गुणकों में लगाई जा सकती है। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 19 जनवरी शुक्रवार को खुलेगा और 23 जनवरी मंगलवार को बंद होगा। एंकर निवेशक बोली की तारीख 18 जनवरी गुरुवार होगी। कंपनी इक्विटी शेयरों के फ्रेश इशू से जुटाई गई राशि का उपयोग विनिर्माण इकाइयों के विस्तार/स्थापना, कंपनी के कुछ बकाया ऋणों के आंशिक या पूर्ण रूप से भुगतान और/या पूर्व भुगतान और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य (पेशकश के उद्देश्य) के लिए पूंजीगत व्यय के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव कर रही है।

### केवल एक पंजीकरण वाले पीओपी अधिसूचित

नयी दिल्ली। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के तहत व्यवसाय करने में आसानी और डिजिटल मोड के अधिक उपयोग के उद्देश्यों से पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाते हुए प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (पीओपी) विनियम 2023 को अधिसूचित किया। इस अधिसूचना के साथ, बैंक और गैर-बैंक ऑन-बोर्ड एनपीएस ग्राहकों के लिए पीओपी के रूप में कार्य कर सकते हैं। अब, उन्हें एनपीएस के लिए पहले कई पंजीकरणों के बजाय केवल एक ही पंजीकरण की आवश्यकता होगी और वे व्यापक डिजिटल उपस्थिति के साथ केवल एक शाखा के साथ काम कर सकते हैं। आवेदनों के निपटारे की समयसीमा 60 दिन से घटाकर 30 दिन कर दी गई है। सरलीकरण की उपरोक्त प्रक्रिया अनुपालन की लागत को कम करने और व्यवसाय करने में आसानी को बढ़ाने के लिए नियमों की समीक्षा करने से संबंधित केंद्रीय बजट 2023-24 में की गई घोषणा के अनुरूप है।

### लुफ्थांसा की हैदराबाद-फ्रैंकफर्ट के बीच सीधी उड़ान

नयी दिल्ली। जर्मनी की विमानन सेवा कंपनी लुफ्थांसा ने भारत में अपने सेवा नेटवर्क का विस्तार करते हुये बुधवार को हैदराबाद और जर्मनी के फ्रैंकफर्ट के बीच सीधी उड़ान सेवाओं की घोषणा की है। लुफ्थांसा ने कहा है कि औद्योगिक, व्यावसायिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण भारत के हैदराबाद नगर से जर्मनी के फ्रैंकफर्ट के बीच लुफ्थांसा की नयी सीधी उड़ान सेवा आज से शुरू है। इस एयरलाइन ने इसके लिये नये 787 ड्रीमलाइनर विमान को लगाया है। लफ्थांसा की एक विज्ञप्ति के अनुसार भारत वैश्विक स्तर पर उसके लिए सबसे तेजी से बढ़ते प्रमुख बाजारों में है और यहां के लिये क्षमता वृद्धि महामारी-पूर्व के स्तर से अधिक है।इसके साथ ही लुफ्थांसा अब जर्मनी से भारत के पांच शहरों को सीधे उड़ानों का परिचालन कर रही है। लुफ्थांसा समूह में दक्षिण एशिया के सीनियर डायरेक्टर, जॉर्ज एटियिल ने कहा, अपनी नयी हैदराबाद-फ्रैंकफर्ट सेवा के साथ अब हम भारतीय यात्रियों को यूरोप में हमारे केंद्रों के लिये 64 साप्ताहिक उड़ानें और यूरोपीय महाद्वीप पर सबसे बड़े नेटवर्क से जुड़ने की सुविधा मुहैया करा रहे हैं।

### मायप्रोटीन ने पावर और वेलोसिटी कलेक्शंस पेश किये

नयी दिल्ली। ऑनलाइन स्पोर्ट्स न्यूट्रीशन ब्राण्ड मायप्रोटीन ने अपने पावर और वेलोसिटी कलेक्शंस के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने आज यहां कहा कि 2024 के लिये तैयार, कसरत करने के दौरान पहने जाने वाले कपड़ों एवं दूसरे उत्पादों की यह विशिष्ट श्रृंखला अब फिटनेस फैशन को नई परिभाषा देने के लिये तैयार हैं। सारे बॉडी साइज की जरूरतों को पूरा करने के लिये डिजाइन किये गये, मायप्रोटीन में सारी रेंज शामिल है। कंपनी ने कहा कि फिटनेस के अपने सफर में हर कोई बेहतरीन नजर आना चाहिये और उसे अच्छा महसूस होना चाहिये। इस कलेक्शन में स्टाइल और फंक्शन जैसे दोनों महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया गया है। इस कलेक्शंस में इस्तेमाल की गई सभी सामग्रियां उच्चतम गुणवत्ता की हैं और भारी वर्कआउट्स के दौरान टिकाऊपन तथा आराम सुनिश्चित करती हैं।

### अब यूपीआई से विदेश में भी भुगतान होगा संभव

नई दिल्ली। अब आप यूपीआई के जरिये विदेश में भी भुगतान किया जा सकेगा। इसके लिए गूगल इंडिया डिजिटल सर्विसेज और भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम की सहयोगी कंपनी एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एनआईपीएल) ने एक समझौता किया है। इसके तहत विदेश जाने वाले भारतीय यात्री देश के बाहर भी गूगल पे का इस्तेमाल कर भुगतान कर सकेंगे। इस नए समझौते के बाद नकदी ले जाने और अंतरराष्ट्रीय भुगतान गेटवे की मदद लेने की जरूरत नहीं होगी। समझौते के बाद एनआईपीएल के सीईओ रितेश शुक्ला ने कहा, यह रणनीतिक साझेदारी न केवल भारतीय यात्रियों के लिए विदेशी लेनदेन को सरल बनाएगी बल्कि हमें एक सफल डिजिटल भुगतान प्रणाली के संचालन की विशेषज्ञता को अन्य देशों में विस्तारित करने में भी मदद करेगी। इस समझौते के बाद वैश्विक स्तर पर यूपीआई की उपस्थिति मजबूत होगी।

### 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' पर गिरी गाज

नई दिल्ली। सरकार ने नियमों के कथित उल्लंघन के लिए प्रमुख थिंक टैंक 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' का विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) पंजीकरण रद्द कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गृह मंत्रालय (एमएचए) द्वारा यह कदम एफसीआरए के तहत गैर-लाभकारी संस्था (एनजीओ) के पंजीकरण को निलंबित करने के लगभग एक साल बाद उठाया गया है। आयकर विभाग द्वारा की गई छापेमारी के बाद से थिंक-टैंक जांच के दायरे में है। गृह मंत्रालय ने विदेशी अंशदान कानून के प्रावधानों के कथित उल्लंघन के लिए एनजीओ का एफसीआरए पंजीकरण रद्द कर दिया है। इससे पहले एफसीआरए लाइसेंस फरवरी 2023 में 180 दिनों के लिए निलंबित किया गया था। फिर निलंबन को और 180 दिनों के लिए बढ़ा दिया गया। इसकी वेबसाइट के अनुसार 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' (सीपीआर) 1973 से भारत के अग्रणी थिंक-टैंक में से एक रहा है। इसमें बताया कि यह अध्ययन के लिए समर्पित एक गैर-लाभकारी, गैर-पक्षपातपूर्ण, स्वतंत्र संस्थान है।

# योगी ने कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का किया शुभारंभ

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में जुड़े सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर की वायु सेवा की शुरुआत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कोलकाता से अयोध्या के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का शुभारंभ किया। लखनऊ में अपने सरकारी आवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े सीएम योगी ने हरी झंडी दिखाकर इस सेवा का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अयोध्या आने वाले समय में देश और दुनिया में टूरिस्ट डेस्टिनेशन के लिए सबसे प्रमुख शहर होने जा रहा है। अयोध्या वैसे भी स्थानीय श्रद्धालुओं की बहुत बड़ी संख्या है, लेकिन पूरे देश में जिस तरह की आतुरता है उसे देखते हुए श्रद्धालुओं के यहां आवागमन को सुलभ बनाने का दायित्व हमने निभाया है। इसके लिए नागर विमानन मंत्रालय ने जो काम किया है वो सराहनीय है।

### एयर कनेक्टिविटी के मामले में यूपी बना प्रमुख राज्य

सीएम योगी ने कहा कि नागरिक विमान मंत्री ज्योतिरादित्य जी और जनरल वीके सिंह जी को धन्यवाद देता हूं जिन्होंने उत्तर प्रदेश की कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस करते हुए उसे हर संभव सहयोग प्रदान किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की प्रेरणा से उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने इस दिशा में बेहतरीन परिणाम सामने दिए हैं और विगत साढ़े 9 वर्ष के अंदर उत्तर प्रदेश में न केवल नए एयरपोर्ट्स आए हैं बल्कि 4 इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ उत्तर प्रदेश एयर कनेक्टिविटी की दृष्टि से एक अहम राज्य हो गया है। सीएम योगी ने कहा कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री जी ने अयोध्या के महर्षि बाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम को संपन्न किया और प्रसन्नता हो रही है कि एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ ही दिल्ली, मुंबई और अहमदाबाद के साथ वायु सेवा के उपरांत अब कोलकाता और बेंगलुरू के लिए भी एयर इंडिया एक्सप्रेस की यह वायुसेवा प्रारंभ होने जा रही है।

### जो 6 साल पहले कल्पना थी, आज वो हकीकत है

सीएम योगी ने कहा कि वास्तव में अयोध्या भारत की सनातन आस्था का प्रतीक तो है ही, साथ ही प्रभु श्रीराम भी हमारे धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष से जुड़े पुरषार्थ के प्रतीक हैं।

अयोध्या के अंदर 500 वर्षों के एक लंबे अंतराल के बाद पूरे देश ने अपनी आस्था को अयोध्या के प्रति व्यक्त किया है। आज उसका परिणाम हमारे



सामने है। 22 जनवरी 2024 को रामलला अपनी जन्मभूमि पर अपने मूर्त रूप में विराजमान होंगे। स्वाभाविक रूप से पूरे देश में अयोध्या आगमन के लिए एक उत्सुकता और आतुरता है। उनके अयोध्या आगमन के लिए क्या संभावनाएं हो सकती हैं। आज से 6 वर्ष पहले यह कल्पना थी कि अयोध्या के अंदर भी 4 लेन कनेक्टिविटी होगी। अयोध्या रेलवे लाइन के दोहरीकरण कार्य से जुड़ेगा। अयोध्या की पवित्र सरयू नदी में क्रूज सेवा प्रारंभ होगी और अयोध्या में इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा।

आज यह एक हकीकत है कि अयोध्या में यह सभी सेवाएं लोगों को प्राप्त हो रही हैं।

ये सब कुछ यदि वहां हम करने में सफल हुए हैं तो इसमें प्रधानमत्री जी का मार्गदर्शन और नेतृत्व, डबल इंजन सरकार द्वारा समय पर और तेजी के साथ निर्णय लेने की सामर्थ्य और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका रही है।

### कर्नाटक से हनुमान जी का संदेश अयोध्या लाने में होगी सुविधा

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में उत्तर प्रदेश सरकार पहले ही 821 एकड़ भूमि नागर विमानन मंत्रालय को उपलब्ध करा चुकी है। अभी वहां 500 यात्री एक साथ इस विमान तल का उपयोग कर सकते हैं।

साथ ही 8 विमान वहां लैंड कर सकते हैं। पार्किंग की सुविधा उन्हें उपलब्ध कराई गई है। भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जो योजना नागर विमानन मंत्रालय ने बनाई है, राज्य सरकार इस पूरे कार्यक्रम के साथ सकारात्मक सहयोग करेगी। उन्होंने खुशी जताई कि अब बेंगलुरू से अयोध्या की कनेक्टिविटी होने से अब कर्नाटक से हनुमान जी के संदेश को अयोध्या तक लाने में सुविधा होगी।

अयोध्या धाम को कोलकाता और बेंगलुरू से वायुसेवा से जोड़ने के इस कार्यक्रम में नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, राज्य मंत्री जनरल डॉ वीके सिंह,अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह,एयर इंडिया के चीफ कॉमर्शियल ऑफिसर अंकुर गर्ग, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्र एवं अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन एसपी गोयल समेत एयर इंडिया एक्सप्रेस और अयोध्या के गणमान्य लोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

### मात्र 17 दिन में देश के चारों कोनों से जुड़ गया अयोध्या धाम: ज्योतिरादित्य सिंधिया


भारत सरकार के नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां राम का नाम, वहां पूरे होते हैं काम। आज एक और महत्वपूर्ण दिन है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास और प्रगति के मामले नई ऊंचाइयां छू रहा है। उन्होंने कहा कि एक दीवाली हमने पिछले वर्ष मनाई थी, दूसरी दीवाली हाल ही में तीन राज्यों के चुनाव नतीजों के समय मनाई गई थी और अब तीसरी दीवाली 22 जनवरी को मनाई जाने वाली है। संपूर्ण विश्व की 800 करोड़ जनता में जितने भी रामभक्त हैं 22 जनवरी 2024 उनके जीवन का सबसे स्मरणीय दिन होगा। यह 500 साल का सपना था। हम सबकी कई पीढ़ियों का सपना था कि अयोध्या नरेश भगवान श्रीराम अपने महल में विराजमान हों। अब वह सपना पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भविष्य में अयोध्या पूरे भारत का सबसे प्रमुख विमान दल बनेगा। कनेक्टिविटी की बात करें तो सीएम योगी ने अयोध्या का पूर्ण कायाकल्प किया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या को दिल्ली और अहमदाबाद से जोड़ने के बाद आज बेंगलुरू और कोलकाता के साथ जोड़ा जा रहा है। 30 दिसंबर को उद्घाटन के बाद से 17 जनवरी तक हमने महज 17 दिन में अयोध्या को देश के चारों कोनों से जोड़ दिया है। यह किसी करिश्मे से कम नहीं है। देश का हर एक श्रद्धालु अपनी श्रद्धा को अर्पित करने के लिए तीव्र गति से अपने पुष्पक विमान से अयोध्या आ सकेगा।

# अडानी समूह ने महाराष्ट्र, तेलंगाना सरकारों के साथ 62 हजार करोड़ रुपये के निवेश के किये समझौते

नयी दिल्ली। अडानी समूह की कंपनियों ने महाराष्ट्र में डाटा सेंटर परियोजना पर 50 हजार करोड़ रुपये और तेलंगाना में एक डाटा सेंटर सहित विभिन्न परियोजनाओं पर 12400 करोड़ रुपये के निवेश के लिये दोनों सरकारों के साथ अलग-अलग सहमति पत्रों पर हस्ताक्षर किये हैं।

इन समझौतों पर बुधवार को दावोस में दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों और अडानी समूह के मुखिया गौतम अडानी की मौजूदगी में अधिकारियों की ओर से किये गये।

समूह की एक विज्ञप्ति के अनुसार इन समझौतों पर बुधवार को स्विटरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन के दौरान अलग से आयोजित समारोह में हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी मौजूद थे। विज्ञप्ति के अनुसार तेलंगाना सरकार के साथ इन समझौतों में एक समझौता अडानी एंटरप्राइजेस




लिमिटेड (एईएल) ने किया है जिसके तहत वह राज्य में 100 मेगावाट क्षमता का डाटा सेंटर बनाने के लिये पांच से सात साल के दौरान पांच हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत की बिजली से चलाया जायेगा और इसमें 600 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा।

इसी तरह समूह की कंपनी अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने भी राज्य में कोयाबेस्टागुडेम और नाचरम में क्रमश 850 मेगावाट और 500 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता की दो पंप स्टोरेज परियोजनाओं पर निवेश का समझौता किया है।

एक अन्य समझौता अम्बुजा सीमेंट द्वारा राज्य में 60 लाख टन क्षमता के सीमेंट कारखाने के लिये है जिसमें पांच साल में 1400 करोड़ रुपये का निवेश किया जाना है। इसमें 400 लोगों को रोजगार मिलेगा।

चौथा समझौता अडानी डिफेंस एंड एयरो स्पेस ने किया है जिसके तहत वह राज्य में एक हजार करोड़ रुपये के निवेश से एक ड्रोन और मिसाइल हमला रोधक प्रणाली का कारखाना स्थापित करेगी।

समूह ने दाओस में ही महाराष्ट्र सरकार के साथ राज्य में 50 हजार करोड़ रुपये के निवेश से एक गीगा वाट( एक हजार मेगावाट) क्षमता का वृहद डाटा स्टोरेज केन्द्र स्थापित करने का करार किया। समूह की विज्ञप्ति के अनुसार इस समझौते पर समूह की कंपनी एईएल और महाराष्ट्र सरकार के अधिकारियों ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अडानी समूह के प्रमुख गौतम अडानी मौजूद थे।

अडानी समूह ने कहा है कि महाराष्ट्र में उसकी डाटा स्टोरेज सुविधायें मुम्बई, नवी मुंबई और पुणे जैसे महत्वपूर्ण केन्द्रों पर होंगी। इनका विकास 10 साल में करने का लक्ष्य है और इससे राज्य में 20 हजार लोगों को प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रोजगार के अवसर मिलेंगे। इन्हें हरित ऊर्जा से परिचालित किया जायेगा।

# खादी ने लॉन्च किये 'सनातन वस्त्र'

नयी दिल्ली। खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने अयोध्या में श्रीराम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोहों को लेकर देश भर में हर्षोल्लास के वातावरण के बीच 'सनातन खादी' वस्त्रों की बुधवार को एक रेंज पेश की।

आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने यहां सनातनी वस्त्रों की रेंज को पेश करते हुये कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश में जारी उत्साह से अपने को जोड़ते हुये खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने 'सनातन वस्त्र ' पेश किये हैं। इनमें शॉल, अंगवस्त्रम, कुर्ता, फैब्रिक्स और पुन्डरू साड़ी शामिल हैं। इन सभी वस्त्रों में सनातन धर्म के प्रतीक रंगों का समावेश किया गया है। कुमार ने बताया कि इन वस्त्रों को जल्द ही देश के सभी खादी भंडारों पर उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या में इन वस्त्रों की उपलब्धता के खास इंतजाम किये जा रहे हैं, जिससे वहां आने वाले श्रद्धालुओं को ये वस्त्र आसानी से उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने बताया कि आधुनिक समय की जरूरतों को ध्यान में रखते हुये खादी के सनातन वस्त्रों को तैयार किया गया है जो अतीत के गौरवपूर्ण इतिहास से वर्तमान के लिये एक उपहार है। सनातन वस्त्र के लॉन्च के साथ ही खादी और ग्रामोद्योग आयोग युवाओं को स्वदेशी के साथ जोड़ना चाहता है। खादी का विस्तार ग्रामीण भारत के लाखों कारीगरों के जीवन में सुधार का हिस्सा है।

श्री कुमार ने बताया कि खादी भवन, नयी दिल्ली में 17 से 25 जनवरी 2024 तक खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों पर 10 से लेकर 60 प्रतिशत तक विशेष छूट दी जायेगी।


उन्होंने बताया कि पिछले नौ वर्षों में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का कारोबार 1.34 लाख करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। खादी वस्त्रों का उत्पादन 880 करोड़ रुपये से बढ़कर 3000 करोड़ रुपये का हो गया है।

# विनिर्माण प्रोत्साहन की विशेष योजनाओं से आया 1.03 लाख करोड़ रु का निवेश

नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को बताया कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं के तहत नवंबर 2023 तक 1.03 लाख करोड़ रुपये का नया निवेश हुआ और इसके परिणामस्वरूप कुल 8.61 लाख करोड़ रुपये के माल का उत्पादन और बिक्री हुई।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार पीएलआई योजना से आर्थिक गति को प्रोत्साहन मिला है और प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से कुल मिला कर 6.78 लाख से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

मंत्रालय का कहना है कि पीएलआई योजना से निर्यात को भी प्रोत्साहन




मिला है और यह 3.20 लाख करोड़ रुपये से ऊपर पहुंच गया है। विज्ञप्ति के अनुसार इस योजना के चलते इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, फार्मास्यूटिकल्स, खाद्य प्रसंस्करण और दूरसंचार एवं दूसरसंचार नेटवर्किंग क्षेत्र के उत्पादों के निर्यात को विशेष प्रोत्साहन मिला है।

उल्लेखनीय है कि सरकार ने भारत को %आत्मनिर्भर% बनने के दृष्टिकोण 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए पीएलआई योजनाएं प्रस्तुत की हैं। इन क्षेत्रों में थोक औषधि, चिकित्सा उपकरण, फार्मा, दूरसंचार, सफेद सामान, खाद्य प्रसंस्करण, कपड़ा और ड्रोन जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

देश की विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ाने के लिए लागू की जा रही इस योजना के तहत 14 चुनींदा क्षेत्रों में पीएलआई योजना के तहत 1.97 लाख करोड़ ( 26 अरब डॉलर से अधिक) का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

# बैंकिंग शेयरों के लुढ़कने से बाजार में कोहराम

मुंबई। ब्याज दर में कटौती और चीन की अर्थव्यवस्था के पटरी पर लौटने की उम्मीद से जूझ रहे निवेशकों के कमजोर रुझान से विश्व बाजार में आई गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर जारी तिमाही नतीजे में एचडीएफसी बैंक के ऋण-जमा अनुपात के खतरनाक स्तर पर पहुंचने से इस हैवीवेट बैंक के शेयरों के करीब साढ़े आठ प्रतिशत लुढ़कने से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1628.01 अंक अर्थात 2.23 प्रतिशत का गोता लगाकर 72 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 71,500.76 अंक रह गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 460.35 अंक यानी 2.09 प्रतिशत लुढ़ककर 22 हजार अंक से नीचे 21,571.95 अंक पर आ गया।

इस दौरान दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 1.09 प्रतिशत की गिरावट लेकर 37,597.29 अंक और स्मॉलकैप 0.90 प्रतिशत टूटकर 43,963.89 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3900 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2510 में बिकवाली जबकि 1301 में लिवाली हुई वहीं 89 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 39 कंपनियां लुढ़क गई जबकि 10 में तेजी रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई में टेक, कंज्यूमर डयूरेबल्स और आईटी समूह की 0.54 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान बैंकिंग समूह ने सबसे अधिक 4.02 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही कमोडिटीज 2.31, सीडी 1.17, ऊर्जा



0.88, एफएमसीजी 0.84, वित्तीय सेवाएं 3.76, हेल्थकेयर 0.66, इंडस्ट्रियल्स 0.38, दूरसंचार 1.94, यूटिलिटीज 1.03, ऑटो 1.28, कैपिटल गुड्स 0.19, धातु 2.86, तेल एवं गैस 0.93, पावर 0.88, रियल्टी 1.47 और सर्विसेज समूह के शेयर 1.41 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 1.62, जर्मनी का डैक्स 0.97, जापान का निक्केई 0.40, हांगकांग का हैंगसेंग 3.71 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 2.09 प्रतिशत लुढ़क गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 1130 अंक की भारी गिरावट के साथ 71,998.93 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 72,484.80 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 71,429.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 73,128.77 अंक के मुकाबले 2.23 प्रतिशत का गोता लगाकर 71,500.76 अंक रह गया।

इसी तरह निफ्टी भी 385 अंक की गिरावट लेकर 21,647.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 21,851.50 अंक के उच्चतम जबकि 21,550.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले दिवस के 22,032.30 अंक की तुलना में 2.09 प्रतिशत उतरकर 21,571.95 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 24 कंपनियों में एचडीएफसी बैंक ने सबसे अधिक 8.46 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही टाटा स्टील 4.08, कोटक बैंक 3.66, एक्सिस बैंक 3.18, आईसीआईसीआई बैंक 2.85, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.39, बजाज फ़िनसर्व 2.38, एसबीआई 1.67, एशियन पेंट 1.67, टाटा मोटर्स 1.63, इंडसइंड बैंक 1.59, बजाज फाइनेंस 1.55, मारुति 1.33, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.31, आईटीसी 1.12, सन फार्मा 1.09, अल्ट्रासिमको 0.97, भारती एयरटेल 0.93, रिलायंस 0.90, एनटीपीसी 0.71, विप्रो 0.56, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.17, टाइटन 0.14 और एलटी के शेयर भी 0.06 प्रतिशत टूट गए।

वहीं, एचसीएल टेक 1.34, टीसीएस 0.60, इंफ़ोसिस 0.55, टेक महिंद्रा 0.54 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.08 प्रतिशत लाभ में रहे।

# मेडिकल डिवाइसों को किफायती बनाने के लिए सीमा शुल्क कम करने की अपील

नयी दिल्ली। भारत में विनिर्माण और प्रशिक्षण करने वाली अनुसंधान-आधारित मेडिकल टेक्नोलॉजी कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाले मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमताई) ने सरकार से अगले वित्त वर्ष के आम बजट में मेडिकल डिवाइसों को किफायती बनाने के लिए इस पर सीमा शुल्क कम करने की अपील की है।

एमताई ने आज यहां कहा कि सरकार आम बजट में मांगों की लंबित सूची का ध्यान देगी। भारत की मेडटेक इंडस्ट्री को नवोन्मेषी और विश्व के लिए पथ-प्रदर्शक बनाने के लिए सरकार वर्ष 2023 में नेशनल मेडिकल डिवाइस पॉलिसी (एनएमडीपी) और प्रमोशन ऑफ रिसर्च एंड इनोवेशन इन फार्मा मेडटेक सेक्टर (पीआरआईपी) जैसे कई नए सुधार लाई। नियमन भार को कम करने और वैश्विक रूप से समरूप नियमन बनाने के प्रयासों की इंडस्ट्री ने स्वागत भी किया, जो कि वर्ष 2023 की पहली तीन तिमाही के दौरान आयी एफडीआई से साफ पता चलता है।

इसके बावजूद अभी भी कई अवरोध हैं जो सेक्टर को पूरी क्षमता से प्रदर्शन करने से रोक रहे हैं। उदाहरण के लिए हेल्थकेयर अत्यंत महत्वपूर्ण सेक्टर होने के बावजूद इस पर लागू प्रशुल्क (टैरिफ) एवं सीमा शुल्क के दरें काफी ऊंची हैं और यह इस सेक्टर पर लगे मूल्यानुसार हेल्थ अधिभार के भार से पीड़ित है।

एमताई के अध्यक्ष एवं वायगोन इंडिया के प्रबंध निदेशक पवन चौधरी ने यहां संवाददाताओं से कहा यह देखकर प्रसन्नता होती है कि चीजों को किफायती बनाना सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। लेकिन, भारत में मेडिकल डिवाइसों पर लागू सीमा शुल्क और टैक्स बहुत अधिक है जो मरीजों की सामर्थ्य पर असर डालती है।

इसलिए यह स्थिति ठीक उसके विपरीत है जो सरकार प्राप्त करना चाहती है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार भारत में गुणवत्तापूर्ण हेल्थकेयर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 80 प्रतिशत मेडिकल डिवाइसों का आयात किया है।

हम उम्मीद करते हैं केंद्रीय बजट 2024 को तैयार करते समय प्रशुल्क (टैरिफ) दरों में कटौती पर तुरंत प्रभाव से अमल किया जायेगा।

एमताई के निदेशक एवं बॉस्च एंड लैम्ब के प्रबंध निदेशक संजय भूटानी ने कहा सरसरी निगाह से देखें तो मेडिकल डिवाइस आयात पर भारत की निर्भरता काफी ज्यादा लग सकती है, लेकिन गहराई से जांचें तो तस्वीर इसके उलट है। भारत में आयात में बढ़ोतरी मुख्यत: बढ़ती जनसंख्या, जीवन-आयु और लाइफ-स्टाइल संबंधी बीमारियों की वजह से मांग में वृद्धि के कारण हो रही है। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत (पीएम-जेएवाई) जैसी सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज स्कीमों के बढ़ते दायरे ने गुणवत्तापूर्व हेल्थकेयर की मांग में भारी वृद्धि की है।

लेकिन, जीएसटी के साथ-साथ सीमा-शुल्क और हेल्थ उपकर की ऊंची कर दरें मरीजों के साथ-साथ इंडस्ट्री के लिए भी नुकसानदेह हैं।

हमारा सुझाव है कि सभी मेडिकल डिवाइसों के लिए सीमा-शुल्क की दरों को कम करके 2.5त्न तक लाने की आवश्यकता है।

जिन मुद्दों का समाधान इस बजट में करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि मेडिकल डिवाइसों पर ऊंची सीमा शुल्क दरों को घटाकर 2.5 प्रतिशत तक लाने, मूल्यानुसार हेल्थ अधिभार को हटाने, हेल्थकेयर मांग-आपूर्ति अंतर को पाटने के लिए सरकार द्वारा स्वास्थ्य खर्च बढ़ाने, कौशल की कमी को दूर करने के लिए कौशल पहलों को प्रोत्साहन देने, मेडिकल डिवाइसों के फ्री सैंपलों पर से टीडीएस हटाने, सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना में डे-केयर सर्जरी और घर पर ही स्वस्थ्य सुविधाओं को शामिल करने की अपील की गयी है।

## शार्ट न्यूज

### आइस स्केटिंग रिंक में एनुअल कार्निवल का आयोजन

शिमला। हिमाचल की राजधानी शिमला के आइस स्केटिंग रिंक में लगभग पांच वर्ष के बाद स्केटिंग के जिमखाना में एनुअल कार्निवल का आयोजन हुआ। राज्य के युवा सेवा एवं खेल मंत्री यादवेंद्र सिंह गोमा ने बुधवार देर शाम को हुए इस एनुअल कार्निवल में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर प्रतिभागियों को सम्मानित किया। एनुअल कार्निवल में स्केटिंग की अलग-अलग छः मनोरंजक स्पर्धाएं हुई, जिसमें फैंसी ड्रेस, एग्जिबिशन हॉकी मैच, फ्री एंड फैंसी स्पर्धा, जॉइंट व्हील, चौन टेग शामिल हैं। वहीं टॉर्च लाइट टैटू मशाल के साथ स्केटिंग मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर खेल मंत्री यादविंदर सिंह गोमा ने स्पर्धाओं में अव्वल रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि शिमला का आइस स्केटिंग रिंक हिमाचल की ऐतिहासिक धरोहर में से एक है इसको संजोए रखना सरकार का काम है। युवाओं के लिए भी अपनी प्रतिभा निकालने के लिए यह बेहतरीन मंच है। आइस स्केटिंग क्लब की तरफ से आर्टिफिशियल आइस स्केटिंग को लेकर एक प्रपोजल सरकार को भेजा गया है जिसको लेकर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा के बाद निर्णय लिया जाएगा। ताकि यहां पर इसी तरह की गतिविधियां आयोजित की जा सके।

### चार फरवरी को होगी पन्द्रहवीं एयू जयपुर मैराथन

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में आगामी चार फरवरी को एयू जयपुर मैराथन का आयोजन किया जायेगा जिसका बुधवार को यहां इवेंट कैलेंडर लॉन्च किया गया। दौड़ बदलाव की, जिद जीत की ध्येय के साथ इवेंट कैलेंडर लॉन्च किया गया। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से चार फरवरी को एयू जयपुर मैराथन का आयोजन होगा। मैराथन के आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा ने बताया कि मैराथन में 18 देशों के करीब एक लाख धावकों के भाग लेने की उम्मीद है। मैराथन में 25 हजार से अधिक स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी भी शामिल होंगे। भारी संख्या में महिलाएं भी इस दौड़ का हिस्सा बनेंगी। शहर को स्वच्छ और सुंदर बने रहने का संदेश देती एयू जयपुर मैराथन के इवेंट के पार्टनर आवास फाइनेंस और मेडिकल पार्टनर नारायणा हेल्थ हॉस्पिटल हैं। इवेंट कैलेंडर लॉन्च के अवसर पर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एयू स्मॉल फाइनेंस बैक के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सौरभ तांबी और आवास फाइनेंस लि. के चीफ पर्सन ऑफिसर अंशुल भार्गव ने जयपुरवासियों को स्वस्थ रहने और अधिक से अधिक संख्या में एयू जयपुर मैराथन से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जयपुर सांसद राम चरण बोहरा ने कहा कि एयू जयपुर मैराथन के साथ ही दौड़ के उत्सव की शुरुआत हो चुकी है।

### आईसीसी ने द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए रेडफर्न को किया तटस्थ महिला अंपायर नियुक्त

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच आगामी महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय द्विपक्षीय श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की सू रेडफर्न को महिला तटस्थ अंपायर नियुक्त किया है। सभी आईसीसी महिला चैम्पियनशिप श्रृंखला और टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के लिये आईसीसी के एक तटस्थ अंपायर नियुक्त करने के फैसले के बाद रेडफर्न की नियुक्ति की गयी है। इसी के साथ रेडफर्न द्विपक्षीय श्रृंखला में आईसीसी द्वारा नियुक्त पहली महिला तटस्थ अंपायर बन गयी है। रेडफर्न ने अपनी नियुक्ति पर कहा, यह महिला क्रिकेट और महिला क्रिकेट अधिकारियों दोनों के लिए निर्णायक क्षण है। मैं आईसीसी और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद देना चाहूंगी और ऐसी ही और नियुक्तियों की उम्मीद करती हूं। आईसीसी के क्रिकेट महाप्रबंधक वसीम खान ने कहा, यह महिला क्रिकेट के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है क्योंकि हम महिला मैच अधिकारियों के मार्ग कार्यक्रम को लागू करने और अपने सबसे अच्छे प्रदर्शन करने वालों के लिए स्थानापन्न अवसरों में तेजी लाने पर विचार कर रहे हैं।

### ऑस्ट्रेलियन ओपन: मीरा एंड्रीवा ने ओन्स जाबेउर को और गॉफ ने डोलेहाइड को हराया

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के चौथे दिन रूस की 16 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने दूसरे राउंड में बड़ा उलटफेर करते हुए छठी वरीयता प्राप्त ओन्स जाबेउर को सीधे सेटों में हरा दिया। वहीं यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ हमवतन कैरोलिन डोलेहाइड को हराकर तीसरे दौर में पहुंच गई है। मेलबर्न पार्क में अपना पहला टूर्नामेंट खेल रही एंड्रीवा ने तीन बार की ग्रैंड स्लैम रनर-अप को महज 54 मिनट में 6-0, 6-2 से हराया। एंड्रीवा पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन में हिस्सा ले रहीं है। उन्होंने ग्रैंड स्लैम पिछले वर्ष पर्दापण किया था। उन्होंने पहली बार विश्व की शीर्ष 10 रैंकिंग में मौजूद खिलाड़ी को हराया है। एंड्रीवा ने कहा, मैच से पहले मैं वास्तव में घबराई हुई थी। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में ओन्स से प्रेरित हूं, जिस तरह से वह खेलती है। डब्ल्यूटीए टूर पर खेलना शुरू करने से पहले मैं हमेशा उसके मैच देखती थी और अब मुझे उसके खिलाफ खेलने का मौका मिला। एंड्रीवा ने मैच जीतने के बाद कहा, मैच के बाद वह मेरे पास आईं, उन्होंने मुझे शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मैं बस इतना जानता हूं कि वह जैसी है वैसी ही है और वह कभी नहीं बदलती। मुझे उसके बारे में यही पसंद है।

### भारत के ओलंपिक मेजबान बनने की राह आसान

नई दिल्ली। ओलंपिक 2036 के लिए भारत की मेजबानी का रास्ता साफ होता जा रहा है। अब मैक्सिको ने आधिकारिक तौर पर ओंलपिक 2036 की मेजबानी से नाम वापस ले लिया है। कड़ी प्रतिस्पर्धा का हवाला देते हुए मैक्सिको ने मेजबानी से अपना नाम वापस ले लिया है। राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (सीओएम) की अध्यक्ष मारिया जोस अल्काला ने मंगलवार को प्रायोजकों के एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अब मैक्सिको अपना ध्यान युवा ओलंपिक खेलों के लिए बोली लगाने पर केंद्रित करेगा, जहां उसके पास बेहतर मौका है। मैक्सिको ने शुरुआत में अक्तूबर 2022 में खेलों के इस महाकुंभ की मेजबानी करने का इरादा जताया था। पूर्व विदेश मंत्री मार्सेलो एबरार्ड ने सीओएम के साथ मिलकर 2036 ओलंपिक की मेजबानी करने की इच्छा जताई थी। यह देश 1968 में सफलतापूर्वक ओलंपिक खेलों की मेजबानी कर चुका है और एक बार ग्रीष्मकालीन खेलों को अपनी धरती में आयोजित करना चाहता था।

### प्रगनाननंदा ने डिंग लिरेन को हराया

नई दिल्ली। भारत के स्टार शतरंज खिलाड़ी रमेशबाबू प्रगनाननंदा ने एक बार फिर कमाल किया है। उन्होंने मंगलवार (16 जनवरी) को टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही वह अनुभवी शतरंज ग्रैंडमास्टर विश्वनाथन आनंद को पछाड़कर पहली बार नंबर एक रैंक वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर बन गए। चीन के विश्व चैंपियन लिरेन के खिलाफ मिली जीत ने प्रगनाननंदा को आश्चर्यचकित कर दिया, क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पूर्व खिलाड़ी इतनी आसानी से हार जाएगा। चेस डॉट कॉम ने प्रगनाननंदा के हवाले से कहा, मुझे लगा कि मैंने बहुत आसानी से बराबरी कर ली और फिर किसी तरह चीजें उनके लिए गलत होने लगीं। मोहरा जीतने के बाद भी मुझे लगा कि मैच में वह पकड़ बना सकते हैं। मुझे लगता है कि किसी भी दिन, यदि आप इतने मजबूत खिलाड़ी को हराते हैं, तो यह हमेशा विशेष होता है क्योंकि उन्हें हराना बहुत आसान नहीं होता है। शास्त्रीय शतरंज में विश्व चैंपियन के खिलाफ पहली बार जीतना अच्छा लगता है। प्रगनाननंदा को टूर्नामेंट में जिस तरह की शुरुआत मिली है उससे संतुष्ट लग रहे हैं, लेकिन वह अपने सामने आने वाली चुनौतियों से सावधान हैं। उन्होंने कहा यह अच्छा है। मुझे लगता है कि पहले तीन गेम काफी दिलचस्प थे। मुझे लगता है कि मैं अच्छा खेल रहा हूं, लेकिन पिछले साल भी ऐसा ही हुआ था।

# फिन ऐलन के तूफानी शतक से न्यूजीलैंड ने पाकिस्तान को 45 रनों से हराया

डुनेडिन। फिन ऐलन की रिकार्ड 137 रनों की तूफानी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 45 रनों से हरा दिया है।

इसी जीत के साथ न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में पाकिस्?तान पर 3-0 से अजेय बढ़त ले ली है।




आज यहां पाकिस्तान ने टॉस जीतकर न्यूजीलैंड को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत ठीक नहीं रही और चौथे ओवर में उसने डेवन कॉन्वे सात रन का विकेट गंवा दिया। इसके बाद फिन एलन और टिम साइफर्ट के साथ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए दूसरी विकेट लिये 125 रन जोड़े। साइफर्ट 31 रन बनाकर आउट हुये। फिन एलन ने अपनी तूफानी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाते हुए 62 गेंदों 137 रन बनाए। ग्लेन फिलिप्स 18 और डैरिल मिचेल आठ रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 224 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

पाकिस्तान की ओर से हारिस रउफ ने दो विकेट लिये। शाहीन शाह अफरीदी, जमान खान,मोहम्मद नवाज और मोहम्मद वसीम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

225 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी ठीक नहीं रह और चौथे ओवर में उसने सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 10 रन का विकेट खो दिया। हालांकि तीसरे नबंर पर खेले आये बाबर आजम ने आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 37 गेंदों 58 रन बनाए। मोहम्मद रिजवान ने 20 गेंदों में 24 रन, फखर जमान ने 19 रन, नवाज 28 रन बनाकर आउट हुये। कप्तान शाहीन शाह अफरीदी 16 रन पर नाबाद रहे। पाकिस्तान की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 179 रन ही बना सकी।

न्यूजीलैंड की ओर से टिम साउदी ने दो विकेट लिये। मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्युसन, मिचेल सैंटनर और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला। पाकिस्तान की पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला में यह लगातार तीसरी हार है। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच चौथा टी-20 मुकाबला 19 जनवरी और पांचवां और आखिरी मैच 21 जनवरी को होगा।

### फिन ने 16 छक्कों के साथ विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की

डुनेडिन। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने आज तीसरे टी-20 मुकाबले में पाकिस्तानी गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते 62 गेंदों में 137 रन की शतकीय पारी में 16 छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। एलन अब टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस पारी में 137 रन बनाते हुए ब्रेंडन मैकुलम के 123 रन के रिकार्ड को पीछे छोड़ दिया। इसके साथ ही उन्होंने 16 छक्के जड़ते हुए एक पारी में सबसे अधिक छक्कों के विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। अफगानिस्तान के हजरतुल्लाह जजई ने 16 छक्कों के साथ शीर्ष पर हैं और अब फिन एलेन भी उनकी बराबरी पर पहुंच गए हैं। हजरतुल्लाह जजई ने फरवरी 2019 में आयरलैंड के खिलाफ मैच में 62 गेंद में 162 रन बनाए थे। इस पारी में उन्होंने 11 चौके और 16 छक्के लगाए थे। अब फिन एलेन ने इतनी ही गेंदों में 137 रन बनाए हैं। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और 16 छक्के लगाए।



## अभिषेक के ऑल राउंड प्रदर्शन से फ्रेंड्स ने संघा को हराया

नयी दिल्ली। अभिषेक रावत के ऑल राउंड प्रदर्शन की बदौलत आज फ्रेंड्स यूनाइटेड एफसी ने तरुण सांघा को 2-1 से हरा कर डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए।

रक्षापंक्ति के खिलाड़ी अभिषेक को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया है। उन्होंने फ्रेंड्स की ओर से दोनों गोल किये। वहीं तरुण सांघा की ओर से बोनिसन ने दागा।

भले ही दोनों टीमें खिताबी दौड़ से बाहर हैं लेकिन का मुकाबला रोमांचक रहा।

फ्रेंड्स यूनाइटेड ने कप्तान अभिषेक रावत के शानदार गोल से बढ़त बनाई। 30 गज की दूरी से उसने दनदनाते लेफ्ट फुटर से फ्रेंड्स यूनाइटेड को बढ़त दिलाई। लेकिन मध्यांतर के बाद पहले ही मिनट में तरुण सांघा ने हिसाब चुकता कर दिया।

DELHI PREMIER LEAGUE

तरुणा सांघा ने मैच में बराबरी के लिए दबाब बनाया लेकिन कमजोर निशानेबाजी के कारण गोल नहीं निकल पाया।

अंततः फ्रेंड्स यूनाइटेड के कप्तान और लंबी थ्रो के लिए विख्यात अभिषेक रावत ने लंबी थ्रो पर विपक्षी रक्षापंक्ति को हैरान किया। बाल रक्षक के सिर को चूमती हुई नेट में झूल गई।


### स्टीव स्मिथ का विकेट जीवन भर याद रखूंगा

एडिलेड। पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेलने उतरे वेस्टइंडीज के गेंदबाज शमर जोसेफ ने कहा है कि अपने पहले टेस्ट मैच की पहली ही गेंद पर ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के विकेट मिलने को वह जीवन भर याद रखेंगे। शमर जोसेफ टेस्ट करियर की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे और दुनिया के 23वें गेंदबाज हैं। शमर जोसेफ ने पहले दिन के खेल के बाद कहा, स्टीव स्मिथ के विकेट को मैं इसे जीवन भर याद रखूंगा। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में एक तस्वीर लूंगा और इसे अपने घर में लगाकर रखूंगा। शमर जोसेफ ने आज के मैच में न केवल गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया। उन्होंने मुश्किल घड़ी में शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए 41 गेंद पर 36 रन की बेहतरीन पारी खेलकर अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

## वेस्टइंडीज पहले दिन में 188 रन पर ढ़ेर, ऑस्ट्रेलिया दो विकेट पर 59 रन

एडिलेड। ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज को पहले दिन 188 रन पर ढ़ेर करने के बाद दो विकेट पर 59 रन बना लिये है।

आज यहां ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने संभलकर शुरुआत की है। लेकिन किर्क मैकेंजी 50 रन, आखिरी ओवरो में शमर जोसेफ के 36 रन के अलावा कोई भी बल्लबाज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के आगे टिक कर नहीं खेल सका। वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने 13 रन, ऐलेक ऐथनेज 13रन, केव होडोगे 12 रन, अल्ज़ारी जोसेफ 14 रन बनाकर आउट हुये। शमर जोसेफ ने इस मुश्किल घड़ी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 41 गेंद पर 36 रन की बेहतरीन पारी खेलकर




अपनी टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। शेफर्ड ने अपनी पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने केमार रोच के साथ आखिरी विकेट के लिए 55 रन की साझेदारी की। केमार रोच 17 रन बनाकर नाबाद रहे। पैट कमिंस और जोश हेजलवुड ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए वेस्टइंडीज को 62.1 ओवर में 188 रन पर ढेर कर दिया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से कमिंस और हेजलवुड ने 4-4 विकेट लिये। नेथन लायन और मिचेल स्टार्क ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# पाकिस्तान ने ईरान के एम्बेसडर को निकाला

## अपने राजदूत को तेहरान से बुलाया; दोनों देशों में मिलिट्री टकराव का खतरा बढ़ा

इस्लामाबाद/तेहरान। मंगलवार रात पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आतंकी संगठन जैश अल अदल के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान और ईरान के रिश्तों में जबरदस्त तनाव पैदा हो गया।

बुधवार को पाकिस्तान ने ईरान के एम्बेसडर को देश छोड़ने का फरमान जारी कर दिया। इसके अलावा तेहरान में मौजूद अपने राजदूत को भी फौरन वापस आने को कहा। हालांकि, ईरान का कोई हाईलेवल डिप्लोमैट इस वक्त पाकिस्तान में नहीं है।

ईरान मीडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक- ईरान ने अपने बॉर्डर पर फौज की तैनाती अचानक बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान की फौज आतंकियों को ढाल बनाकर ईरान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई कर सकती है। इस हमले के बाद पाकिस्तान फौज और सरकार की देश में काफी किरकिरी हो रही है।

#### एक्शन में पाकिस्तान

मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात बलूचिस्तान में इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (IRGC या



ईरानी सेना) ने मिसाइल और ड्रोन से आतंकी संगठन जैश अल अदल के ठिकानों पर हमले किए थे।

इसके कुछ घंटे बाद रात में ही पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर सख्त विरोध दर्ज कराया था। 'जियो न्यूज' के मुताबिक- इस घटना के बाद पाकिस्तान में जबरदस्त सियासी और फौजी कवायद देखी गई। रातभर मीटिंग्स का दौर चला। आर्मी चीफ आसिम मुनीर और केयरटेकर प्राइम मिनिस्टर अनवार उल हक काकड़ ने फोन पर बातचीत की। इसके बाद रावलपिंडी में आर्मी कमांडर्स की मीटिंग हुई।

बुधवार दोपहर विदेश मंत्रालयर की प्रवक्ता मुमताज जाहरा बलोच मीडिया से मुखातिब हुईं। कहा- हमने तेहरान में मौजूद अपने राजदूत से फौरन देश लौटने को कहा है। ईरान के एम्बेसडर को देश छोड़ने के लिए कह दिया गया है। हालांकि, इस वक्त ईरान के राजदूत अपने देश में ही मौजूद हैं। ईरान ने उकसाने वाली हरकत की है। हम इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं कर सकते।

मुमताज ने आगे कहा- ईरान ने इंटरनेशनल लॉ को भी तोड़ा है। हम इसके खिलाफ हमें शिकायत दर्ज करा रहे हैं। ईरान को याद रखना होगा कि पाकिस्तान के पास जवाब देने की काबिलियत और हक दोनों हैं। इसकी जिम्मेदारी ईरान सरकार की होगी। हमने ईरान के साथ चल रही हर तरह की और हर लेवल की बातचीत बंद करने का फैसला भी किया है।

#### जवाबी कार्रवाई करेगा पाकिस्तान

'जियो टीवी' ने पाकिस्तान के एक आला अफसर के हवाले से कहा- ईरान से लगने वाले सिस्तान-बलूचिस्तान बॉर्डर पर फौज की तैनाती बढ़ाई जा रही है। किसी भी कार्रवाई को अंजाम देने का फैसला फौज और सरकार को मिलकर करना है। पाकिस्तान में अगले महीने 8 तारीख को जनरल इलेक्शन हैं। ऐसे में सरकार और फौज किसी भी तौर पर कमजोर दिखने का जोखिम नहीं ले सकती।

इस अफसर ने आगे कहा- फौज पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ी शान है। अब वक्त आ गया है, जब ईरान को बताया जाए कि पाकिस्तान एक एटमी ताकत है और वक्त आने पर अपने सभी कार्ड खेल सकती है। इस वक्त पाकिस्तान की अवाम और फौज के साथ सियासी पार्टियां भी एक पेज पर हैं। बहुत जल्द कुछ एक्शन पाकिस्तान की तरफ से देखने मिल सकता है।

### पाकिस्तान ने तेहरान से बुलाया अपना राजदूत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने अपने सीमा क्षेत्र में ईरान के हाल के हमलों के मद्देनजर राजधानी तेहरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का निर्णय लिया है और ईरानी सरकार को अपने फैसले से अवगत करा दिया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने मंगलवार को अपने क्षेत्र पर आतंकवादी हमलों की जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान क्षेत्र में आतंकवादी समूह जैश अल-अदल के अड्डे पर बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन से हमले किये। यह पाकिस्तानी क्षेत्र पर ईरानी सशस्त्र बलों द्वारा किया गया पहला मिसाइल हमला था। बमबारी के तुरंत बाद पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इस्लामाबाद स्थित ईरानी दूत को तलब कर 'पाकिस्तान की संप्रभुता के इस घोर उल्लंघन की कड़ी निंदा' की। मंत्रालय ने उन्हें यह चेतावनी भी दी कि ईरान को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। मंत्रालय ने एक बयान जारी कर कहा कि ईरान के हमले में दो बच्चों की मौत हो गयी और तीन लोग घायल हो गये। उसने ईरान के कृत्यों की निंदा की और तेहरान द्वारा मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से हमलों के बारे में इस्लामाबाद को कोई जानकारी नहीं देने पर चिंता जतायी। उसने कहा, हमने यह संदेश ईरानी सरकार को दे दिया है। हमने उन्हें यह सूचना भी दे दी है कि पाकिस्तान ने ईरान से अपने राजदूत को वापस बुलाने का फैसला किया है और पाकिस्तान में ईरानी राजदूत, जो वर्तमान में स्वदेश में हैं, फिलहाल वापस नहीं लौट सकेंगे।

### पाकिस्तान ने की ईरानी कार्रवाई की निंदा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने बुधवार को ईरान की ओर से अपने हवाई क्षेत्र का अकारण उल्लंघन का आरोप लगाते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की। विदेश कार्यालय (एफओ) के एक बयान के अनुसार ईरान के इस 'उल्लंघन' के कारण दो मासूम बच्चों की मौत हो गई और तीन लड़कियां घायल हो गईं। बयान में उस स्थान का उल्लेख नहीं किया गया जहां लोग हताहत हुए। पर, ईरानी राज्य मीडिया ने कहा कि हमला बलूचिस्तान के सीमावर्ती शहर पंजगुर में हुआ। ईरान की तस्नीम समाचार एजेंसी ने कहा कि इस ऑपरेशन का केंद्र बिंदु बलूचिस्तान में कौह-सब्ज के नाम से जाना जाने वाला क्षेत्र था। तस्नीम समाचार एजेंसी ने कहा, पाकिस्तान में जैश अल-धुल्म (जैश अल-अदल) आतंकवादी समूह के दो प्रमुख गढ़ों को विशेष रूप से मिसाइल और ड्रोन हमलों के संयोजन से लक्षित और सफलतापूर्वक ध्वस्त कर दिया गया। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि उन्हें भी इस तरह के हमले की जानकारी मिली है लेकिन इसके बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं है। क्षेत्र से प्राप्त रिपोर्टों से पता चला है कि एक मिसाइल ने एक मस्जिद को निशाना बनाया जिससे मस्जिद आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गई और कुछ लोग घायल हो गए।

### ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र में शिकायत दर्ज

बगदाद। इराकी विदेश मंत्रालय ने कुर्दिस्तान के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी इरबिल पर मिसाइल हमले के बाद बुधवार को संयुक्त राष्ट्र (यूएन) और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ईरान के खिलाफ एक आधिकारिक शिकायत दर्ज करायी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में इराक के स्थायी मिशन के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र के महासचिव और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष दोनों को दो समान पत्रों में शिकायत दर्ज की है। बयान के अनुसार, मंत्रालय के पत्रों में इस बात पर जोर दिया गया आक्रामकता को इराक की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और इराकी लोगों की सुरक्षा का घोर उल्लंघन माना जाता है। इराकी प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने इरबिल पर ईरानी मिसाइल हमले की आक्रामक कार्रवाई के रूप में मंगलवार को निंदा की, जो मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर कर देगा। इससे पहले मंगलवार को, ईरान के इस्लामिक रेवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा था कि उसने हाल ही में ईरान विरोधी 'आतंकवादी' हमले की प्रतिक्रिया के रूप में क्रमशः सीरिया के साथ-साथ इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में 'आतंकवादियों' और इज़राइल की खुफिया सेवा मोसाद के ठिकानों के खिलाफ बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया।

## थाईलैंड की पटाखा फैक्ट्री में धमाका

### 20 लोगों के मारे जाने की खबर, तादाद बढ़ने की आशंका; पुलिस ने कहा- वजह साफ नहीं

बैंकॉक। थाईलैंड में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट हुआ। अब तक 20 लोगों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है। पुलिस के मुताबिक- मरने वालों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि फैक्ट्री के कई हिस्सों में लगी आग को बुझाया नहीं जा सका है। इसके लिए सेना की मदद ली जा रही है। हालांकि, अब तक यह साफ नहीं है कि यह धमाका किस वजह से हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक- फैक्ट्री में लाइट की वायरिंग काफी पुरानी थी। मुमकिन है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से ब्लास्ट हुआ हो।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक- घटना सुपहान प्रॉविन्स में हुई। यह बैंकॉक से 120 किलोमीटर दूर



कोस्टल एरिया है। यहां कई पटाखा फैक्ट्रीज हैं। इनमें से ज्यादातर काफी पुरानी हैं। यह घनी आबादी वाला इलाका है और आसपास के लोग ही इन फैक्ट्रीज में काम करते हैं।

बुधवार को धमाके के वक्त फैक्ट्री में काफी कर्मचारी मौजूद थे। इसलिए माना जा रहा है कि मरने वालों का आंकड़ा काफी ज्यादा हो सकता है। ज्यादातर घायलों की हालत गंभीर बताई गई है। हालांकि, पुलिस ने ये नहीं बताया कि कुल कितने कर्मचारी फैक्ट्री में थे और कितने झुलसे हुए लोगों को अस्पताल भेजा गया है। प्रधानमंत्री को इस मामले की जानकारी दे दी गई है। पुलिस चीफ थीरापोज रेवांगन ने कहा- मेरी यहां के गवर्नर से बात हुई है।

### वियतनाम में विस्फोट में तीन गोताखोर लापता

हनोई। वियतनाम की मेकांग नदी डेल्टा प्रांत का माउ में बुधवार की सुबह कुआ लोन नदी में हुए एक जबरदस्त धमाके के बाद तीन गोताखोर लापता हो गये। वियतनाम समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट की सूचना सुबह करीब 9: 30 बजे दी गई। तीनों पीड़ित का माउ प्रांत के नाम कैन जिले के रहने वाले थे, उनकी पहचान गोताखोरों के रूप में की गई है जो स्क्रैप की तलाश कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों को विस्फोट के आसपास पेड़ की शाखाओं पर मानव शरीर के कई हिस्से मिले। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि वे बुधवार अपराह्न तक, विस्फोट के स्थान और उसके कारण का पता नहीं लगा पाए हैं, क्योंकि यह नदी पर हुआ था।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# हर दुकान-हर मकान, गूंज रहा केवल 'जय श्रीराम-सीताराम'

## गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप सज रही रामनगरी

अयोध्या। अध्यात्म से परिपूर्ण रामनगरी में पौष मास, शुक्ल पक्ष षष्ठी तिथि से श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ हो गया। इस अयोध्या की हर दुकान, हर मकान, हर सड़क, हर रास्ते पर सिर्फ जय श्रीराम की आध्यात्मिक अनुभूति महसूस की जा रही है तो विरासत और आधुनिकता का समावेश बैठाती नव्य अयोध्या भी दिख रही है। एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में राममय हुई आधुनिक अयोध्या त्रेतायुगीन वैभव सी सजने लगी है तो वहीं रामपथ की दुकानों पर फहरा रही राम पताका बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। महज पांच दिन और शेष, जब श्रीरामलला अपने दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो यकीनन दृश्य बेहद भव्य होगा। यह सोच कर ही रामभक्तों का रोम-रोम पुलकित हो उठ रहा है। यहां तक की विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल पर भी राम की पताका फहरा रही है।

### अयोध्या में दिख रही दीपावली सी रौनक

जैसे दीपावली के पहले रंगते-पुतते घरों की साज-सज्जा समेटी जाती है, अयोध्या के लिए भी समय कम और काम बहुत अधिक है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में 5 दिन शेष हैं। सरयू के तटों पर मकर संक्रांति की रौनक ने जैसे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का मंगलाचरण कर दिया है। यहां घाटों पर श्रीराम की स्तुतियां, भजन और मंदिर निर्माण के लिए हुए अथक संघर्ष के विजय गीत गूंज रहे हैं। रामघाट से अयोध्या में प्रवेश करते समय दिख रही रौनक दीवाली सी अनुभूति भी करा रही है। अयोध्या अब सजने लगी है, अयोध्या के राजा भारत है आपका- महलों में आओ, स्वागत है आपका आदि गीत श्रद्धालुओं के रोम-रोम को पुलकित कर रहे थे।




### विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल पर भी राम की पताका

विरासत और आधुनिकता का समावेश बैठाती नव्य अयोध्या में विंटेज आर्टिस्टिकली क्राफ्टेड स्ट्रीट लाइट लैंप पोल लगाया जा रहा है। यह देखने में आकर्षक तो है ही, इस पर भी श्रीराम का धनुष बाण अलग ही सौंदर्य बयां कर रहा। सज रही आधुनिक अयोध्या में इस लैम्प तक पर धनुष बाण और राम पताका फहर रही है, जो खुद ही बरबस ध्यानाकृष्ट कर रही है।

### दुकानों के शटर पर भी बस राम का नाम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जब रामनगरी को सजाने की पहल शुरू की तो ही उनके जेहन में था कि रामनगरी अब त्रेतायुगीन वैभव का अहसास कराए। ऐसे में, छोटी से छोटी चीजों का ध्यान रखा गया। रोड चौड़ीकरण के उपरांत जब नए सिरे से दुकानें सजाई गईं तो उसके शटर पर भी राम-जयश्रीराम और ध्वजा की आकृति बनाई गई। उस वक्त तो यह सिर्फ पेंटिंग ही रही पर जब योगी आदित्यनाथ की इस परिकल्पना को बाहर से आए लोगों ने देखा तो इस पहल के कायल हो गए और उनके मुख से यही निकला कि योगी आदित्यनाथ ने आधुनिक अयोध्या की दीवारों तक को राम नाम में रंग दिया है।

### दीवारों के पत्थर और घरों के दरवाजों पर भी 'जयश्रीराम'

यहां जीर्णोद्धार किए जा रहे मकान-दुकान और मंदिरों पर लगाए जाने वाले पत्थरों पर भी जय श्रीराम की गूंज है। हनुमानगढ़ी से पहले सब्जी मंडी के समीप सप्तसागर कॉलोनी के पास के मकान हों या तुलसी उद्यान के पीछे की कॉलोनी, यहां पर भी लगाए गए दरवाजे रामनाम से अतिथि देवो भव के रूप में स्वागत कर रहे हैं। किसी मकान के दरवाजे पर श्रीराम तो किसी पर गजानन महराज की फोटो लगी है। रामनगरी में ठहरने वालों के लिए बनाए गए होम स्टे-गेस्ट हाउस आदि पर इसी आकृति से आगन्तुकों का स्वागत हो रहा है।

### दीवारों का एक सा रंग और केसरिया पताका देख श्रद्धालु बोले-जयश्रीराम

मकर संक्रांति पर स्नान करने आईं बस्ती की मनोरमा हों या गोरखपुर की गीता। देवरिया से आए रामप्रसाद भी सरयू स्नान के पश्चात मंदिर दर्शन करने जा रहे थे। काफी वर्षों बाद यहां आए रामप्रसाद रामपथ पर दीवारों का एक सा रंग देख अनुभूति कर रहे हैं कि त्रेतायुगीन अयोध्या ऐसी ही रही होगी। इन रास्तों पर सजी दुकानों पर फहरा रही केसरिया पताका देख श्रद्धालु भी जयश्रीराम का उद्घोष कर रहे थे।

# सांसद ने हरी झण्डी दिखाकर गोरखपुर शालीमार एक्सप्रेस का सलेमपुर स्टेशन पर ठहराव का किया शुभारंभ

वाराणसी ।(पीएमए) सलेमपुर के यात्री जनता की माँग एवं यात्रियों की सुविधा हेतु रेल प्रशासन द्वारा सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर गाड़ी सं0 15021/15022 गोरखपुर-शालीमार-गोरखपुर शालीमार एक्सप्रेस का प्रायोगिक ठहराव का शुभारम्भ वाराणसी ङ्क भटनी रेल खण्ड पर पड़ने वाले सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर दो मिनट का प्रयोगिक ठहराव प्रदान किया जा रहा है ।

इसी क्रम में 17 जनवरी,2024 को सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह से सलेमपुर के माननीय सांसद श्री रविन्दर कुशवाहा द्वारा गाड़ी 15021 शालीमार -गोरखपुर एक्सप्रेस को 14ः53 बजे हरी झण्डी दिखाकर इस गाड़ी के ठहराव का शुभारंभ किया गया ।इस अवसर पर माननीया राज्य मंत्री ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, सम्मानित जन प्रतिनिधी एवं स्थानीय जनता उपस्थित थी ।



कार्यक्रम को संबोधित कर रहे सांसद रविन्दर कुशवाहा ने कहा कि 15021/15022 गोरखपुर-शालीमार-गोरखपुर शालीमार एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं011038/11037 गोरखपुर - पुणे-गोरखपुर पुणे एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर नहीं होने से सलेमपुर समेत आस-पास के जिले के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था ।इस कारण इन ट्रेनों का ठहराव सलेमपुर स्टेशन पर दिया जाना आवश्यक था ।उन्होंने कहा कि मेरा हमेशा से प्रयास रहता है कि आम जनता को अधिकांश सुविधा मिल सकें जिसके परिणामस्वरूप सलेमपुर,बेल्थरा रोड एवं भटनी स्टेशनों पर कई गाड़ियों को ठहराव दिलाया गया है । भाजपा सरकार रेल,सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा के हाथों में आज हमारा राष्ट्र सुरक्षित एवं संरक्षित ही नहीं है, बल्कि विकास के नए कीर्तिमान भी स्थापित कर रहा है।

माननीय सांसद ने अपने संबोधन में बताया कि वाराणसी मंडल कुछ ही वर्षो में पूर्ण से दोहरीकृत एवं विधितकरण हो जायगी। आज सलेमपुर स्टेशन हर हर जगह की गाड़ियां उपलब्ध हो गई है ।रेलवे 10 साल पहले में और आज के समय में क्या अंतर आया है इसे आप सलेमपुर स्टेशन के बदले स्वरूप को देखकर समझ सकते है। माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत सलेमपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का काम हो रहा है जिसमें बहुत सारे प्रोजेक्ट शामिल हैं, लगभग 25 करोड रुपए की लागत से सालेपुर रेलवे स्टेशन का विकास ।उन्होंने यह भी बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एक संदेश में कहा गया था कि जब पूरे भारतीय रेलवे में दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का काम पूरा हो जायेगा तो हर रुट पर अनेको नई गाड़ियां चलेगी और यात्रियों को सीट के लिए परेशानी नहीं होगी ।

इसके पूर्व माननीय सांसद श्री रविन्दर कुशवाहा जी का हार्दिक स्वागत करते अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) श्री राजेश कुमार सिंह ने माननीय सांसद को अपना बहुमूल्य समय निकाल कर सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर 15021/15022 गोरखपुर-शालीमार-गोरखपुर शालीमार एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारम्भ करने का हमारा अनुरोध स्वीकार किया है तथा आज हमारे बीच इस समारोह में उपस्थित हुए हैं।

मैं माननीया राज्य मंत्री ग्राम्य विकास तथा ग्रामीण अभियंत्रण श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम तथा इस समारोह में उपस्थित सभी माननीय अतिथियों एवं सम्मानित जन प्रतिनिधियों का भी स्वागत करता हूँ ।

पूर्वोत्तर रेलवे का वाराणसी मंडल यात्री प्रधान मंडल है जो अपने यात्रियों को उन्नत सुख सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु लगातार प्रयासरत है । इसके लिए सलेमपुर रेलवे पर विभिन्न विकास कार्य कराए गये हैं ।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन

आजमगढ़। (पीएमए) शासन के निर्देश के क्रम में प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने एवं इस दिशा में नागरिकों को उपलब्ध लाभों और विभिन्न सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाये जाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन दिनांक 24 नवम्बर से किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खण्ड सठियांव के ग्राम पंचायत बिन्दमठिया, चिवटही, चकिया व मुइनाबाद, महराजगंज के ग्राम पंचायत बछुआपार व कप्तानगंज, बिलरियागंज के ग्राम पंचायत धरसन व देवड़ा दामोदरपुर, मेंहनगर के ग्राम पंचायत जगदीशपुर व रायपुरपट्टी, जहानागंज के ग्राम पंचायत गोधौरा व मोहिउद्दीनपुर, तहबरपुर के ग्राम पंचायत मानिकहुसेनपुर व नैपुरा, मिर्जापुर के ग्राम पंचायत ओहदपुर व रसूलपुर बरवां, अहिरौला के ग्राम पंचायत ग0प0अजगरा व गोपालीपट्टी, मुहम्मदपुर के ग्राम पंचायत परशुरामपुर व अरारा, तरवां के ग्राम पंचायत तितिरा व बिरनैया, लालगंज के ग्राम पंचायत राजादेवलपुर व चौकीनसरतपुर, पल्हनी के ग्राम पंचायत मोजरापुर, शेखपूरा, पगरा व पठखौली, कोयलसा के ग्राम पंचायत जलालपुर व कुशहा गोंसाई में वैन भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसी के साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में कैम्प लगाकर विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया तथा विकसित भारत बनाने का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। इसी के साथ ही लाभार्थियों द्वारा सफलता की कहानी भी सुनाई गयी।

इसी क्रम में दिनांक 18 जनवरी 2024 को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के अंतर्गत विकास खंड साठियाँव के ग्राम पंचायत सोनपार, बैठौली, प्यारेपुर व गोछा, बिलरियागंज के ग्राम पंचायत मंदूरी, देवा बिन्दवल व गौरीनरायनपुर, मेहनगर के ग्राम पंचायत कटता व गहुनी, कोयलसा के ग्राम पंचायत मोलनापुरनत्थनपट्टी व बौढ़िया में वैन भ्रमण कार्यक्रम/कैम्प के माध्यम से लोगों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक एवं लाभान्वित किया जायेगा।

# किसी पार्टी के पक्ष एवं विपक्ष में न बोलने की सलाह

गाजीपुर। (पीएमए) आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु वल्नरेबिलिटी के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह की अध्यक्षता मे डिस्ट्रिक्ट लेवर मास्टर टेनर के माध्यम से सेक्टर मजिस्ट्रेटो की बैठक जिला पंचायत सभागार मे सम्पन्न हुई। बैठक मे उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट को अपने पदीय दायित्व को बहुत गम्भीरता एवं सजगता से लेते हुए कार्य करने का निर्देश दिया तथा छोटी से छोटी बात को भी गम्भीरता से लेने को कहा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी पार्टी के लिए पक्ष या विपक्ष मे नही बोलना है ना ही कोई कमेन्ट करना है।

सामने वाले को यह महसूस होना चाहिए कि आप निष्पक्ष कार्य कर रहे है। लॉ एवं आर्डर का पालन अवश्य करना है इसी हेतु आपको मजिस्ट्रेट का पावर दिया गया है। सभी अधिकारी पहले से ही अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर लें जिससे वहां पहुचने मे आपको कोई कठिनाई ना हो। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटो को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के वी0एल0ओ0 के नाम व मोबाइल नं0 अवश्य रखे जिससे आवश्यकता पड़ने पर उसका सदुपयोग हो सके।

पूरे निर्वाचन की प्रक्रिया मे सेक्टर मजिस्ट्रेट का महत्वपूर्ण कार्य होता है। निर्वाचन प्रकिया को सम्पादित करने हेतु निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न हो इस हेतु आप का पद सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। कोई ऐसी भाषा का प्रयोग नही करेगे जिससे आपकी निष्पक्षता उजागर हो। भारत निर्वाचन आयोग के सभी आदेशो का शत प्रतिशत पालन करते हुए कार्य करें।

# बाल आयोग की सदस्या अनीता अग्रवाल ने जाना बच्चो का हाल

वाराणसी। (पीएमए) उत्तर प्रदेश राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य अनीता अग्रवाल ने बुधवार को जिला महिला चिकित्सालय का लगभग 2 घंटे तक निरीक्षण किया। उनके साथ संरक्षण अधिकारी निरुपमा सिंह मौजूद रहीं।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल के हर विभाग की व्यवस्था देखी। एसएनसीयू में भर्ती नवजात शिशु के देखभाल की व्यवस्था देखी और वहां पर मौजूद बाल रोग चिकित्सक डॉ. डी.वी. सिंह एवं डॉ.संजय मोहन गुप्ता से जानकारी ली और दिये जा रहे इलाज व साफ-सफाई पर संतोष जताया और एमएनसीयू की भी तारीफ की। इसके पश्चात उन्होंने अल्ट्रासाउंड कक्ष, ओ.टी., सर्जिकल वार्ड, आयुष्मान वार्ड एवं लेबर रूम का भी निरीक्षण किया एवं व्यवस्था से संतुष्ट दिखीं। कुछ मरीजों से भी अस्पताल में मिल रही सुविधाओं, जैसे की इलाज, भोजन, स्टाफ के व्यवहार व अन्य सभी बिंदुओं पर जानकारी भी ली और सभी मरीजों ने भी व्यवस्था पर संतोष जताई।तत्पश्चात उन्होंने डॉक्टर्स के राउंड, ड्यूटी पर समय से उपस्थिति इत्यादि के बारे में जानकारी ली।

अस्पताल में स्थित जन औषधि केंद्र का भी हाल जाना और हेल्प डेस्क, रजिस्ट्रेशन काउंटर, ओपीडी, पैथोलॉजी एवं आयुष्मान केंद्र का भी निरीक्षण उनके द्वारा किया गया। अस्पताल में बनाए गए एंबुलेंस कॉरिडोर एवं बहुत ही स्वच्छ कैंपस की भूरि-भूरि प्रशंसा की और अस्पताल में हो रहे उच्च स्तरीय इलाज व अनुशासन की भी तारीफ की। रैन बसेरा में सफाई, अलाव की व्यवस्था और सभी वार्ड में भी हीटर और कंबल की अच्छी व्यस्था देख, संतोष जताया। पीने का पानी, शौचालय, ऑक्सीजन प्लांट, जनरेटर इत्यादि, अस्पताल की हर क्षेत्र में उत्तम व्यवस्था व रखरखाव के लिए अति प्रसन्नता व्यक्त की व भविष्य में भी अच्छा कार्य करते रहने की सभी डॉक्टर्स और स्टाफ को हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान मरीजों द्वारा दिया गया फीडबैक भी अच्छा था। निरीक्षण के दौरान जिला महिला अस्पताल की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षिका डॉ.मनीषा सिंह सेंगर, एडिशनल सीएमओ, डॉ.एस एस कनौजिया एवं अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ.अलका सिंह, डॉ.संजीव वर्मा, डॉ.राजेश्वर नारायण सिंह व मैट्रन सुषमा सिंह, सिस्टर दीपिका दयाल, प्रधान सहायक, जोगेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

जिला महिला चिकित्सालय निरीक्षण के पश्चात आयोग की सदस्य रामनगर स्थित बाल सुधार गृह तथा बाल गृह पहुंची। सबसे पहले उन्होंने राजकीय बाल गृह बालक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्था के प्रभारी अधीक्षक सौरभ मौर्य तथा अन्य स्टाफ उपस्थित रहे। संस्था में 100 के सापेक्ष 27 बच्चे आवासित पाए गए। जिसमें से 10 बच्चे मानसिक मंदित तथा मूकबधिर श्रेणी के थे आयोग की सदस्य द्वारा इन बच्चों को सामान्य बच्चों से अलग रखने हेतु निर्देश दिए गए। संरक्षण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य विकास अधिकारी तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में संस्था तथा जिला बाल संरक्षण इकाई के स्टाफ द्वारा बच्चो की नियमित काउंसलिंग कर सबका पता ज्ञात कर उन सभी बच्चो को घर भेजने की कार्यवाही की गई है। जिनका पता ज्ञात हो गया और वो घर जाना चाहते थे पर घर वाले बच्चो को लेने नही आ रहे थे। विगत दो वर्षो में बाल कल्याण समिति के आदेश से 2142 बच्चो का गृह पुनर्वासन हुआ है। आयोग की सदस्या द्वारा इस कार्य हेतु काफी प्रशंसा की गई। बाल सुधार गृह में निरीक्षण के दौरान सहायक अधीक्षक संजय मिश्रा तथा संस्था के अन्य कार्मिक उपस्थित रहे। यहां पर 75 की क्षमता के सापेक्ष 108 बच्चे निरुद्ध पाए गए। आयोग की सदस्य द्वारा जो बच्चे चोरी के केस में निरुद्ध हैं तथा जिनके पास अधिवक्ता नही है, इस तरह के बच्चो की प्रभावी पैरवी कर किशोर न्याय बोर्ड के माध्यम से उन्हे मुक्त कराने हेतु निर्देश दिया गया। इसके बाद लहुराबीर स्थित रानी राम कुमारी वनिता विश्राम काशी अनाथालय पहुंची।

# पंजाब की सभी 13 संसदीय सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगी 'आप'

चंडीगढ़ ।(पीएमए) कांग्रेस और आप में सीट बंटवारे पर बातचीत के बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को कहा कि पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 13 संसदीय सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

पंजाब में इतिहास रचा जाएगा क्योंकि आप सभी 13 सीटें जीतेगी। यह राज्य सरकार की जन-समर्थक नीतियों के पक्ष में फैसला होगा और लोग पंजाब विरोधी रुख के लिए विपक्ष को बुरी तरह नकार देंगे।

मान ने स्पष्ट रूप से कहा कि आप पंजाब में अकेले चुनाव लड़ेगी।

इंडिया ब्लॉक- 26 विपक्षी दलों का गठबंधन, जिसका लक्ष्य भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से मुकाबला करना है, वर्तमान में सीट बंटवारे पर बातचीत में लगा है।

आप भी एक घटक दल है और उनका वरिष्ठ नेतृत्व फिलहाल पंजाब और दिल्ली में सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए कांग्रेस के साथ बातचीत कर रहा है।

दिलचस्प बात यह है कि आप और कांग्रेस ने इस सप्ताह चंडीगढ़ में 18 जनवरी को मेयर पद के लिए सहयोगी के रूप में चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन किया है।

आप उम्मीदवार कुलदीप कुमार टीटा मेयर पद के लिए चुनाव लड़ेंगे, जबकि कांग्रेस के गुरप्रीत सिंह गैबी और निर्मला देवी क्रमश: वरिष्ठ डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नून की गणतंत्र दिवस पर उनकी और डीजीपी गौरव यादव की हत्या की धमकी पर प्रतिक्रिया देते हुए मान ने कहा कि वह राज्य की शांति, प्रगति और समृद्धि के संरक्षक हैं और ऐसी मध्यस्थता उन्हें इस नेक काम से नहीं रोक सकती।

मुख्यमंत्री ने कहा, इस तरह की धमकियां पंजाब विरोधी ताकतों के नापाक मंसूबों को नाकाम करने के लिए राज्य द्वारा अपनाई गई जीरो-टॉलरेंस पॉलिसी का स्वाभाविक परिणाम हैं।

उन्होंने कहा कि ये लोग कड़ी मेहनत से हासिल की गई शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन उनकी सरकार इन ताकतों को उनके नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा, पंजाब एक सीमावर्ती राज्य है और राज्य के भीतर और बाहर दोनों तरफ से ऐसी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हम धमकियों के आगे न झुककर इसका बहादुरी से सामना करेंगे।

## गोरखपुर - बांद्रा टर्मिनस एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचलन 21 जनवरी को समयसारिणी के अनुसार किया जायेगा

गोरखपुर। (पीएमए) रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 05029 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एकल यात्रा विशेष गाड़ी का संचलन 21 जनवरी,2024 को निम्नवत किया जायेगा। 05029 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस एकल यात्रा विशेष गाड़ी 21 जनवरी,2024 को गोरखपुर से 13.20 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 14.16 बजे, बस्ती से 14.45 बजे, मनकापुर से 15.56 बजे, गोण्डा से 16.35 बजे, बुढ़वल से 17.45 बजे, बाराबंकी से 18.21 बजे, बादशाहनगर से 19.20 बजे, ऐशबाग से 20.50 बजे, कानपुर सेण्ट्रल से 22.35 बजे, दूसरे दिन टुण्डला से 03.00 बजे, आगरा फोर्ट से 04.10 बजे, गंगापुर सिटी से 08.10 बजे, कोटा से 10.50 बजे, रतलाम से 16.40 बजे, दाहौद से 18.19 बजे, वड़ोदरा से 20.55 बजे, सूरत से 23.15 बजे, तीसरे दिन वापी से 00.59 बजे तथा बोरीवली से 03.40 बजे छूटकर बांद्रा टर्मिनस 04.35 बजे पहुंचेगी ।इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 20 तथा जी.एस.एल.आर.डी. के 01 कोच सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे ।

# शार्ट न्यूज

## चरित्र प्रमाण पत्र जारी करने में चन्दौली चतुर्थ स्थान पर

चंदौली ।(पीएमए)चन्दौली के युवाओं व जनता ने चरित्र प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दिसम्बर माह में आवेदन किए थे ।आपको बताते चले की आवेदन करने वाले लगभग सभी युवाओं व जनता को विभिन्न कार्यो व नौकरीपेशा के लिए चरित्र प्रमाणपत्र की आवश्यकता थी। पुलिस द्वारा शासन स्तर से तय तारीख के अन्दर ही तीव्रता से काम किया गया ।जिसकी वजह से 07 दिन के भीतर ही चरित्र प्रमाण जारी कर दिया गया। जिसके चलते प्रदेश में चन्दौली चतुर्थ स्थान पर रहा। वहीं इस संबंध में डा. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक चन्दौली ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से चरित्र प्रमाण पत्र बनने का समय 15 दिन है लेकिन हमारी टीम ने 24-24 घंटें काम करते हुए फीडिंग की ।जिसके चलते पंद्रह दिन के बजाये 7 दिन में ही प्रमाण पत्र बनाकर जारी किए गए है। डा. अनिल कुमार पुलिस अधीक्षक चन्दौली ने सीसीटीएनएस टीम के कार्यशैली की सराहना की है।

## बरामद लैपटॉप यात्री को किया गया सुपुर्द

गोरखपुर। (पीएमए)रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा एवं अवैध सामानों की धर-पकड़ सहित यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने का निरन्तर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में, 13 जनवरी, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल देवरिया को निगरानी के क्रम में प्लेटफार्म संख्या-02 से यात्री सामानों की चोरी करने वाले एक व्यक्ति को यात्री का चोरी किया हुआ 02 मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। 12 जनवरी, 2024 को अपराध आसूचना शाखा एवं रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर द्वारा रेलवे आरक्षण केन्द्र, गोरखपुर से अवैध आरक्षित टिकटों के कारोबार में संलिप्त एक व्यक्ति को एक टिकट व एक आरक्षण माँग पत्र के साथ गिरफ्तार किया गया। 13 जनवरी, 2024 को रेलवे सुरक्षा बल, कासगंज को प्लेटफार्म संख्या-01 पर 18 वर्ष की एक युवती डरी सहमी हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त युवती को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। 13 जनवरी, 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, बस्ती द्वारा गाड़ी संख्या-22537 से यात्री का छूटा सामान बरामद किया गया। यात्री के उपस्थित होने पर सामान को उसे सुपुर्द किया गया। 13 जनवरी, 2024 को मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष, लखनऊ से प्राप्त सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल, सीतापुर द्वारा गाड़ी संख्या-15530 से यात्री का छूटा एक बैग बरामद किया गया।

## भजन कीर्तन न रामकथा का आयोजन किया

गाजीपुर। (पीएमए) अयोध्या में राम मंदिर में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरा जनपद राम मय हो गया है। रामोत्सव-2024 को सभी प्रमुख मंदिरो में भजन कीर्तन व रामायण पाठ पूरे भव्यता से मनाया जा रहा है। इसी क्रम में संस्कृति विभाग के सहयोग से सूचना विभाग के पंजीकृत कलाकारो ने अपने आवाज के जादू से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। जनपद में प्रमुख देव मंदिरों, श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिर तथा वाल्मीकि मंदिरों में रामकथा, रामायण पाठ, भजन-कीर्तन आदि कार्यक्रम कराए जा रहे है। इस क्रम में जनपद के तहसीलवार चयनित मंदिरों में सूचना विभाग तथा संस्कृति विभाग के पंजीकृत कलाकारों द्वारा मंगलवार को जखनिया क्षेत्र के बरेसर में सीताराम मंदिर के साथ ही रेवतीपुर आदि मंदिरों में सांस्कृतिक संध्या पर भजन कीर्तन रामकथा आदि कार्यक्रम किया गया। इस श्रृंखला में जिला प्रशासन द्वारा समस्त मंदिरो की प्रतिदिन साफ-सफाई के साथ ही सजावट का काम किया गया। सभी राम मंदिर, हनुमान मंदिर एवं वाल्मीकि मंदिरों में कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने एवं दैनिक रूप से संपादित हो रहे कार्यक्रमों के फोटोग्राफ व्हाट्सएप ग्रुप प्रतिदिन की प्रभारी जिला पर्यटन अधिकारी के मोबाईल नम्बर पर भेजी जाय।

## सुहागरात पर पति की हैवानियत देख डरी पत्नी... रो-रो कर सुनाई आपबीती

ग्वालियर। (पीएमए)मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक लड़की के साथ उसके पति द्वारा ही हैवानियत का मामला सामने आया है। ग्वालियर के सिरोल इलाके की रहने वाली विवाहित महिला ने थाने पहुंच अपने पति की क्रूरता बयां की। 16 जनवरी को पुलिस की शिकायत करने पहुंची महिला ने बताया कि करीब 8 महीने पहले उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद सुहागरात को उसका पति ने नशे में धुत होकर उसके साथ हैवानियत की। इतना ही नहीं जबरन उसके साथ अप्राकृतिक संबंध बनाएय, और उसे प्रताड़ित करता रहा। पीड़िता पूरी रात रोती रही, लेकिन पति को दया नहीं आई। कई बार समझाने के बाद भी जब उसका पति नहीं माना, तो वो अपने मायके चली गई और इसके बाद नशेड़ी पति ससुराल वालों के साथ बदतमीजी की। इससे परेशान होकर वो थाने पहुंच गई। उसने पुलिस को अपनी आपबीती बताई और पति के खिलाफ केस दर्ज करने के लिए आग्रह किया। पुलिस ने उसकी तहरीर के आधार पर आईपीसी की धारा 498 और 377 के तहत केस दर्ज कर लिया है. पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज करके आरोपी पति को थाने बुला पूछताछ की हालांरि पीड़िता अब तलाक लेना चाहती है।

## प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी समेत 6जिलों से अयोध्या धाम के लिए शुरू होगी हेलीकॉप्टर सेवा

अयोध्या। (पीएमए) उत्तर प्रदेश सरकार राम भक्तों और पयर्टकों को हेलीकॉप्टर से अयोध्या धाम के दर्शन कराएगी। सरकार प्रदेश के छह जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा उपलब्ध कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत लखनऊ से करेंगे। सरकार की ओर से प्रदेश के छह जिलों से शुरू होने वाली हेलीकॉप्टर सेवा प्रदाता ऑपरेटर का चयन किया गया है, जो ऑपरेशनल मॉडल पर हेली सर्विसेज सेवायें प्रदान करेगा। राम भक्तों और पर्यटकों को हेलीकॉप्टर सेवा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों से भी सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी और राम मंदिर के हवाई दर्शन भी कराएगी। इसकी जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को दी गई है। इस सुविधा के लिए श्रद्धालुओं को पहले से बुकिंग करानी होगी। प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी ने राम भक्तों को हेलीकॉप्टर सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये थे। इसी के तहत प्रदेश के 6 जिलों से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की जा रही है। यह सुविधा भक्तों और पर्यटकों को ऑपरेटर मॉडल पर उपलब्ध करायी जाएगी। इसके अलावा राम भक्तों को राम मंदिर एरियल दर्शन भी कराए जाएंगे। इसके लिए रामभक्त सरयू तट स्थित टूरिज्म गेस्ट हाउस के पास बने हेलीपेड से उड़ान भर सकेंगे।

## उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में टाटा समूह ने दिखायी दिलचस्पी

लखनऊ/दावोस। देश के अग्रणी औद्योगिक समूह 'टाटा' ने उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के लिये दिलचस्पी दिखायी है। स्विट्जरलैंड के दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में हिस्सा लेने गये उत्तर प्रदेश सरकार के एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को टाटा समूह के मुख्य वित्त अधिकारी सौरभ अग्रवाल के साथ बैठक की।, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सचिव अमित सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने राज्य में निवेश के असीम अवसरों पर प्रकाश डाला, जिसमें विमानन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों पर विशेष बल दिया गया। चर्चा के दौरान अग्रवाल ने इन क्षेत्रों में निवेश करने में टाटा समूह की गहरी रुचि व्यक्त की। दावोस में 2030 डब्ल्यूआरजी द्वारा एक स्पॉटलाइट इवेंट भी आयोजित किया गया, जिसका शीर्षक 'उत्तर प्रदेश कम कार्बन युक्त स्थायी कृषि हेतु एक निवेश गंतव्य' था। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के पवेलियन प्रोमेनेड 49 में आयोजित किया गया था। वैश्विक उद्योग के नेतृत्व तथा सीईओ, जैसे पॉल बुलके, अध्यक्ष, निदेशक मंडल, नेस्ले, जुर्गन वोगेले, उपाध्यक्ष, सतत विकास, विश्व बैंक, रणवीर चंद्र, प्रबंध निदेशक व सीटीओ, माइक्रोसॉफ्ट, गैबरियाला बुरियन, बेयर की रणनीतिक सहभागिता की निदेशक, जय श्रॉफ, चेयरमैन एवं ग्रुप सीईओ-यूपीएल, तथा माइकल वेबस्टर, कार्यक्रम निदेशक 2030 डब्ल्यूआरजी ने भाग लिया।